**सुविचार**
जो चीज आपको दूसरों से अलग या अनोखी बनाती है, वही आपकी ताकत है।

कुल पेज 18, मूल्य ₹ 6.00
वर्ष 19, अंक 235

देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

नई दिल्ली, बुधवार, 11 मार्च, 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष-अष्टमी, 2082 | 12 राज्य | 61 संस्करण

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 78,205.98 | ↑ | +639.82 |
| डॉलर | 91.85 | ↓ | -0.36 |

| तापमान (डिग्री सेल्सियस) | अधिकतम | न्यूनतम | आज का अनुमान (अधिकतम) |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 35.5 | 18.8 | 37.0 |
| मुंबई | 40.0 | 21.6 | 37.0 |

**पॉजिटिव न्यूज़**

## ज्वार की रोटी बनाकर आत्मनिर्भर हुईं महिलाएं



बेंगलुरु | कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के गांव विजयपुरा की महिलाएं ज्वार की रोटी बनाकर हर हफ्ते 10 हजार रुपए कमाने लगी हैं। वे पहले खेतिहर मजदूर के तौर पर बहुत कम पैसों में काम करती थीं। इसके बाद वडालू ध्वनि नामक एनजीओ से जुड़ीं। अब हर रविवार वे बेंगलुरु आती हैं और उत्तर कर्नाटक के पारंपरिक व्यंजन बनाती हैं। आज इस स्व सहायता समूह से 40 महिलाएं जुड़ी हैं। इस पहल से इन महिलाओं के आत्मविश्वास और आजादी पर गहरा असर पड़ा है। उनकी मार्केटिंग स्किल बेहतर हुई है। उनके बच्चे भी स्कूल जाने लगे हैं, जो सीमित आय के चलते पढ़ाई छोड़ देते थे।

## सुप्रीम कोर्ट में एनसीईआरटी ने बिना शर्त माफी मांगी

नई दिल्ली | नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने आठवीं की किताब में न्यायपालिका पर जोड़े गए विवादास्पद चैप्टर को लेकर 'बिना शर्त' माफी मांग ली है। संस्थान ने कोर्ट को बताया कि 8वीं की सोशल साइंस की विवादित चैप्टर वाली इस किताब को पूरी तरह से वापस ले लिया गया है और अब यह कहीं भी उपलब्ध नहीं है। कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी।

**अमेरिका Vs ईरान जंग** 11वां दिन

**सरकार की प्राथमिकताः** एलपीजी, सीएनजी, व पाइप्ड कुकिंग गैस की पूरी आपूर्ति मिलेगी

**यहां कटौतीः** कमर्शियल उपयोगकर्ताओं को मांग का 80%, उर्वरक प्लांट को 70% देंगे

# जंग का असर; एलपीजी आपूर्ति 30% घटी, एअर इंडिया टिकट ₹399 महंगा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान में जंग का भारत में महंगाई पर बड़ा असर दिखने लगा है। एक ओर जहां एलपीजी के लिए संघर्ष चल रहा है, वहीं एअर इंडिया ने गुरुवार से हवाई किराया बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। हालांकि, मंगलवार को क्रूड ऑयल की कीमतें 90 डॉलर/बैरल के आसपास आ गईं, जो सोमवार को 118 डॉलर तक उछल गई थीं। मगर युद्ध की वजह से भारत की 30% गैस आपूर्ति बाधित हुई है। भारत अपनी 19.1 करोड़ स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रतिदिन की गैस खपत का करीब आधा हिस्सा आयात से पूरा करता है। होर्मुज जलमार्ग से टैंकरों की आवाजाही ठप होने से मध्य पूर्व से आने वाली करीब 6 करोड़ स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रतिदिन गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है। इस कारण पेट्रोलियम मंत्रालय ने मंगलवार को गैस आवंटन की प्राथमिकताएं तय कर दीं। एलपीजी, सीएनजी और पाइप्ड कुकिंग गैस के लिए मांग का 100% देंगे यानी कोई कटौती नहीं। वहीं, कमर्शियल उपयोगकर्ताओं की मांग का 80% और उर्वरक इकाइयों की जरूरत का 70% आवंटन तय किया गया है। पिछले छह महीनों की औसत खपत के आधार पर इसकी मात्रा तय की जाएगी। सरकारी गैस कंपनी गेल को गैस आपूर्ति प्रबंधन का जिम्मा दिया गया।

सरकार ने कहा कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और कमर्शियल सिलेंडरों की संभावित कमी को लेकर जो चिंताएं उठाई गई थीं, उनके बाद अब आपूर्ति स्थिर हो गई है। सूत्रों ने बताया कि रिफाइनरियों ने पहले जारी निर्देशों के बाद एलपीजी उत्पादन में करीब 10% की बढ़ोतरी की है, जिससे कमी नहीं होगी।

## दिल्ली से कर्नाटक तक संकट... रेस्त्रां-होटल बंद होने के कगार पर

**मप्र; कमर्शियल सिलेंडर की कमी**
9 मार्च से कमर्शियल एलपीजी वितरण बंद है, केवल अस्पताल-स्कूलों को छूट मिली है। वितरण केंद्रों पर लंबी कतारें। स्लिप होने पर भी सिलेंडर नहीं दे रहे।

**दिल्ली-एनसीआर; मेन्यू में कटौती**
कनॉट प्लेस के व्यापारी बिजली के उपकरण खरीदने पर विचार कर रहे हैं, जिससे खाने की कीमत बढ़ सकती है। पाइप्ड गैस का दबाव 20% से घटकर 18% हो गया है। मेन्यू बदलने पड़ रहे।

**कर्नाटक; होटल-रेस्त्रां पर संकट;** 9 मार्च से IOCL, HPCL और BPCL तीनों कंपनियों की कमर्शियल एलपीजी आपूर्ति यहां अचानक बंद हो गई।

**तमिलनाडु; छोटे व्यापारी मुश्किल में**
कमर्शियल एलपीजी बंद होने से हजारों छोटे व्यापारी, आईटी कैंटीन, बैंक्वेट हॉल व पर्यटन सेवाएं प्रभावित हैं। खाने के ठेले बचे स्टॉक से काम चला रहे हैं।



बेंगलुरु का गैस डिपो।

### 80% रेस्त्रां कमर्शियल सिलेंडर पर निर्भर... पाइप्ड गैस 20% ही

- भारतीय रेस्टोरेंट उद्योग अपनी खाना पकाने की जरूरतों के लिए लगभग 80% तक कमर्शियल (19 kg या उससे बड़े) सिलेंडर पर निर्भर है।
- पाइप्ड गैस पर निर्भरता मात्र 15-20% ही है।
- इलेक्ट्रिक कुकिंग, कोयला-लकड़ी और डीजल से खाना पकाने वाले सिर्फ 5-10% रेस्त्रां ही हैं।

### घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर बढ़ी दरें कल से लागू...

भास्कर न्यूज़. नई दिल्ली | जंग के कारण जेट ईंधन की कीमतों में बड़ा उछाल आया है। एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस 12 मार्च से हर घरेलू उड़ान टिकट पर 399 रु. का फ्यूल सरचार्ज लगाएंगी। इंटरनेशनल उड़ानें भी महंगी होंगी। सरचार्ज चरणबद्ध लागू होंगे...

- पहले चरण में 12 मार्च से प्रत्येक घरेलू उड़ान टिकट पर 399 रुपये का फ्यूल सरचार्ज लगाया जाएगा। यही सरचार्ज सार्क देशों पर भी लागू होगा।
- पश्चिम एशिया की उड़ानों के लिए फ्यूल सरचार्ज 10 अमेरिकी डॉलर होगा।
- अफ्रीका उड़ानों के लिए 30 डॉलर की बढ़ोतरी कर 90 डॉलर किया जाएगा।
- दक्षिण-पूर्व एशिया सेवाओं के लिए 20 डॉलर से बढ़ाकर 60 डॉलर करेंगे।

## अमेरिका-ईरान जंग लंबी चलेगी या जल्द खत्म होगी, असमंजस क्योंकि...

**ट्रम्प ने कहा- युद्ध काफी हद तक लगभग पूरा हो चुका है, यह बहुत जल्द ही खत्म हो जाएगा**
अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा- मेरा मानना है कि युद्ध 'काफी हद तक, लगभग पूरा हो चुका है' और ईरान के नए सर्वोच्च नेता के लिए मेरे पास कोई संदेश नहीं है। मुझे उम्मीद है कि युद्ध 'बहुत जल्द' खत्म होगा।' उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने तेल आपूर्ति बाधित की तो उसे 'बहुत ज्यादा' नुकसान उठाना पड़ेगा।

**इजराइली पीएम नेतन्याहू बोले- ईरान के खिलाफ हमारा सैन्य अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है...**
इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि ईरान के खिलाफ इजरायल का सैन्य अभियान 'अभी खत्म नहीं हुआ है।' हमारी आकांक्षा है कि ईरानी जनता अत्याचार से मुक्ति पाए, पर अंततः यह उन पर निर्भर करता है। मगर इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब तक की कार्रवाइयों से हम उनकी हड्डियां तोड़ चुके हैं।

अंदर पढ़ें... ▪ ईरान की धमकी- युद्ध कब खत्म होगा, हम तय करेंगे- पेज 15 पर ▪ सेंसेक्स 640 अंक चढ़ा, एशियाई मार्केट 10% गिरे - पेज 13 पर

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

# न्यूक्लियर इमरजेंसी की तैयारी कर रहे खाड़ी देश

### चंडीगढ़ की दवा कंपनी से परमाणु आपदा में काम आने वाले 1 करोड़ कैप्सूल के बारे में जानकारी ली

आरती एम.अग्निहोत्री | चंडीगढ़

अमेरिका-ईरान जंग के बीच खाड़ी देशों ने परमाणु हमले से बचने की तैयारी शुरू कर दी है। बहरीन स्थित एक फार्मा लायजनिंग एजेंट ने चंडीगढ़ की एक दवा कंपनी से संपर्क साधा है। उसने न्यूक्लियर इमरजेंसी में काम आने वाले प्रूशियन ब्लू कैप्सूल्स को लेकर क्वेरी की है। कंपनी से पूछा गया है कि क्या वह 1 करोड़ कैप्सूल बनाने में सक्षम है? अलग-अलग आयुवर्ग की जनसंख्या के लिए कितनी डोज लेनी होती है? इस तरह के कई सवाल पूछे गए हैं।

यह दवा डीआरडीओ की तकनीक पर आधारित है और शरीर में रेडियोएक्टिव तत्वों के प्रभाव को कम करती है। कंपनी की डायरेक्टर डॉ. वैशाली अग्रवाल ने बताया कि बातचीत जारी है। अब एजेंट अपने देश के स्वास्थ्य मंत्रालय से बात कर रहा है। अगर डील फाइनल हुई तो दवाओं की यह खेप बहरीन, कुवैत, कतर और जॉर्डन में सप्लाई होगी। कंपनी का हेड ऑफिस चंडीगढ़ में है, जबकि इसकी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हिमाचल के बद्दी में है। इससे पहले, जून 2025 में भी इजराइल-ईरान संघर्ष के बाद यह मांग सामने आई थी, पर 12 दिन में युद्ध खत्म होने से बातचीत धीमी पड़ गई थी।

**भास्कर नॉलेज**

### क्या है प्रूशियन ब्लू और शरीर में किस तरह काम करती है?

- प्रूशियन ब्लू परमाणु हमले या रेडियोलॉजिकल आपदा में इस्तेमाल होने वाली दवा है। शरीर में घुसे रेडियोएक्टिव सीजियम-137 और थैलियम का असर कम करती है।
- यह कैप्सूल आंतों में इन तत्वों से बाइंड होकर उन्हें मल के जरिए शरीर से बाहर निकाल देता है।
- डब्ल्यूएचओ ने रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर इमरजेंसी की क्रिटिकल दवाओं में इसे रखा है।
- अमेरिका और यूरोप में ये पहले से बनती थी, भारत में कमर्शियल प्रोडक्शन दो साल पहले शुरू हुआ।
- अलग-अलग आयु वर्ग के लिए अलग-अलग डोज निर्धारित है।

### ऐसे तैयार किया गया कैप्सूल

- दवा डीआरडीओ लैब INMAS (इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड अलाइड साइंसेस), दिल्ली की तकनीक पर आधारित।
- डीसीजीआई ने मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग लाइसेंस भारत की दो कंपनियों को दिया। अहमदाबाद की कंपनी को रॉ मटेरियल, चंडीगढ़ की कंपनी को प्रोडक्शन की जिम्मेदारी।

### पोटेशियम आयोडाइड की भी 1.2 करोड़ टैबलेट की मांग आई

बहरीन एजेंट ने पोटेशियम आयोडाइड (केआई) पर भी पूछ-परख की। इसे लेकर भी 1.2 करोड़ टैबलेट की मांग है। केआई का उपयोग न्यूक्लियर इमरजेंसी में थायराइड ग्लैंड बचाने, हाइपरथायरायडिज्म का इलाज करने व फेफड़ों का बलगम ढीला करने के लिए किया जाता है।




**SHOWROOMS: NOIDA:** RENAULT **(SECTOR 2)** Ph: 7290041479, RENAULT **(SECTOR 63)** Ph: 7603976213. RENAULT **GHAZIABAD CITY** Ph: 9319994356. **DELHI: SOUTH DELHI:** RENAULT **BHIKAJI CAMA** Ph: 7428190235, RENAULT **MATHURA ROAD** Ph: 7428201764. **WEST DELHI:** RENAULT **MAYAPURI** Ph: 7290039351. **NORTH DELHI:** RENAULT **DELHI NORTH (AZADPUR)** Ph: 9289631442. **GURUGRAM:** RENAULT **GOLF COURSE EXTN.** Ph: 9311700637, RENAULT **SOHNA ROAD** Ph: 7428190234. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **HAPUR** Ph: 8448890314. RENAULT **BULANDSHAHR** Ph: 8448890316. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838. RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651.

**पहल** • प्रदूषण से निपटने विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाएगी सरकार

## ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव रोकने के लिए दिल्ली में ग्रीन बजट की तैयारी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले प्रदूषण संबंधी दुष्प्रभावों को रोकने के लिए दिल्ली सरकार इस बार 'ग्रीन बजट' की तैयारी में है। दिल्ली में जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण को कम करने और तेजी से हो रहे शहरीकरण के इस दौर में पर्यावरण संरक्षण को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना समय की आवश्यकता बन गया है। इसी सोच के साथ दिल्ली सरकार ग्रीन बजट की अवधारणा पर गंभीरता से मंथन कर रही है, ताकि राजधानी में विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके।

दिल्ली सरकार के सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का ग्रीन बजट को लागू करने का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार द्वारा किए जाने वाले व्यय और योजनाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास से जुड़े कार्यों पर केंद्रित हो। इस तरह की बजट व्यवस्था से यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि सरकार पर्यावरण से जुड़े क्षेत्रों में कितना निवेश कर रही है और उसके क्या परिणाम सामने आ रहे हैं। इसके लिए दिल्ली सरकार विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों, नीति निर्माताओं और विभिन्न विभागों के साथ व्यापक विचार-विमर्श कर ग्रीन बजट की अवधारणा को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए काम कर रही है।

इसके माध्यम से यह सुनिश्चित हो सके कि राजधानी में विकास की हर नई पहल पर्यावरण के अनुकूल हो और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। माना जा रहा है कि दिल्ली को स्वच्छ, हरित और टिकाऊ राजधानी बनाने के लिए ग्रीन बजट जैसी पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण को मजबूती देगी, बल्कि राजधानी को हरित विकास और सतत शहरी विकास के एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित करने में भी सहायक होगी।

### कई राज्यों में क्लाइमेट बजटिंग

दिल्ली सरकार के अधिकारियों का कहना है कि कई देशों के साथ-साथ भारत के कुछ राज्यों ने भी ग्रीन बजट या क्लाइमेट बजटिंग की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इन पहलों का उद्देश्य यह है कि बजट में पर्यावरण से संबंधित योजनाओं और परियोजनाओं को अलग से चिन्हित किया जाए, ताकि नीति निर्माण और संसाधनों के उपयोग में अधिक पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। दिल्ली सरकार भी इन मॉडलों का अध्ययन कर रही है और राजधानी के लिए उपयुक्त व्यवस्था विकसित करने पर गंभीर मंथन कर रही है।

### ईवी पॉलिसी के माध्यम से स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा

सरकार पहले से ही पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कई महत्वपूर्ण पहल कर रही है। राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहन नीति के जरिए स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अलावा रूफटॉप सोलर परियोजनाओं, हरित क्षेत्र के विस्तार, कचरा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने और जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं पर भी निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### ग्रीन बजट जैसी पहल केवल पर्यावरण संरक्षण तक नहीं

सूत्रों के अनुसार, ग्रीन बजट जैसी पहल केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक विकास के नए अवसर भी पैदा करती है। इससे स्वच्छ ऊर्जा, हरित परिवहन, अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण और हरित अवसंरचना (ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर) जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ता है, जिससे नई तकनीकों के विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं।

## नॉन-फैकल्टी कर्मियों के कैडर रिव्यू की मांग

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

एम्स-दिल्ली में नॉन-फैकल्टी कर्मचारियों के कैडर रिव्यू की मांग को लेकर मंगलवार को ऑफिसर्स एसोसिएशन ने जेएलएन सभागार के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि यह कैडर रिव्यू करीब 3 दशकों से अधिक समय से लंबित है, जिससे प्रमोशन और करियर प्रगति प्रभावित हो रही है।

एम्स ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कैडर रिव्यू किसी भी संस्थान के लिए जरूरी प्रशासनिक प्रक्रिया होती है। इससे कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति, बेहतर करियर ग्रोथ और मानव संसाधन का सही उपयोग सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा, लगातार कई वर्षों से प्रतिनिधित्व और अनुरोध करने के बावजूद नॉन-फैकल्टी कर्मचारियों का कैडर रिव्यू अब तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में निराशा है। एसोसिएशन के अनुसार इस लंबित मांग को लेकर 10 से 20 मार्च तक रोजाना लंच ब्रेक के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा।

जातिसूचक टिप्पणी व प्रशासनिक कार्यप्रणाली का विरोध

## जेएनयूः कुलपति को हटाने के लिए जनमत संग्रह में छात्रों ने डाले वोट, परिणाम आज

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में कुलपति शांति श्री धूलीपुडी के खिलाफ छात्रसंघ द्वारा बुलाए गए जनमत संग्रह में मंगलवार को बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। सुबह 10 बजे शुरू हुआ मतदान शाम 4 बजे तक चला। यह जनमत संग्रह कुलपति पर लगाए गए जातिसूचक टिप्पणी और प्रशासनिक कार्यप्रणाली से जुड़े आरोपों के विरोध में आयोजित किया गया।

जेएनयू छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) ने इस जनमत संग्रह को 'ए कास्ट्स एंड करप्ट वीसी हैज नो प्लेस इन जेएनयू' (जेएनयू में जातिवादी और भ्रष्ट वीसी के लिए कोई जगह नहीं) शीर्षक दिया है। छात्रसंघ का कहना है कि इस प्रक्रिया के जरिए विश्वविद्यालय समुदाय की राय सामने लाई जा रही है। जेएनयूएसयू अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों और केंद्रों के बाहर मतदान के लिए बूथ लगाए गए थे, जहां छात्रों ने बड़ी संख्या में वोट डाले। उन्होंने कहा कि यह जनमत संग्रह छात्रों की भावनाओं को सामने लाने का एक लोकतांत्रिक माध्यम है। अदिति मिश्रा ने कहा, यह रेफरेंडम उस कुलपति के खिलाफ है जिसे छात्र जातिवादी मानसिकता और भ्रष्ट प्रशासन का प्रतीक मानते हैं। हमें विश्वास है कि छात्र अपने मत के जरिए स्पष्ट संदेश देंगे।

### पूर्व जेएनयूटीए सदस्यों की निगरानी में मतदान

मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए इसकी निगरानी जेएनयू टीचर्स एसोसिएशन (जेएनयूटीए) के पूर्व सदस्य कर रहे हैं। छात्रसंघ के अनुसार विभिन्न स्कूलों के बाहर काउंसलरों और छात्रों को तैनात किया गया था, जो पूरी प्रक्रिया पर नजर रखे हुए थे। छात्रसंघ ने बताया कि जनमत संग्रह के परिणाम 11 मार्च को दोपहर 2 बजे प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित प्रेस वार्ता में घोषित किए जाएंगे।

### टिप्पणी को लेकर पहले भी परिसर में हुआ था विरोध

छात्रसंघ का आरोप है कि कुलपति की टिप्पणी को लेकर पहले भी परिसर में विरोध हुआ था। इस मामले में जेएनयूएसयू के पूर्व अध्यक्ष धनंजय ने नेशनल कमीशन फॉर शिड्यूल कास्ट में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी। कुलपति के इस्तीफे की मांग को लेकर शिक्षा मंत्रालय तक मार्च के दौरान करीब 50 छात्रों को हिरासत में लिया था।

## एमसीडीः सफाई और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों ने राजधानी को डस्ट-फ्री बनाने के लक्ष्य के तहत मंगलवार को कई इलाकों में औचक निरीक्षण कर सफाई और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कचरा प्रबंधन, सीएंडडी वेस्ट निस्तारण और सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त आयुक्त संजीव मित्तल ने नरेला जोन में डिप्टी कमिश्नर और संबंधित विभागाध्यक्षों के साथ सफाई-व्यवस्था की समीक्षा की। टीम ने नरेला स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक और स्वतंत्र नगर कॉलोनी के आसपास चल रही सफाई का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नजदीकी पार्कों और एमसीडी स्कूल का निरीक्षण करते हुए एमआरएस मशीन और स्प्रिंकलर के संचालन की भी जांच की। उन्होंने सफाई-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। अतिरिक्त आयुक्त सत्येंद्र सिंह दूरास्वत ने सेंट्रल जोन में डीसी शाश्वत सौरभ और अन्य अधिकारियों के साथ लोधी फ्लाईओवर से सब्ज बुर्ज तक, खासकर निजामुद्दीन बस्ती के आसपास चल रहे स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया। एमसीडी कमिश्नर संजीव खिरवार ने दक्षिणी जोन के वसंत कुंज स्थित बी-5 और बी-6 की जीरो वेस्ट सोसायटी का निरीक्षण किया।

वर्ष के अंत तक 7,500 का लक्ष्य

## दिल्ली को इस माह 200 नई ईवी बसें मिलेंगीः पंकज सिंह

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के इलेक्ट्रिक बस (ई-बस) बेड़े को मजबूती देने के लिए मार्च में 200 नई ई-बसें शामिल की जाएंगी। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि इस वर्ष के अंत तक 7,500 ई-बसों का लक्ष्य है।

डॉ. पंकज सिंह परिवहन विभाग और डीटीसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक के दौरान राजधानी दिल्ली में ई-बसों के बेड़े के विस्तार, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रमुख ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की प्रगति का रिव्यू किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि दिल्ली में अभी कुल 4 हजार से अधिक ईवी बसों का संचालन हो रहा है और इसी महीने यानी मार्च में और 200 नई ई-बसों को डीटीसी के बेड़े में शामिल किया जाएगा, जिससे दिल्ली का ईवी बस प्लीट और शहर का क्लीन मोबिलिटी नेटवर्क और ज्यादा मजबूत होगा।

परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली के 44 बस डिपो में चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध है और 36 अन्य डिपो में इसे विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली के ईवी फ्लीट को मजबूत करना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है, ताकि पर्यावरण के अनुकूल और यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

## जामियाः स्त्री चिंतन और लेखन विषय पर परिचर्चा

**नई दिल्ली** | जामिया के हिंदी विभाग ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'स्त्री चिंतन और लेखनः टूटते दायरे और बढ़ती चुनौतियां' विषय पर परिचर्चा आयोजित की। इसकी अध्यक्षता प्रो. हेमलता महिश्वर ने की। प्रो. नीरज कुमार ने महिला संघर्ष के ऐतिहासिक संदर्भों के साथ वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। साथ ही महिला शिक्षा, बाल अधिकार, पूंजीवाद और औपनिवेशिक संस्कृति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. शिमी मोनी डोले, डॉ. फिरदौस अजमत सिद्दीकी और प्रो. गोमती बोदरा हेंब्रोम ने भी विचार रखे।

**कार्यक्रम** • 'वुमन इन मेडिकल प्रोफेशन' में रखे विचार

## चिकित्सा के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायकः रेखा गुप्ता

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को 'वुमन इन मेडिकल प्रोफेशन' कार्यक्रम में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है। आज महिलाएं डॉक्टर, सर्जन, शोधकर्ता, नर्स और स्वास्थ्य विशेषज्ञ के रूप में काम कर रही हैं। वे न केवल लोगों को बेहतर इलाज दे रही हैं, बल्कि समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में भी बड़ी भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं की संवेदनशीलता, सेवा भावना और समर्पण से चिकित्सा क्षेत्र और अधिक मानवीय बनता है।

सर गंगाराम अस्पताल में आयोजित इस कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, चिकित्सा विशेषज्ञ, नर्सिंग स्टाफ और बड़ी संख्या में महिला स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।




**पढ़ना जरूरी है**
पढ़ना बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता को मजबूत करता है।
- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय

देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

नई दिल्ली, बुधवार, 11 मार्च, 2026
चैत्र, कृष्ण पक्ष-अष्टमी, 2082

12 राज्य | 61 संस्करण

## न्यूज़ ब्रीफ

### रिश्वत का अर्थ है अपराध से पैसा कमानाः बॉम्बे हाईकोर्ट

मुंबई | बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि कोई व्यक्ति रिश्वत लेता है तो वह अपराध से पैसा कमाता है। रिश्वत के मामले में वसई विरार निगम के पूर्व अधिकारी को राहत देने से इनकार करते हुए कोर्ट ने कहा, घर से बिना हिसाब नकदी, जेवर बरामद होना ईडी को यह मानने के लिए काफी आधार देते हैं कि आरोपी पहली नजर में मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी हैं।

### सीबीएसई ने कहा- 12वीं का गणित का पेपर असली

नई दिल्ली | 12वीं बोर्ड के पेपर के क्यूआर कोड से यूट्यूब वीडियो खुलने के मामले में सीबीएसई ने सफाई दी है। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, पेपर असली है। सुरक्षा से समझौता नहीं हुआ है। भविष्य में ऐसा दोबारा न हो, इसके लिए कदम उठाए जाएंगे। क्यूआर कोड पेपर के सुरक्षा फीचर में शामिल है। इसका इस्तेमाल यह जांचने में होता है कि पेपर असली है या नहीं।

### असम में 40 लाख महिलाओं को 9-9 हजार रुपए ट्रांसफर

गुवाहाटी | विधानसभा चुनाव से ठीक पहले असम सरकार ने एक ही दिन में राज्य की 40 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 9-9 हजार रुपए ट्रांसफर किए। यह राशि 3600 करोड़ रुपए होती है। 9000 रुपए में 4 महीने की अग्रिम राशि के साथ अतिरिक्त सहायता भी शामिल है। ओरुनोडोई 2020 में शुरू की गई गरीबी उन्मूलन योजना है। इसके तहत हर परिवार में एक योग्य महिला लाभार्थी को हर महीने 1,250 रुपए मिलते हैं।

### मोदी 13 मार्च को जारी करेंगे पीएम-किसान की 19वीं किस्त

नई दिल्ली | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 मार्च, शुक्रवार को पीएम किसान सम्मान निधि स्कीम के तहत 22वीं किस्त डिजिटली ट्रांसफर करेंगे। इससे 9.32 करोड़ किसानों को करीब 19,000 करोड़ रुपए मिलेंगे। फरवरी 2019 में शुरू हुई स्कीम में हर किसान को 3 किस्तों में सालाना कुल 6,000 रु. मिलते हैं। खरीफ की बुआई से पहले किसान इससे खाद, बीज आदि खरीद सकेंगे।

### आठ साल में अयोध्या में 16, काशी में 22 गुना बढ़े श्रद्धालु...

अभिनव आनंद सिंह | अयोध्या/लखनऊ

उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक शहरों में पिछले आठ वर्षों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में बड़ा उछाल दर्ज किया गया है। राज्य पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2017 की तुलना में 2025 तक अयोध्या, वाराणसी (काशी), मथुरा, प्रयागराज और चित्रकूट में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ गई है।



**श्रद्धालुओं का आंकड़ा**

| शहर | 2017 | 2025 | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| अयोध्या | 1.78 | 30 | 16.7 गुना |
| चित्रकूट | 0.71 | 3.7 | 5.1 गुना |
| मथुरा | 5.07 | 10.2 | 2 गुना |
| प्रयागराज | 4.2 | 6.9 | 1.6 गुना |
| वाराणसी | 0.77 | 17.3 | 22.4 गुना |

नोटः श्रद्धालुओं की संख्या करोड़ में

**कैबिनेट** • जल जीवन मिशन 2028 तक बढ़ा, बजट 1.51 लाख करोड़ रु. बढ़ाया

# सुजलम भारत... हर गांव की वाटर ID, पानी की भी डिजिटल मैपिंग

### भागीदारी बढ़ाने को हर साल 'जल उत्सव' होगा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को जल जीवन मिशन (जेजेएम) को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी। जेजेएम 2.0 में इंफ्रास्ट्रक्चर से ज्यादा फोकस सर्विस डिलीवरी पर रहेगा।



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मिशन का कुल बजट 8.69 लाख करोड़ रु. तक बढ़ाने को मंजूरी दी गई है। इसमें केंद्रीय सहायता 3.59 लाख करोड़ रुपए होगी। 2019-20 में यह 2.08 लाख करोड़ रु. मंजूर हुई थी। यानी केंद्र अब 1.51 लाख करोड़ रुपए और देगा। योजना में बड़ा सुधार करते हुए पानी के स्रोत से लेकर नल तक सप्लाई तंत्र की डिजिटल मैपिंग होगी। इसके लिए एकीकृत राष्ट्रीय डिजिटल ढांचा 'सुजलम भारत' तैयार होगा। हर गांव को यूनिक 'सुजल गांव/सर्विस एरिया आईडी' मिलेगी। पारदर्शिता के लिए ग्राम पंचायत और जल एवं स्वच्छता समिति योजना शुरू होने और हस्तांतरण प्रक्रिया में 'जल अर्पण' कार्यक्रम के तहत शामिल रहेंगी। ग्राम पंचायत काम पूरा होने का प्रमाण देगी। राज्य सरकार जब यह सुनिश्चित कर देगी कि गांव में संचालन-रखरखाव की पूरी व्यवस्था है, तभी पंचायत 'हर घर जल' घोषित हो सकेगी। शेष पेज 12 पर

### वो सबकुछ जो आपके लिए जानना जरूरी है

- **जल जीवन मिशन 2.0 क्यों लाए?** जेजेएम अगस्त 2019 में शुरू हुआ था। 2024 तक सभी ग्रामीण घरों तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य था। 19.36 करोड़ चिह्नित ग्रामीण परिवारों में से 15.80 करोड़ (81.61%) को ही कनेक्शन मिले। करीब साढ़े 3 करोड़ घर बाकी हैं। इसलिए इसे जेजेएम 2.0 के रूप में पुनर्गठित किया।
- **कौन से राज्य लक्ष्य में पिछड़े हैं?** हरियाणा, गुजरात, पंजाब, हिमाचल, गोवा, तेलंगाना, पुडुचेरी में 100% लक्ष्य पूरा है। बिहार में 96%, महाराष्ट्र में 90%, छत्तीसगढ़ में 82%, मध्यप्रदेश में 74%, राजस्थान में 59% और झारखंड में 55% लक्ष्य ही पूरा हुआ है। संख्या देखें तो पश्चिम बंगाल में 76 लाख, राजस्थान में 45 लाख, केरल में 32 लाख, मध्यप्रदेश में 29 लाख और झारखंड में 28 लाख घरों में कनेक्शन मिलने अभी बाकी हैं।
- **निगरानी का तंत्र क्यों लाना पड़ा?** पहले चरण में कई कमियां मिलीं। हिमाचल में करीब 6.98 करोड़ रु. योजना के दायरे से बाहर कार्यों में खर्च मिले। केरल में करीब 4 लाख नल-जल कनेक्शन कटने और कुछ परियोजनाओं में वित्तीय अनियमितताओं की रिपोर्ट थी। इसलिए, जेजेएम 2.0 में सेवा-आधारित मॉडल और निगरानी पर जोर है।
- **योजना से कोई बदलाव भी आया?** एसबीआई रिसर्च के अनुसार, योजना से 9 करोड़ महिलाओं को पानी लाने की जिम्मेदारी से मुक्ति मिली। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इससे महिलाओं के श्रम में रोजाना 5.5 करोड़ घंटे बचे। साथ ही, डायरिया से होने वाली 4 लाख मौतें रोकी जा सकती हैं। 1.4 करोड़ डिसएबिलिटी एडजस्टेड लाइफ ईयर्स की बचत संभव है। नोबेल विजेता प्रो. माइकल क्रेमर के अनुसार, 5 साल तक के बच्चों की मृत्यु दर 30% तक घट सकती है।

## 6 साल बाद बदला रुख... चीन-पाक सहित भारत की सीमा से जुड़े सभी देशों के लिए एफडीआई नियमों में ढील

सरकार ने चीन और पाकिस्तान सहित भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के नियमों में ढील दी है। अब इन देशों से जुड़े निवेशकों वाली विदेशी कंपनियां 10% तक की हिस्सेदारी पर बिना सरकारी मंजूरी के भारत में निवेश कर सकेंगी। पहले नियम यह था कि यदि किसी विदेशी कंपनी में इन देशों के निवेशक की एक भी शेयर की हिस्सेदारी होती, तो उसे भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश के लिए सरकार से अनिवार्य मंजूरी लेनी पड़ती थी। हालांकि, निवेश पर लागू अन्य एफडीआई नियम, जैसे सेक्टोरल कैप और एंट्री रूट, पहले की तरह लागू रहेंगे। ऐसे निवेश के बारे में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग को पहले से जानकारी देना होगा। सरकार ने इस संबंध में 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधन किया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। शेष पेज 12 पर

- चीन भारत में कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 0.32% (करीब 23 हजार करोड़ रु.) हिस्सेदारी के साथ 23वें स्थान पर है। डेटा अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 तक का है।

**लोकसभा** • स्पीकर को हटाने पर सदन में बहस, कार्यवाही से दूर रहे बिरला

# विपक्ष का आरोप- सरकार के दबाव में काम कर रहे बिरला; सत्ता पक्ष बोला- स्पीकर निष्पक्ष

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

स्पीकर ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को लोकसभा में बहस हुई। विपक्ष ने आरोप लगाया कि बिरला पक्षपात कर रहे हैं। कई विपक्षी सांसदों ने कहा कि वे सज्जन व्यक्ति हैं, पर सरकार के दबाव में ऐसा कर रहे हैं। वहीं, सत्तारूढ़ एनडीए ने कहा कि स्पीकर निष्पक्ष हैं। बहस बुधवार को खत्म हो सकती है। गृह मंत्री अमित शाह इसका जवाब देंगे।

स्पीकर को सदन में रहकर पक्ष रखने और वोटिंग का हक है। पर, बिरला कार्यवाही से दूर रहे। बहस की शुरुआत में कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि संविधान और सदन की गरिमा बचाने के लिए ये प्रस्ताव लाए हैं। फरवरी में राहुल गांधी को 20 बार रोका गया। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, बिरला हमेशा निष्पक्ष रहे हैं। उन्होंने विपक्ष को ज्यादा अवसर दिए। 2014 में सत्ता से बाहर होने के बाद से कांग्रेस लगातार संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है। उन्होंने दावा किया कि 50 विपक्षी सांसदों ने निजी तौर पर कहा कि वे इस प्रस्ताव से खुश नहीं हैं, लेकिन राजनीतिक मजबूरी में समर्थन कर रहे हैं। रिजिजू ने राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि कई बार उनका व्यवहार अपरिपक्व रहा है। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा विपक्ष की बेहतर नेता हो सकती थीं।

### प्रियंका बोलीं- आलोचक भी नेहरू का सहारा ले रहे

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने रिजिजू पर तंज कसा कि नेहरू की दिन-रात आलोचना करने वाले उनके बयान का सहारा ले रहे हैं। अचानक उन्हें नेहरू का सम्मान याद आ गया। और यह भी कि उन्होंने लोकतंत्र मजबूत किया। दरअसल, रिजिजू ने 1954 में तत्कालीन स्पीकर जीवी मावलंकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस में नेहरूजी के बयान का हवाला दिया था। उन्होंने विपक्ष से कहा था कि वे जिस दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, उसे पढ़ें। अगर पढ़ा होता तो सौ बार सोचते।

**टी20 वर्ल्ड कप** • 15 मार्च को 5 टीमों का सम्मान

# टीम इंडिया को मिलेंगे 131 करोड़, ये रोहित ब्रिगेड से 6 करोड़ ज्यादा

भास्कर न्यूज़ | मुंबई/नई दिल्ली

बीसीसीआई सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया को 131 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार देगा। यह आईसीसी की ओर से मिलने वाली लगभग 27 करोड़ रुपए की इनामी राशि से अलग है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने मंगलवार को बताया, यह राशि टीम के 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ के लिए है। सबसे बड़ा हिस्सा खिलाड़ियों को मिलने की संभावना है। बता दें कि यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपए से 6 करोड़ अधिक है।

### हर खिलाड़ी को 7 करोड़

पुरस्कार राशि का आधिकारिक बंटवारा सामने नहीं आया है। लेकिन, माना जा रहा है कि 2024 के मॉडल को ही अपनाया जाएगा। तब हर खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपए मिले थे। मौजूदा टीम ने 9 मैच खेले हैं। प्रत्येक मैच पर हर खिलाड़ी को मैच फीस 3 लाख रुपए मिलती है। यानी 27 लाख रुपए। साथ ही आईसीसी की इनामी राशि का हिस्सा मिलाकर हर खिलाड़ी को करीब 7 करोड़ मिलना तय है।

- बीसीसीआई 15 मार्च को नई दिल्ली में पुरस्कार समारोह 'नमन' आयोजित कर रहा है। इसमें एक साल में आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाली पांचों भारतीय टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

### इंडिगो सीईओ का इस्तीफा, राहुल को अंतरिम जिम्मेदारी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने इस्तीफा स्वीकार करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया है। इंडिगो के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल भाटिया अंतरिम तौर पर एयरलाइन के कामकाज की जिम्मेदारी संभालेंगे। पीटर एल्बर्स सितंबर 2022 में सीईओ बने थे। कंपनी ने कहा, नए लीडर के आने की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है। बोर्ड के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा, राहुल एयरलाइन के कामकाज की कमान संभालने लौट रहे हैं। वहीं, राहुल भाटिया ने कहा कि पिछले 22 वर्षों में इंडिगो को खड़ा करने और आगे बढ़ाने में कई लोगों का योगदान रहा है। पीटर एल्बर्स ने पद छोड़ने के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है।

# क्या राष्ट्रपति शासन लगाने की तैयारी में है केंद्र सरकारः ममता

### आशंका की वजह- राज्यपाल बदलना, SIR का काम अधूरा

प्रभाकर मणि तिवारी | कोलकाता

एसआईआर के मुद्दे पर भाजपा और चुनाव आयोग के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस का धरना खत्म हो गया है।



धरने पर बैठी सीएम ममता बनर्जी ने सीवी आनंद बोस की जगह आरएन रवि को राज्यपाल बनाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने पूछा- क्या केंद्र सरकार यहां राष्ट्रपति शासन लागू करने की योजना बना रही है? जिस राज्यपाल ने तमिलनाडु में इतनी समस्याएं पैदा कीं, उन्हें बंगाल का जिम्मा क्यों सौंपा गया है? उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति शासन लग जाए तो अच्छा है। उसके बाद आंदोलन के लिए वे सड़क पर उतरेंगी।

विश्लेषकों का कहना है कि इस आशंका के पीछे ममता का एक और आधार है। एसआईआर के तहत जिन 60 लाख लोगों के नाम विचाराधीन हैं, उनकी जांच चुनाव से पहले कैसे पूरी हो सकेगी? करीब 700 न्यायिक अफसर इस काम में लगे हैं, लेकिन हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट में बताया है कि अब तक 10 लाख मामले ही निपटे हैं। शेष पेज 12

### चुनाव का ऐलान 15 या 16 मार्च को हो सकता है

पश्चिम बंगाल के दौरे के दूसरे और आखिरी दिन मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा कि राज्य में किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। 294 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव कितने चरणों में होंगे, इस बारे में फैसला दिल्ली जाकर कानून-व्यवस्था की समीक्षा के बाद लिया जाएगा। हालांकि आयोग के सूत्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि चुनाव की तारीखों का ऐलान 15 या 16 मार्च को हो सकता है। इसकी वजह यह है कि प्रधानमंत्री का 14 मार्च को असम में एक कार्यक्रम है। इधर, सीईसी को दूसरे दिन भी विरोध का सामना करना पड़ा। जब वे रामकृष्ण मिशन के मुख्यालय बेलूर मठ पहुंचे, तो प्रदर्शनकारियों ने उन्हें काले झंडे दिखाए।

### ट्रिब्यूनल गठित करने का निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मतदाता सूची संबंधी तमाम फैसले कोलकाता हाईकोर्ट ही करेगा। पूरक मतदाता सूची के प्रकाशन की मांग में राज्य सरकार की ओर से दायर ताजा याचिका पर शीर्ष अदालत ने मंगलवार को यह निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा, नाम हटाए जाने के खिलाफ अपीलों की सुनवाई के लिए ट्रिब्यूनल का गठन किया जाए। इन ट्रिब्यूनल में हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और पूर्व न्यायाधीशों को शामिल किया जाएगा।

### आबकारी नीति केसः केजरीवाल सहित 23 आरोपियों को नोटिस

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

आबकारी घोटाले में राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले के विरुद्ध सीबीआई के बाद अब ईडी भी मंगलवार को हाईकोर्ट पहुंच गई। ईडी की याचिका पर हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर दिया है।ईडी ने हाईकोर्ट से मांग की कि ट्रायल कोर्ट द्वारा 27 फरवरी के आदेश में एजेंसी के खिलाफ की गई "प्रतिकूल और अनुचित" टिप्पणियों को हटाया जाए। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलील दी कि जिस समय ट्रायल कोर्ट ने ये टिप्पणियां कीं, उस समय मनी लॉन्ड्रिंग का मामला उसके सामने विचाराधीन नहीं था और न ही ईडी उस कार्यवाही में कोई पक्षकार थी। इससे एक दिन पहले, 9 मार्च को हाईकोर्ट ने सीबीआई की उस याचिका पर भी केजरीवाल और सिसोदिया को नोटिस जारी किया था, जिसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा सभी 23 आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती दी गई है।




# नूंह में मेघालय पुलिस की ग्रामीणों से हिंसक झड़प

भास्कर न्यूज़ | नूंह

एटीएम लूट के आरोपी को पकड़कर ले जा रही मेघालय पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हो गई। आरोपी को छुड़ाने की कोशिश में ग्रामीणों ने पुलिस वाहन पर पथराव कर दिया। हालात बिगड़ने पर मेघालय पुलिस के एक जवान ने एके-47 से फायरिंग कर दी, जिसमें एक युवक घायल हो गया। उसका इलाज नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में चल रहा है और हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, मेघालय पुलिस ने सीआईए पुन्हाना टीम के साथ मंगलवार सुबह पिनगवां थाना क्षेत्र के गांव वाजिदपुर में छापा मारकर राहुल नामक युवक को गिरफ्तार किया था। उसे अदालत में पेश करने के बाद शाम करीब छह बजे पुलिस जब लेकर जा रही थी, तभी शिकरावा-ख्वाजलीकलां मार्ग पर कुछ लोगों ने पुलिस गाड़ी पर पथराव शुरू कर दिया। भीड़ बढ़ने पर एक जवान ने छह-सात राउंड फायरिंग की। इस दौरान एक गोली सड़क से टकराकर शिकरावा निवासी तारिफ (19) की जांघ में लग गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मेघालय पुलिस को सुरक्षित पिनगवां थाने पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, मामले में जांच जारी है और सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है।

### रणदीप हुड्डा बने पिता, दादा के जन्मदिन पर आई नन्ही परी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई एक्टर रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम के घर बेटी का जन्म हुआ। कपल ने सोशल मीडिया पर बताया कि मां-बेटी दोनों ठीक हैं। कपल के लिए यह इसलिए भी खास है, क्योंकि बेटी का जन्म रणदीप के पिता रणबीर हुड्डा के जन्मदिन वाले दिन ही हुआ। इस वजह से हुड्डा परिवार में दोहरी खुशी है।

**TheEconomist** चीनी नववर्ष पर यूजर्स को लुभाने के लिए अलीबाबा-टेंसेंट जैसी कंपनियों ने खर्चे 11 हजार करोड़

# एआई सुपर एप के लिए डेटा पर कब्जे की जंग... मुनाफा छोड़, यूजर बेस बढ़ाने में जुटे टेक दिग्गज; नकद-रिवॉर्ड से 'भविष्य' खरीदने की होड़

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

बीजिंग | चीन में लूनर न्यू ईयर के दौरान लोगों को लाल लिफाफों में पैसे देने की परंपरा (हांगबाओ) है, इस बार यह नए रूप में दिखी। एआई दिग्गज कंपनियां ही लोगों को डिजिटल हांगबाओ बांटने लगीं। पिछले कुछ हफ्तों में अलीबाबा, बाइडांस, टेंसेंट व बायडू ने 11 हजार करोड़ रुपए के कूपन और कैश रिवॉर्ड देकर लोगों को अपने एआई एप डाउनलोड व इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

चीन में इस सब्सिडी की होड़ को 'होंगबाओ वॉर' कहा जा रहा है। यह नए साल पर दिए जाने वाले लिफाफों के नाम पर है। ज्यादातर चीनी एआई कंपनियां पहले ही अपने मॉडल मुफ्त दे रही थीं। अब वे यूजर्स को पैसे देकर इस्तेमाल करा रही हैं। दरअसल कंपनियां एजेंटिक सर्विस बनाने और प्रमोट करने में बड़ा निवेश कर रही हैं। चीनी नव वर्ष से ठीक पहले अलीबाबा व बाइडांस ने चैटबॉट के अपग्रेड लॉन्च किए। अपग्रेड के बाद इनके बॉट यूजर की ओर से कई टास्क कर सकते हैं। इस मौके पर अलीबाबा के चैटबॉट क्वेन के जरिए 10 करोड़ से ज्यादा बेवरेज बेचे गए। वहीं, बाइडांस के चैटबॉट दौबाओ ने टीवी शो के दौरान कुछ ही घंटों में 2 अरब सवालों के जवाब दिए। एक्सपर्ट कहते हैं, 'यह सिर्फ प्रचार नहीं, बल्कि डिजिटल बाजार पर कब्जे की रणनीति है। जो कंपनी सबसे पहले ज्यादा यूजर जोड़ेगी, वही आगे एआई-आधारित सुपर एप बना पाएगी। जिसमें चैट, खरीदारी, भुगतान व टिकट बुकिंग एक ही जगह हो सकेगी। स्टैनफोर्ड की एआई इंडेक्स रिपोर्ट बताती है कि शुरुआती यूजर बेस बेहद अहम है, क्योंकि इससे कंपनियों को ज्यादा डेटा मिलता है और मॉडल तेजी से बेहतर होते हैं। इसी वजह से कंपनियां मुनाफे की बजाय यूजर्स जुटाने पर खर्च कर रही हैं।

इस प्रतिस्पर्धा के नकारात्मक असर भी दिखने लगे हैं। निवेशकों को भरोसा नहीं है कि इतना बड़ा खर्च भविष्य में मुनाफा देगा। उदाहरण के तौर पर, हांगबाओ वॉर शुरू होने के बाद अलीबाबा के शेयर 30% गिर गए। इंडस्ट्री के भीतर दबाव भी बढ़ रहा है। हाल ही में 'क्वेन' के मुख्य इंजीनियर लिन जुनयांग ने इस्तीफा दे दिया। बढ़ते कारोबारी दबाव को इसके पीछे प्रमुख वजह माना जा रहा है।

### चिप नहीं मस्तिष्क की कोशिकाओं से चलेगा डेटा सेंटर...



मेलबर्नः ऑस्ट्रेलिया के बायोटेक स्टार्टअप कॉर्टिकल लैब्स ने मेलबर्न में दुनिया का पहला ऐसा डेटा सेंटर बनाया है जो चिप्स नहीं, बल्कि मानव मस्तिष्क की कोशिकाओं से चलता है। कंपनी सिंगापुर में भी सेंटर बना रही है। इन 'बायोलॉजिकल कंप्यूटर्स' में लैब में तैयार किए गए न्यूरॉन्स सिलिकॉन पर लगाए जाते हैं, जो बिजली के संकेतों से प्रतिक्रिया देते हैं और कंप्यूटिंग आउटपुट बनाते हैं। ये कोशिकाएं बेहद कम ऊर्जा खर्च करती हैं। स्टार्टअप ने पहले अपने न्यूरॉन्स को 'पोंग' गेम खेलना सिखाया था। अब वे डूम खेलने में भी सफल रहे। एक्सपर्ट मानते हैं कि प्रयोग शुरुआती चरण में है, लेकिन भविष्य में पारंपरिक चिप को चुनौती दे सकता है।

### हरियाणा के 7 जिलों में महिला रैपिडो होगी शुरू

भास्कर न्यूज़ | सिरसा

सिरसा, सोनीपत समेत 7 जिलों में महिलाओं को एक क्लिक पर गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दोपहिया वाहन सेवा उपलब्ध होगी। इस सेवा में वाहन चलाने वाली चालक भी महिलाएं ही होंगी। सरकार की 'महिला रैपिडो सर्विस' पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर देना और मोबिलिटी क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। इस योजना की शुरुआत 19 मार्च से की जाएगी। सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अनुसूचित जाति-पिछड़ा वर्ग कल्याण (अंत्योदय) विभाग ने इस पहल के तहत पात्र महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। योजना के अंतर्गत सिरसा, सोनीपत, करनाल, पंचकूला, गुरुग्राम, फरीदाबाद और अम्बाला जिलों की महिलाओं को शामिल किया जाएगा।

**सरकार को निर्देश** • नो फॉल्ट-मुआवजा नीति बनाएं

# कोविड वैक्सीन से मौतों पर पल्ला नहीं झाड़ सकता केंद्र : शीर्ष कोर्ट

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र को निर्देश दिया कि कोविड वैक्सीन के गंभीर दुष्प्रभावों से पीड़ित लोगों के लिए नो-फॉल्ट मुआवजा नीति बनाएं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि महामारी के दौरान सरकारी आंकड़े खुद स्वीकार करते हैं कि टीकों से कुछ लोगों की जान भी गई। ऐसे में सरकार प्रभावित परिवारों की मदद की जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। अदालत ने यह फैसला उन याचिकाओं पर सुनाया जिनमें आरोप था कि 2021 में कोविशील्ड की पहली खुराक के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी।

### ऐसे समझें... क्या होती है नो-फॉल्ट मुआवजा नीति

यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें पीड़ित को साबित नहीं करना पड़ता कि किसकी गलती से नुकसान हुआ फिर भी मुआवजा मिलता है। नो-फॉल्ट नीति में बस यह देखा जाएगा कि क्या व्यक्ति ने टीका लगवाया? अगर उसके बाद गंभीर दुष्प्रभाव हुआ तो मुआवजा दिया जाएगा।

- पीठ ने स्पष्ट किया कि यह नीति बनाना सरकार की गलती की स्वीकृति नहीं होगी और पीड़ित अन्य कानूनी उपाय भी अपना सकते हैं। अदालत ने ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और जापान में पहले से लागू ऐसी योजनाओं का भी जिक्र किया।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE FOR UNITS OR SECURITIES.
NOT FOR PUBLICATION, RELEASE OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

RAAJMARG InvIT
An InvIT sponsored by NHAI

# RAAJMARG INFRA INVESTMENT TRUST

The Trust has been registered in the Republic of India as an irrevocable trust set up under the Indian Trusts Act, 1882, on November 24, 2025, and registered as an infrastructure investment trust under the Securities and Exchange Board of India (Infrastructure Investment Trusts) Regulations, 2014, on December 22, 2025, having registration number IN/InvIT/25-26/0034.

**Principal Place of Business:** G - 5 & 6, Sector 10, Dwarka, New Delhi – 110 075; **Telephone:** +91 11 2507 4100/200 - 3211; **Compliance Officer:** Gunjan Rajpal; **E-mail:** compliance@riimpl.in; **Website:** www.raajmarginfratrust.in

| SPONSOR | INVESTMENT MANAGER | TRUSTEE |
|---|---|---|
| भारत रा प्रा NHAI | | IDBI trustee<br>IDBI Trusteeship Services Ltd |
| NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA | RAAJMARG INFRA INVESTMENT MANAGERS PRIVATE LIMITED | IDBI TRUSTEESHIP SERVICES LIMITED |

**INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO [•] UNITS OF RAAJMARG INFRA INVESTMENT TRUST ("TRUST") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [•] PER UNIT TOGETHER WITH SPONSOR CONTRIBUTION AGGREGATING UP TO ₹ 60,000.00 MILLION ("ISSUE"). THE ISSUE IS AN INITIAL PUBLIC OFFER IN RELIANCE UPON REGULATION 14(4) OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (INFRASTRUCTURE INVESTMENT TRUSTS) REGULATIONS, 2014, AS AMENDED ("INVIT REGULATIONS").**

## Price Band: ₹99 to ₹100 per Unit

**Bidders (other than Anchor Investors and Strategic Investors) can make Bids for a minimum of 150 Units and in multiples of 150 Units thereof**

**Minimum Bid Size for Bidders other than Anchor Investors and Strategic Investors - ₹14,850**

## RISKS TO INVESTORS:

- **The Trust is a newly settled trust with no operating history and limited historical financial information and, as a result, investors may not be able to assess its prospects on the basis of past records and the financial information disclosed in the Offer Document.**
- **The Project SPV has not executed the concession for InvIT Assets with the concessioning authority.**
- **The Trust must maintain certain investment ratios, which may present additional risks to the Trust.**
- **The ability of the Trust to make or maintain consistency in distributions to Unitholders depends on the financial performance of the Project SPV and their profitability.**

**Credit Ratings:** (i) (a) Provisional CARE AAA; Stable from CARE Ratings Limited for the proposed bank loan facilities aggregating to ₹40,000.00 million to be availed by the Trust; and (b) Provisional CARE AAA; Stable, from CARE Ratings Limited as issuer rating. and
(ii) (a) Provisional Ind AAA/Stable from India Ratings & Research Private Limited for the proposed bank loan facilities aggregating to ₹40,000.00 million to be availed by the Trust; and (b) Provisional Ind AAA/Stable as issuer rating from India Ratings & Research Private Limited.

| BID ISSUE/PROGRAM | BID/ISSUE OPENS TODAY | BID/ISSUE CLOSES ON FRIDAY, MARCH 13, 2026* |
|---|---|---|

**The Investment Manager may in consultation with the Book Running Lead Managers, consider closing the Bid/ Issue Period for QIBs one Working Day prior to the Bid/ Issue Closing Date, in accordance with the InvIT Regulations.*

**ASBA#** | **Simple, Safe, Smart way of Application!!!** | #Applications Supported by Blocked Amount ("ASBA") is a better way of applying to Issues by simply blocking the fund in the bank account. For further details, check section on ASBA. | **Mandatory in public issues. No cheque will be accepted.**

UPI — UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

**UPI-Now available in ASBA for Individual Non-Institutional Investor applying in public issues where the application amount is up to ₹ 500,000, applying through Registered Brokers, Syndicate, CDPs & RTAs. Individual Non-Institutional Investors also have the option to submit the application directly to the ASBA Bank (SCSBs) or to use the facility of linked online trading, demat and bank account. Investors are required to ensure that the bank account used for bidding is linked to their PAN. Bidders must ensure that their PAN is linked with Aadhaar and are in compliance with CBDT notification dated February 13, 2020 and press release dated June 25, 2021.**

झारखंड की सीएसआर नीति पर करीब पांच साल पहले ही केंद्र सरकार ने आपत्ति जताई थी। कहा था कि राज्य की नीति कंपनी अधिनियम की धारा 135 की मूल भावना के विपरीत है। इसे संशोधित करना चाहिए। इसके बावजूद अब तक नई नीति नहीं बनी। पुरानी व्यवस्था ही लागू है। तीन साल पहले चतरा के तत्कालीन डीसी ने भी सीएसआर कार्यों में आ रही बाधा को लेकर राज्य सरकार को पत्र लिखा था। वे एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपूरा के सीएसआर फंड से टंडवा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का नवीनीकरण कराना चाहते थे। लेकिन नीति के प्रावधानों को लेकर भ्रम की स्थिति के कारण यह मामला आगे नहीं बढ़ सका। डीसी ने सरकार से पूछा था कि यह कार्य किस स्तर की स्वीकृति में आएगा।

### तीन साल में कंपनियों का सीएसआर खर्च

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अदाणी | 16.0 करोड़ | मैथन पावर | 7.0 करोड़ | ग्रासिम इंडस्ट्रीज | 5.5 करोड़ |
| आधुनिक | 6.5 करोड़ | मेकॉन | 2.5 करोड़ | | |
| टाटा कुमिंस | 20.0 करोड़ | डीवीसी | 19.0 करोड़ | | |
| इनलैंड पावर | 2.50 करोड़ | बोकारो स्टील | 20.0 करोड़ | | |

- टाटा मोटर्स 26 करोड़
- टाटा स्टील 1000 करोड़

(देशभर का खर्च)

### अभी झारखंड में 2020 नीति लागू है, इसमें संशोधन नहीं हुआ...

फिलहाल झारखंड में झारखंड कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पॉलिसी 2020 लागू है। अगस्त 2021 में केंद्र सरकार ने इस नीति को वापस लेने को कहा था। हालांकि अब तक इसमें संशोधन नहीं किया गया है और यह उसी रूप में लागू है। वर्ष 2020 से पहले झारखंड में केंद्रीय नीति के तहत ही सीएसआर के काम किए जाते थे। नई राज्य नीति में कंपनियों से कहा गया था कि वे सीएसआर का पैसा सीधे खर्च करने के बजाय राज्य के पास जमा करें। इसके बाद इस राशि से सरकारी योजनाओं में मौजूद क्रिटिकल गैप को भरने की व्यवस्था की गई थी। केंद्र सरकरा ने इस पर आपत्ति जताई थी।

### क्या होता है सीएसआर

सीएसआर एक कानूनी व्यवस्था है जिसके तहत कंपनियों को अपने मुनाफे का एक हिस्सा सामाजिक कार्यों पर खर्च करना होता है। इसका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना है।

### बिहार में बना सीएसआर पोर्टल

बिहार सरकार ने सीएसआर नीति के तहत ऑनलाइन सीएसआर पोर्टल शुरू किया है। कंपनियों को सीएसआर से जुड़ी जानकारी इसी पोर्टल पर देनी होती है। पिछले साल अगस्त से यह व्यवस्था लागू है। सरकार ने 500 करोड़ रुपए का सीएसआर फंड जुटाने का लक्ष्य रखा है। इस पोर्टल पर यह भी देखा जा सकता है कि कौन सी कंपनी किस जिले में कितनी राशि खर्च कर रही है।

## मोहनिया : ट्रेन की चपेट में आए दो सगे भाइयों की मौत

भास्कर न्यूज | मोहनिया

मंगलवार सुबह पीडीडीयू-गया रेल खण्ड अंतर्गत भभुआ रोड स्टेशन के बरेज गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में दोनों युवकों की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बरेज गांव निवासी मदन साह के पुत्र प्रिंस (24) और रोहित (22) के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही भभुआ रोड आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर जांच की। फिर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, भभुआ भेज दिया। बताया जाता है कि दोनों मृतक आपस में सहोदर भाई थे। दोनों मंगलवार सुबह खेत की जा रहे थे। धुंध और घने कोहरे के कारण उन्हें ट्रेन का आभास नहीं हो सका।

समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण • सुपौल और मधेपुरा पहुंचे मुख्यमंत्री

# पांच साल में 1 करोड़ लोगों को नौकरी व रोजगार देंगे : नीतीश

भास्कर न्यूज | सुपौल/मधेपुरा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा की तीसरे चरण की शुरुआत मंगलवार को सुपौल से हुई। इस दौरान उन्होंने इशारों में लालू-राबड़ी शासन पर हमला बोला। कहा, पहले राज्य में हालात खराब थे। कानून व्यवस्था कमजोर थी। शाम के बाद लोग घर से निकलने से डरते थे।मधेपुरा के बीएनएमयू नॉर्थ कैंपस में आयोजित जनसंवाद में सीएम ने कहा कि 2005 के बाद राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ। सभी वर्गों के लिए समान रूप से विकास कार्य हुए। सात निश्चय-2 के तहत 40 लाख लोगों को रोजगार और 10 लाख को नौकरी दी गई। अब सात निश्चय-3 में अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ को नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है।

सुपौल में मुख्यमंत्री ने निर्मली रिंग बांध का निरीक्षण किया। अनुमंडल कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों के स्टॉल का भी जायजा लिया। यहां 569 करोड़ रुपये की लागत वाली 213 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। मधेपुरा में 301 करोड़ रुपए की 350 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार बीएनएमयू नॉर्थ कैंपस में जनसंवाद और समीक्षात्मक बैठक होनी थी, लेकिन जनसंवाद के बाद सीएम सीधे रवाना हो गए। सभा स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। सीएम ने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का सहयोग मिल रहा है, जिसके लिए प्रधानमंत्री का आभार है।

**सीएम आज पूर्णिया में...** मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा बुधवार को पूर्णिया पहुंचेगी। यहां वे प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं की समीक्षा करेंगे। पूरण देवी मंदिर के विकास कार्यों का मॉडल भी देखेंगे।

## बिहार के विकास के लिए पीएम का आभार



### युवा, महिला, उद्योग... सब पर बोले नीतीश

**युवा: आत्मनिर्भरता के लिए नई योजनाएं**

नीतीश कुमार ने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार नई योजनाएं लाएगी। कौशल विकास और रोजगार सृजन पर विशेष जोर रहेगा। महिलाओं को पुलिस सेवा में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।

**महिला : उत्थान के लिए किए काम**

सीएम ने कहा कि 2006 में विश्व बैंक की मदद से स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल शुरू की गई। आज 'जीविका दीदी' के माध्यम से लाखों महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हुई हैं।

**उद्योग : विकास होगी प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में राज्य में नए उद्योग लगाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। सुपौल में भी बियाडा की जमीन पर उद्योग स्थापित होंगे। बंद पड़ी पुरानी मिलों को फिर से चालू करने का प्रयास भी जारी है।

**बुनियादी ढांचा : पांच नए एक्सप्रेस-वे बनेंगे...** नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पांच नए एक्सप्रेस-वे बनाए जाएंगे। ग्रामीण सड़कों को और बेहतर किया जाएगा। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार काम कर रही है।

### राज्यसभा जाना सीएम का खुद का निर्णय : विजय चौधरी

मधेपुरा में मुख्यमंत्री के राज्यसभा जाने के फैसले को लेकर समर्थकों ने नारेबाजी की। मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि सीएम का निर्णय सभी नेताओं ने इस शर्त के साथ स्वीकार किया है कि वे अधिकतर समय बिहार में रहेंगे। उनके नेतृत्व में ही सरकार और राजनीति आगे चलेगी। सुपौल में ऊर्जा मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी यही बात दोहराई।

## बारात में फरमाइशी गीत का विरोध, लड़की के दादा को मारी गोली

भास्कर न्यूज | दरौंदा (सीवान)

थाना क्षेत्र के रामचंद्रापुर गांव में सोमवार की देर रात बारात में चल रहे आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान फरमाइशी गीत बजाने को लेकर हुए विवाद में असामाजिक तत्वों ने कन्या के बाबा को गोली मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली उसके पेट में लगी है। घायल को पहले महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से भी हालत गंभीर देखते हुए उसे गोरखपुर रेफर कर दिया गया। रामचंद्रापुर गांव निवासी बलिराम साह की नातिन श्वेता कुमारी की शादी थी। सोमवार की शाम सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के शहाबुद्दीन शिव बारात से बरात रामचंद्रापुर गांव पहुंची थी। शादी समारोह के दौरान जनवासे में बरनेत के समय रात करीब 1:30 बजे आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम चल रहा था।

## प्रतापगढ़ कोर्ट में पेशी पर आए कैदी से मारपीट

**प्रतापगढ़** | प्रतापगढ़ जिला न्यायालय परिसर में मंगलवार शाम उस समय हंगामा हो गया, जब पेशी पर लाए गए एक कैदी के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए उसके परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कैदी को सिर में चोट आई। करीब 10 वर्षों से जिला जेल में बंद कैदी मो. हलीम को मंगलवार को पेशी के लिए कोर्ट लाया गया था। पेशी के बाद जब उसे न्यायालय परिसर के लॉकअप में रखा गया, तभी उसके साथ मारपीट होने का आरोप लगाया गया। बताया जा रहा है कि कैदी के सिर के पास माथे पर चोट लगी थी और उसके चेहरे से खून बह रहा था। घायल हालत में कैदी को देखकर परिजन आक्रोशित हो गए और न्यायालय परिसर में हंगामा शुरू कर दिया।

राज्यसभा चुनाव • तेजस्वी आज ईमान से बात करेंगे, बसपा विधायक से बात नहीं

# महागठबंधन की बैठक... 5 विधायक गायब रहे, तेजस्वी बोले-हम ही जीतेंगे

भास्कर न्यूज | पटना

राज्यसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के 35 विधायकों की बैठक में कांग्रेस के 3 और राजद के 2 यानी 5 विधायक नहीं पहुंचे। राजद उम्मीदवार एडी सिंह की जीत सुनिश्चित कराने के लिए एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमान से मंगलवार को राजद नेता तेजस्वी यादव की बात होनी तय हुई। बैठक मे तेजस्वी और अख्तरूल में राज्यसभा मामले पर डील होगी। डील सफल हुई तो ओवैसी की पार्टी राज्यसभा में महागठबंधन के उम्मीदवार को वोट देगी और उसके एवज मे आने वाले विधान परिषद चुनाव में एआईएमआईएम उम्मीदवार को राजद समर्थन देगा।

बसपा के एक विधायक को तेजस्वी ने आमंत्रण भी नहीं दिया। इस पर बसपा विधायक सतीश कुमार सिंह यादव ने कहा कि मुझे कहीं से कोई आमंत्रण नहीं था। पार्टी आलाकमान तय करेगा कि राज्यसभा चुनाव में मुझे क्या करना है। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि राज्यसभा चुनाव जीतेंगे। पूरी तरह से निश्चिंत हैं। पूछा गया, क्या विधायकों का जुगाड़ हो गया, तेजस्वी ने मुस्कुराते हुए कहा- संख्या बल है तभी तो चुनाव लड़ रहे। मंगलवार को महागठबंधन की बैठक में चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई।

### भास्कर नॉलेज... 5 सीटों पर 6 उम्मीदवार; एनडीए को 3 तो महागठबंधन को 6 वोट चाहिए

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए छह उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें एनडीए के 5और विपक्षी महागठबंधन का 1 उम्मीदवार है। विधानसभा में एनडीए के पास 202 विधायक हैं। एक सीट पर जीत के लिए कम से कम 41 विधायकों के वोट की आवश्यकता है। एनडीए तो सभी 5 राज्यसभा सीटें जीतने के लिए आवश्यक संख्या 205 पहुंचने में 3 वोट कम है। महागठबंधन में राजद को 25 विधायकों के साथ अन्य दलों के 10 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। पर जीतने के लिए आवश्यक संख्या से 6 कम है। इसलिए राजद को एआईएमआईएम के 5 और बसपा के 1 विधायक से समर्थन की जरुरत है।

## डीएसपीएमयू, जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी व जेएसओयू में नए वीसी

पॉलिटिकल रिपोर्टर | रांची



प्रो. राजीव अभय कुमार इला कुमार

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने राज्य के तीन विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति कर दी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची के कुलपति के रूप में प्रो. राजीव मनोहर की नियुक्ति की गई है। वहीं झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी (जेएसओयू) के कुलपति पद पर प्रो. अभय कुमार सिंह और जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति के रूप में प्रो. इला कुमार को नियुक्त किया गया है। लोकभवन से जारी अधिसूचना के अनुसार तीनों कुलपतियों की नियुक्ति योगदान की तिथि से अधिकतम तीन वर्ष के लिए की गई है। बताते चलें कि करीब 10 माह पहले राजभवन ने चार विश्वविद्यालयों में कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इनमें से तीन विश्वविद्यालयों में अब नियुक्ति कर दी गई है, जबकि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्ति अभी लंबित है।

## एक्सएलआरआई को बम से उड़ाने की धमकी

**जमशेदपुर** | प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई को मंगलवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। संस्थान के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर सुबह करीब नौ बजे मेल भेजकर परिसर में बम लगाने की बात कही गई और कैंपस खाली नहीं कराने पर विस्फोट की चेतावनी दी गई। संस्थान प्रबंधन ने दोपहर करीब दो बजे इसकी सूचना जिला पुलिस को दी। इसके बाद डीएसपी सीसीआर मनोज ठाकुर के नेतृत्व में बिष्टुपुर पुलिस, स्पेशल ब्रांच की टीम, डॉग स्क्वायड और मेटल डिटेक्टर के साथ पूरे परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया। करीब दो घंटे की तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला।

## सहरसा : डेमू पैसेंजर पर पत्थरबाजी, लोको पायलट घायल, रुकी रही ट्रेन

भास्कर न्यूज | सहरसा

सहरसा-पूर्णिया कोर्ट डेमू पैसेंजर ट्रेन पर अज्ञात बदमाशों द्वारा पत्थरबाजी किए जाने से लोको पायलट घायल हो गए। घटना सोमवार देर रात सहरसा यार्ड से निकलने के बाद पॉलिटेक्निक ढाला के पास हुई। जानकारी के अनुसार, 75262 सहरसा-पूर्णिया कोर्ट डेमू पैसेंजर ट्रेन रात 2:05 बजे सहरसा जंक्शन से रवाना हुई थी। ट्रेन लेकर लोको पायलट प्रदीप कुमार जा रहे थे। इसी दौरान किसी ने इंजन पर पत्थर फेंक दिया, जिससे इंजन का शीशा टूट गया और कांच के टुकड़े लगने से लोको पायलट घायल हो गए। घटना के बाद ट्रेन को मौके पर रोक दिया और घायल लोको पायलट को पास के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया।

बहरागोड़ा के साकरा शाखा में हुई घटना; कर्मी-ग्राहकों को बंधक बनाया

# केनरा बैंक में दिनदहाड़े लूट, हथियारबंद बदमाश 10 मिनट में 15 लाख लेकर फरार

भास्कर न्यूज | बहरागोड़ा

बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के साकरा स्थित केनरा बैंक शाखा में मंगलवार दोपहर करीब 1:45 बजे हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया। बाइक से पहुंचे मास्क पहने पांच-छह अपराधी बैंक में घुसे और कट्टा-कटारी के बल पर कर्मचारियों व ग्राहकों को बंधक बना लिया। इसके बाद काउंटर और लॉकर से करीब 15 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। पूरी वारदात करीब दस मिनट में हुई।

जानकारी के अनुसार अपराधियों के बैंक में घुसते ही अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने हथियार दिखाकर कर्मचारियों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद शाखा प्रबंधक और सहायक शाखा प्रबंधक को एक कमरे में बंद कर दिया, जबकि बाकी कर्मचारियों और ग्राहकों को दूसरे कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद आराम से नकदी समेटी और बैग में भरकर बाहर निकल गए। लूट के बाद अपराधियों ने बैंक के बाहर ताला लगा दिया और फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ताला तोड़कर कर्मचारियों और ग्राहकों को बाहर निकाला। सूचना पर एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर और चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार भी पहुंचे। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### सीसीटीवी का तार काटा, भागते समय गेट पर लगाया ताला

अपराधियों ने सबसे पहले कर्मचारियों से सीसीटीवी के डीवीआर के बारे में पूछा। कर्मचारियों ने जगह बताई, तो उन्होंने तुरंत तार काट दिए। अपराधियों ने धमकी दी कि विरोध करने पर कटारी से काट देंगे। घटना के समय बैंक में चार कर्मचारी, एक बैंक सखी और एक अप्रेंटिस मौजूद थे। इसके अलावा छह ग्राहक भी बैंक में थे। भागते समय बैंक के गेट पर बाहर से ताला लगा दिया।

## ईशान किशन पटना पहुंचे, जोरदार स्वागत; कहा- बस जीतते जाना है



**पटना** | टी-20 विश्वकप जीत के बाद ईशान किशन मंगलवार को पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर पिता और अन्य परिजनों ने स्वागत किया। ईशान ने कहा कि मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। अब ऐसे ही खेलते और जीतते जाना है।

# पिता ने 500 रुपए मांगे तो बेटे ने मार डाला, रोज होता था झगड़ा

### 2 दिन पहले बेटे ने खरीदा था 15 हजार का मोबाइल

**लखनऊ** | लखनऊ में नाबालिग बेटे ने अपने पिता को केवल इसलिए मार डाला कि उन्होंने 500 मांग लिए थे। खुद के लिए 2 दिन पहले ही 15 हजार रुपए का नया मोबाइल फोन खरीदा था। पिता ने तंज कसा कि अपने लिए तो मोबाइल खरीदने के लिए पैसे हैं, मेरे लिए 500 नहीं हैं। इसी पर बेटे ने गुस्से में आकर उनके सिर पर लाठी मार दी जिससे पिता की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना खुजेहटा गांव की 9 मार्च की है। मृतक की पहचान रामकरण (45) के रूप में हुई। वह ग्राम पंचायत सदस्य भी थे। उनके दो बेटे हैं, दोनों अभी नाबालिग हैं। 17 वर्षीय बड़ा बेटे की लाठी से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बेटे को हिरासत में लिया है। पूछताछ में उसने बताया है कि पिता रोज ही घर में झगड़ा करते थे। इसीलिए मां भी कुछ दिन पहले ननिहाल चली गईं। आरोपी बेटे ने पुलिस को बताया- दो दिन पहले करीब 15 हजार रुपए का मोबाइल फोन खरीदकर लाया था। अगले दिन उसके पिता रामकरण ने रिश्तेदारी में जाने के लिए उससे 500 मांगे। बेटे ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हो गई। पिता ने तंज कसते हुए कहा कि मोबाइल खरीदने के लिए पैसे हैं, लेकिन पिता को देने के लिए नहीं। इसी बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि बेटे ने गुस्से में लाठी उठा ली।

शराब घोटाला • एसीबी की एफआईआर के आधार पर ईडी ने दर्ज किया ईसीआईआर, मनी लॉन्ड्रिंग एंगल से जांच

# एसीबी की सुस्त जांच के बीच ईडी ने तेज की कार्रवाई; उत्पाद विभाग के अधिकारियों को समन, 12 से 15 मार्च तक पूछताछ

भास्कर न्यूज | रांची

झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में जहां भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जांच धीमी पड़ती नजर आ रही है, वहीं अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई तेज कर दी है।

ईडी ने पहली बार उत्पाद विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। एजेंसी इनसे 12 से 15 मार्च के बीच अलग-अलग पूछताछ करेगी। इन सभी के खिलाफ एसीबी ने मई 2025 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17(ए) के तहत मामला (कांड संख्या 9/2025) दर्ज किया था। इसी एफआईआर के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर संख्या 10/2025 दर्ज कर मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से जांच शुरू की है। इससे साफ है कि अब जांच का दायरा उत्पाद विभाग के अंदर तक पहुंच सकता है। दरअसल, एसीबी ने मई 2025 से जनवरी 2026 के बीच इस मामले में 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। हालांकि अब तक किसी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल नहीं किया जा सका। इसी वजह से सभी आरोपियों को डिफॉल्ट बेल मिल गई।

### ईडी ने इन अधिकारियों को भेजा समन

| नाम | पद | संस्था |
|---|---|---|
| सुधीर कुमार | तत्कालीन महाप्रबंधक (वित्त) | उत्पाद विभाग |
| सुधीर कुमार दास | तत्कालीन महाप्रबंधक (वित्त) | उत्पाद विभाग |
| नवेंदु शेखर | तत्कालीन वरीय लेखापाल | जेएसबीसीएल |
| अमित कुमार | तत्कालीन उच्च वर्गीय लेखापाल | जेएसबीसीएल |
| मो. मोहसीन कमाल राजा | तत्कालीन उच्च वर्गीय लिपिक | जेएसबीसीएल |
| शीतल कुमारी | तत्कालीन सहायक लेखापाल | जेएसबीसीएल |

### एसीबी जांच के बिंदुओं पर ईडी करेगा पूछताछ

एसीबी की जांचके मुताबिक छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट ने झारखंड के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया। इसमें कई प्लेसमेंट एजेंसियों (विजन हॉस्पिटैलिटी और मार्शन सिक्योरिटी) का नाम सामने आया। इन एजेंसियों ने शराब दुकानों में मैनपॉवर उपलब्ध कराने के लिए फर्जी बैंक गारंटी जमा कर ठेका हासिल किया। आरोप है कि संबंधित अधिकारियों ने आरबीआई के मानकों का पालन किए बिना इन गारंटियों का भौतिक सत्यापन तक नहीं कराया। शुरुआती जांच में राज्य को करीब 38 करोड़ रुपए के नुकसान की आशंका जताई गई थी, लेकिन जांच आगे बढ़ने पर यह आंकड़ा 150 करोड़ रुपए से अधिक बताया गया। इसके अलावा जांच में यह भी सामने आया कि छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारियों ने घटिया गुणवत्ता की देसी शराब की आपूर्ति की, जिससे राज्य सरकार को करीब 136 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। ईडी अब इन्हीं बिंदुओं पर उत्पाद विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से विस्तृत पूछताछ करेगा।

तेज रफ्तार का कहर... साहिबगंज में एनएच-80 पर देर रात हादसा

# शादी समारोह से लौट रहे युवक की बाइक पेड़ से टकराई, दो की मौत, एक की आज थी सगाई

भास्कर न्यूज | साहिबगंज



मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात 12 बजे शोभनपुर मठिया (डेरा पीपल पेड़) के पास एनएच-80 पर तेज रफ्तार एक बाइक अनियंत्रित होकर पीपल के पेड़ से टकरा गई, जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान तालबन्ना निवासी सनोज कुमार यादव (22) और शोभापुर भट्ठा निवासी बादल यादव (18)के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों युवक बाइक से साहिबगंज से महादेवगंज की ओर जा रहे थे। मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों युवक महादेवगंज में एक शादी समारोह में गए थे। वहीं से किसी की बाइक लेकर वे साहिबगंज स्टेशन पान-गुटखा लेने आए थे। महादेवगंज लौटने के दौरान यह हादसा हो गया। मंगलवार सुबह पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर परिजनों के अनुसार दोनों युवक किसी भोज से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई। मृतक सनोज के पिता राजकुमार यादव ने बताया कि उनके बेटे की सगाई बुधवार को होने वाली थी, लेकिन उससे एक दिन पहले ही यह हादसा हो गया। घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी:** हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर कुछ देर के लिए शव के साथ एनएच-80 को जाम कर दिया। हालांकि पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद जाम समाप्त करा दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## अमृतांश अग्रवाल

संस्थापक एवं सीईओ
अमृतांश अग्रवाल इंटरप्राइजेस एलएलपी, उज्जैन

### व्यवसायों और वकीलों को एंड-टू-एंड डिजिटल लीगल सर्विस और कंसल्टेशन प्लेटफॉर्म से जोड़ रहे

# डिजिटल कानून क्रांति की ओर बढ़ता उज्जैन 'VAKILNOW' से बदल रही पूरी व्यवस्था

**उज्जैन के अमृतांश अग्रवाल ने पारंपरिक कानूनी व्यवस्था को तकनीक से सरल बनाने के लिए 'VAKILNOW' की स्थापना की, जिससे सुलभ, पारदर्शी और व्यवस्थित कानूनी समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है।**

भारत में कानूनी सहायता आज भी आम नागरिक और छोटे व्यवसायों के लिए जटिल, महंगी और असंगठित प्रक्रिया बनी हुई है। सही वकील तक पहुंच, पारदर्शी फीस, दस्तावेज प्रबंधन और केस की प्रगति समझना अधिकांश लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। इसी समस्या को समझते हुए उज्जैन के युवा विधि विशेषज्ञ अमृतांश अग्रवाल ने LegalTech आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म 'VAKILNOW' की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य केवल कानूनी सलाह देना नहीं बल्कि पूरी कानूनी प्रक्रिया को शुरुआत से समाधान तक डिजिटल रूप से व्यवस्थित करना है। जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल, सोनीपत से विधि अध्ययन के दौरान अमृतांश ने उज्जैन जिला न्यायालय, इंदौर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट स्तर तक कई इंटर्नशिप कीं। इन अनुभवों ने उन्हें यह समझाया कि भारत में बड़ी संख्या में लोग जानकारी, पहुंच और लागत के कारण कानूनी मदद ही नहीं ले पाते। प्लेटफॉर्म इसी गैप को भरने का प्रयास करता है। 'VAKILNOW' एक डिजिटल-फर्स्ट लीगल सर्विस एवं कंसल्टेशन प्लेटफॉर्म है, जो व्यक्तियों और व्यवसायों को verified lawyers से जोड़ते हुए रियल-टाइम कम्युनिकेशन, सुरक्षित डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट और केस ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है। साथ ही यह वकीलों को भी डिजिटल टूल्स उपलब्ध कराता है, जिससे वे अपने प्रैक्टिस मैनेजमेंट, क्लाइंट हैंडलिंग और बिलिंग सिस्टम को आधुनिक बना सकें। कंपनी का लक्ष्य केवल केस आधारित सेवा नहीं, बल्कि end-to-end legal ecosystem तैयार करना है, जहां कानूनी समस्या की पहचान से लेकर समाधान तक पूरी प्रक्रिया एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो। आज इस प्लेटफॉर्म से दर्जनों वकील जुड़े हुए हैं और टीम सक्रिय रूप से डिजिटल कानूनी सेवाओं को विस्तार देने में कार्य कर रही है। कंपनी को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत Startup India Recognition भी प्राप्त हो चुका है, जो इसकी नवाचार क्षमता को दर्शाता है।

### परिवार से मिली प्रेरणा, दृष्टि बनी डिजिटल

अमृतांश ऐसे परिवार से आते हैं जहां कानून और व्यवसाय दोनों की मजबूत समझ रही है। उनके पिता अजेश अग्रवाल टैक्स मामलों के अनुभवी अधिवक्ता हैं, जबकि उनकी माता शिल्पी अग्रवाल एक उद्यमी के रूप में फैशन बुटीक संचालित करती हैं। इसी वातावरण ने उन्हें कानून को केवल पेशा नहीं बल्कि समस्या समाधान के माध्यम के रूप में देखने की दृष्टि दी।

### एकीकृत डिजिटल लीगल मॉडल

'VAKILNOW' व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के लिए कानूनी सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराता है। बिजनेस रजिस्ट्रेशन, टैक्सेशन, लाइसेंसिंग, कॉन्ट्रैक्ट, कंप्लायंस, लीगल नोटिस और विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं में सहायता प्रदान करते हुए यह प्लेटफॉर्म उद्यमियों को सुरक्षित और व्यवस्थित व्यवसाय संचालन में मदद करता है। प्लेटफॉर्म पारंपरिक HOURLY BILLING मॉडल से हटकर TRANSPARENT VALUE-BASED PRICING पर काम करता है, जिससे लोगों को पहले से स्पष्ट लागत जानकारी मिलती है और भरोसा बढ़ता है।



### सामाजिक दृष्टि और सुलभ न्याय

कंपनी कम लागत पर कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराने और जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ भी कार्य कर रही है। अमृतांश का मानना है कि कानून केवल सक्षम वर्ग तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हर व्यक्ति को समान रूप से सुलभ होना चाहिए। उनका प्रयास है कि लोग विवाद बढ़ने से पहले ही सही कानूनी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

### तकनीक और एआई से बदलती न्याय प्रणाली

भविष्य की योजनाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को प्लेटफॉर्म में एकीकृत करना शामिल है। एआई आधारित दस्तावेज विश्लेषण, केस मैनेजमेंट और प्रारंभिक कानूनी सलाह से प्रक्रिया तेज और अधिक प्रभावी बनाई जा रही है। जहां पारंपरिक प्रणाली में कई दिन लगते हैं, वहीं डिजिटल समाधान के माध्यम से कानूनी सेवाएं तेजी से उपलब्ध कराना कंपनी का लक्ष्य है। यह पहल कानूनी क्षेत्र को उसी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में है, जैसे फिनटेक ने बैंकिंग सेक्टर को बदला।

### खेल से मिला नेतृत्व और अनुशासन

राष्ट्रीय स्तर तक क्रिकेट और फुटबॉल खेल चुके अमृतांश अग्रवाल मानते हैं कि खेल नेतृत्व, निर्णय क्षमता और अनुशासन विकसित करता है। यही गुण आज उनके स्टार्टअप संचालन और टीम निर्माण में दिखाई देते हैं। उनका पूरा ध्यान वर्तमान में कानूनी नवाचार और डिजिटल सेवा विस्तार पर केंद्रित है।

***डिजिटल दौर में कानून को सरल, पारदर्शी और सभी के लिए सुलभ बनाना एक बड़ी आवश्यकता है। 'VAKILNOW' के माध्यम से अमृतांश अग्रवाल एक ऐसे कानूनी भविष्य की नींव रख रहे हैं जहां न्याय केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि तकनीक के माध्यम से हर नागरिक तक पहुंचने वाली सेवा बने।***



## देवेंद्र सिंह सिसोदिया (डायरेक्टर)
## स्वाति सिंह सिसोदिया (डायरेक्टर)

वासुदेव गिरि, फूड इंडिया प्रा. लि., नर्मदापुरम

### सिसोदिया दंपति के प्रयासों से अमेरिका तक में पहुंच रहे देवगिरी के प्रोडक्ट

# 100 एकड़ में कर रहे जैविक खेती, प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर बना रहे जैविक उत्पाद

**लोगों की थाली में शुद्ध और पौष्टिक भोजन पहुंचाने के उद्देश्य से सिसोदिया दंपति ने जैविक कृषि शुरू की। इसके साथ ही गिर गायों का दूध, पौष्टिक घी और पनीर भी बनाकर लोगों को उपलब्ध करवा रहे हैं।**

किसान परिवार में जन्में देवेंद्र सिंह सिसोदिया ने पढ़ाई-लिखाई की। नौकरियों के कई बड़े अवसर भी आए, लेकिन उन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य तय कर लिया कि वे अपनी पुस्तैनी खेती को ही अपना कॅरियर बनाएंगे। इसके बाद उन्होंने खेती-किसानी शुरू की। इसके साथ ही कॉलोनाइजर का कार्य भी शुरू किया। लोगों को बेहतर एवं सर्वसुविधायुक्त आशियाने उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्होंने लोगों को बेहतर, शुद्ध एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने का भी लक्ष्य तय किया और इसकी शुरूआत जैविक खेती से की। करीब तीन वर्ष पहले 100 एकड़ जमीन पर जैविक खेती की शुरूआत हुई।

जैविक खेती के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है गोबर की खाद और इसके लिए उन्होंने गुजरात से गिर गायें बुलवाई। वर्तमान में उनके पास करीब 45 गिर गाय हैं और आगामी वर्षों में उनका लक्ष्य एक हजार गिर गायों का है। देवेंद्र सिंह सिसोदिया एवं उनकी धर्मपत्नी स्वाति सिंह सिसोदिया अपना पूरा समय इस कार्य को दे रहे हैं। उनके दिन की शुरूआत सुबह साढ़े तीन बजे से हो जाती है। सुबह 6 बजे तक गायों का दूध निकालकर लोगों के घरों तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने अपनी एक कंपनी भी बनाई है, जिसका नाम वासुदेव गिरी फूड्स इंडिया प्रा. लि. है एवं उनके प्रोडक्ट श्रीदेविगिरी के नाम से बाजार में उपलब्ध है। वर्तमान में गिर गाय के दूध, घी के साथ-साथ पनीर भी उपलब्ध है। इसके अलावा गेहूं, अरहर, मूंग सहित सभी प्रकार की दालें, कच्ची घानी का तेल भी वे उपलब्ध करवा रहे हैं। उनके सभी प्रोडक्ट लैब टेस्टेड भी हैं। उनकी वेबसाइट www. vasudevgiri.com वासुदेवगिरीडॉटकॉम पर उनके सभी प्रोडक्ट उपलब्ध भी हैं। आगामी दिनों में अमेजन सहित अन्य प्लेटफार्म पर भी ये प्रोडक्ट उपलब्ध रहेंगे।

### एग्रीकल्चर में बेहतर कार्यों के लिए हुए सम्मानित

देवेंद्र एवं उनकी पत्नी स्वाति के कार्यों को कई मंचों पर ना सिर्फ सराहना भी मिली, बल्कि वे इन कार्यों के लिए पुरस्कृत भी किए गए। देवेंद्र सिंह सिसोदिया एवं स्वाति सिंह सिसोदिया को एग्रीकल्चर में बेहतर कार्य के लिए दिल्ली में आयोजित समारोह में दैनिक भास्कर का प्राइड अवार्ड दिया गया तो वहीं सीहोर जिले के अमलाहा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना सहित कई अन्य राज्यों के कृषि मंत्रियों की उपस्थिति में भी सम्मानित किया गया।



### आज के दौर में शुद्ध खाद्य पदार्थों की आवश्यकता बढ़ती जा रही है

देवेंद्र सिंह सिसोदिया एवं स्वाति सिंह सिसोदिया का मानना है कि आज जहां हर तरह की खाद्य वस्तु जहरयुक्त मिल रही है। ऐसे समय में शुद्ध खाद्य पदार्थों की महत्ती आवश्यकता है, ताकि लोग बीमारियों में न जकड़े जाएं। आज के दौर में जिस तरह से बीमारियां घेर रही हैं उसके पीछे का सबसे बड़ा कारण खानपान ही है। इसके लिए जरूरी है कि शुद्ध खान-पान सबकी थाली में पहुंचे और श्रीदेवगिरी की शुरुआत इसी सोच का परिणाम है। आज उनके मन में यह संतुष्टि है कि वे लोगों तक शुद्ध एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ पहुंचा पा रहे हैं।

### परिवार के सहयोग के बिना कोई कार्य संभव नहीं

देवेंद्र सिंह सिसोदिया ने जब अपनी कंपनी वासुदेव गिरी फूड्स इंडिया प्रा.लि. की शुरुआत की तो उनके साथ में उनकी धर्मपत्नी स्वाति सिंह ने भी मोर्चा संभाला। अब वे पूरी तरह से कंपनी के कार्य में उनका कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रही हैं। उनके इस कार्य में उनके बच्चे भी समय-समय पर अपनी भागीदारी निभाते हैं। देवेंद्र सिंह सिसोदिया का मानना है कि परिवार के सहयोग के बिना उनका यह कार्य संभव भी नहीं था। जब उन्होंने इसकी शुरूआत की तो काम तो शुरु हुआ, लेकिन काम की रफ्तार परिवार के सहयोग से ही बढ़ी और आज उनकी कंपनी श्रीदेवगिरी के प्रोडक्ट सीहोर, होशंगाबाद जिलों के अलावा देश के अन्य राज्यों एवं अमेरिका तक में पहुंच रहे हैं। उनके प्रोडक्ट श्रीदेवगिरी की हर जगह जमकर डिमांड आ रही है। श्रीदेवगिरी के घी सहित अन्य खाद्य उत्पादों की अमेरिका में जमकर डिमांड है।

***देवेंद्र सिंह सिसोदिया एवं स्वाति सिंह सिसोदिया का सफर यहीं नहीं थमने वाला है, लोगों की थाली में शुद्ध भोजन पहुंचाने के साथ-साथ वे ज्यादा से ज्यादा किसानों एवं लोगों को प्राकृतिक खेती की तरफ लाना चाहते हैं और इसके लगातार लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं।***



## मिलिंद ढोके

संयुक्त कलेक्टर
आगर मालवा

### जनसहयोग से मंदिर, नशामुक्ति और अनाथ बच्चों की शिक्षा की अनूठी मिसाल की कायम

# सेवा से प्रशासनिक जिम्मेदारियों तक पहुंचकर समाज को दी आगे बढ़ने की दिशा और ताकत

**संघर्ष, सेवा और साधना इन तीन शब्दों में अगर किसी अधिकारी के जीवन को समेटा जाए, तो वह नाम है मिलिंद ढोके। उनका प्रशासनिक और धार्मिक जीवन बताता है कि पद नहीं, बल्कि नियत और निष्ठा ही किसी व्यक्ति को बड़ा बनाती है।**

मिलिंद ढोके ने जनसहयोग के माध्यम से अब तक 102 मंदिरों और 50 तालाबों का निर्माण कराया है। मंदिर निर्माण के पीछे उनका उद्देश्य केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार रहा है। वे नशे की लत से जूझ रहे लोगों को समझाते थे कि शराब और अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च होने वाला पैसा समाज और धर्म के कार्यों में लगाया जाए। कई लोगों को नशामुक्त कर, उसी बची हुई राशि से मंदिर और तालाबों का निर्माण कराया गया। इन सभी कार्यों में शासन से कोई आर्थिक सहयोग नहीं लिया गया, बल्कि स्थानीय लोगों की समिति बनाकर पूरी पारदर्शिता के साथ काम किया गया। इन कार्यों की कुल लागत 100 करोड़ रुपए से अधिक है। महेश्वर, बड़वाह, खरगोन, शाजापुर, भिंड, सिंगरोली, आगर और भोपाल में कार्यकाल के दौरान उन्होंने व्यापक स्तर पर कार्य किया एवं 100000 से अधिक पौधों का रोपण करवाया। कोरोना काल में ऑक्सीजन प्लांट मुहैया करवाए। मिलिंद ढोके का बचपन संघर्षों से भरा रहा। उनके माता-पिता शिक्षित नहीं थे और परिवार नागपुर से इंदौर आकर मजदूरी करके जीवन यापन करता था। इस संघर्ष में उनकी मां और पिता की भूमिका बहुत अहम रही। उन्होंने हमेशा पढ़ाई में आगे बढ़ने वाले लोगों से प्रेरणा ली। बड़ी बहन सुनंदा ढोके के मार्गदर्शन में इंदौर से बीएससी-एलएलबी और एमए इतिहास की पढ़ाई पूरी की। महज 22 वर्ष की उम्र में शासकीय सेवा में चयन हुआ। एक वर्ष तक धार जिले में लेक्चरर रहे, इसके बाद राजस्व विभाग में आए। वर्तमान में वे आगर मालवा के संयुक्त कलेक्टर हैं।

### हिमालय की साधना और जीवन दर्शन

मिलिंद कहते हैं, 'हिमालय जाना खुद को समझने का माध्यम है। वहां की अनुभूति शब्दों में नहीं बताई जा सकती। वे बद्रीनाथ में बर्फानी बाबा जैसे संतों के साथ रहे, जिनकी उम्र लगभग 150 वर्ष बताई जाती है। ऐसे संतों के सानिध्य में रहकर उन्होंने योग और जीवन दर्शन को गहराई से समझा।



### सोलर और विंड एनर्जी की पहल

आगर एक कृषि प्रधान जिला है। यहां सोलर और विंड एनर्जी से जुड़े उद्योगों की शुरुआत हो रही है, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। मिलिंद का मानना है कि ऐसे उद्योगों से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। यह आवश्यकता केवल आगर की नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश और देश की है।

### जीवन में शिक्षा से आया परिवर्तन

मिलिंद का गुरुमंत्र है कि जिस काम को सोच लिया उसको पूरा करना ही है। उनके जीवन का सबसे बड़ा परिवर्तन शिक्षा के कारण आया है। जब उन्हें शासकीय सेवा में काम करने का मौका मिला, इससे उनके परिवार व भाई-बहनों का जीवन भी सुधर गया। आज सभी अपने काम को अच्छी तरह से कर रहे हैं। पत्नी आशा अध्यात्म जगत में अपनी विशुद्ध निष्काम भक्ति द्वारा बृजधाम में श्री राधेकृष्ण जी की भक्ति में लीन हो अपनी साधना से सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में प्रेरणा का उदाहरण बनी है, बेटा पहल इंदौर में एमबीए की पढ़ाई कर रहा है और बेटी महक लंदन में है। उनका मानना है कि यह सब सिर्फ शिक्षा और साधना की ताकत है।

### पेंटिंग, मूर्ति और गिटार से अभिव्यक्ति

मिलिंद ढोके एक संवेदनशील कलाकार भी हैं। वे बचपन से पेंटिंग करते आ रहे हैं, जिसे वे ईश्वर का वरदान मानते हैं। इसके साथ ही वे मूर्तिकला में भी रुचि रखते हैं। गिटार बजाने का उन्हें विशेष शौक है और मुंबई सहित कई मंचों पर वे प्रस्तुति दे चुके हैं। वे बच्चों को भी कला और संगीत सिखाते हैं, ताकि उनमें रचनात्मकता और आत्मविश्वास विकसित हो।

### हर अनाथ बच्चे की शिक्षा और इलाज की जिम्मेदारी

मानव सेवा ट्रस्ट और मिलिंद का अनाथ बच्चों की शिक्षा, इलाज और वंचितों पिछड़ों का विकास कर समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास रहा है। वह 1600 गायों का पालन पोषण कर रहे हैं और सड़क पर बैठने वाली गायों के गले और सींग पर रेडियम लगाते हैं ताकि गाड़ियां दूर से गाय को देख सकें और सड़क हादसों से बचा जा सके। कोरोना महामारी में मानवता दिखाते हुए अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया। उन्होंने जरूरतमंदों को चप्पल-जूते, भोजन, दवाइयां और कपड़े उपलब्ध कराए।

### साधारण जीवनशैली, चटाई में सोते हैं, मिट्टी के बर्तन में भोजन

दिन में प्रशासनिक कार्य और रात में सामाजिक सेवा, उन्हें साधु बनाती है। जितना संघर्ष उनके जीवन में रहा, उतना ही सादगी से भरा उनका रहन-सहन है। वे शुरू से ही व्यसन से मुक्त रहे और आज भी भौतिक सुख-सुविधाओं से दूर रहते हैं। कूलर, पंखा, टीवी, रजाई-गद्दे का उपयोग नहीं करते। चटाई पर सोते हैं और मिट्टी के बर्तनों में चूल्हे पर स्वयं भोजन बनाते हैं। बाजार के साबुन और टूथपेस्ट की जगह आज भी दातुन का उपयोग करते हैं। उन्होंने हिमालय में लंबा समय बिताया है, जहां ध्यान और साधना के माध्यम से जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से समझा। वो सात्विक भोजन ही खाते हैं आज तक उन्होंने चाय भी नहीं पी है। भविष्य में वो नर्मदा किनारे और हिमालय पर ध्यान में उतर कर स्वयं को जानने की कोशिश करना चाहते है।

***"परहित सरिस धरम नहीं भाई। पर पीड़ा सम नहीं अधमाई"।। शिक्षा से बड़ी कोई साधना नहीं और सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। पहले लक्ष्य तय करें और पूरी क्षमता के साथ उसके पीछे लग जाएं। सफलता मिलने तक धैर्य व शांति बनाए रखें। शिक्षा, मेहनत और स्पष्ट उद्देश्य ही व्यक्ति को आगे ले जाते हैं।***



## टीकमचंद गर्ग

चेयरमैन
कल्याण ग्रुप

## राजेश गर्ग

मैनेजिंग डायरेक्टर
कल्याण ग्रुप



### जहां लाभ से पहले लोगों की भलाई और सेवा को महत्व दिया जाता है

# सिर्फ व्यवसाय नहीं, समाज का उज्जवल भविष्य गढ़ रहा है इंदौर का कल्याण ग्रुप

**चार दशक से अधिक समय से निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टील के क्षेत्र में अपनी मज़बूत पहचान बनाने वाला कल्याण ग्रुप इस बात का उदाहरण है कि अगर परिवार एकजुट हो, उद्देश्य स्पष्ट हो और समाज को साथ लेकर चलने की भावना हो, तो कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है। चेयरमैन टीकमचंद गर्ग और मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश गर्ग इस विश्वास का जीवंत प्रतीक है कि व्यापार तब पूर्ण होता है जब वह समाज को आगे बढ़ाने और जीवन बेहतर बनाने की जिम्मेदारी निभाए।**

चार दशक से अधिक समय से निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टील के क्षेत्र में अपनी मज़बूत पहचान बनाने वाला कल्याण ग्रुप इस बात का उदाहरण है कि अगर परिवार एकजुट हो, उद्देश्य स्पष्ट हो और समाज को साथ लेकर चलने की भावना हो, तो कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है। चेयरमैन टीकमचंद गर्ग, मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश गर्ग और पूरा परिवार व्यवसाय को केवल लाभ का माध्यम नहीं बल्कि समाज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का ज़रिया मानता है। यही कारण है कि कल्याण ग्रुप आज स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक विकास और मानवीय सेवा के कई महत्वपूर्ण कार्यों में अग्रणी है।

### समाज के प्रति प्रतिबद्धता

कल्याण ग्रुप की पहचान केवल एक सफल उद्योग समूह के रूप में नहीं, बल्कि जनसेवा और मानवीय कार्यों में अग्रणी संस्था के रूप में भी है। स्वास्थ्य क्षेत्र में समूह ने गीता भवन हॉस्पिटल के विकास के कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पूरे किए हैं, जबकि गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र में थैलेसीमिया और डायलिसिस सेंटर संचालित करके जीवन से जूझ रहे मरीजों को सुलभ सेवा प्रदान की जा रही है। आने वाले समय में 300 बेड का एक आधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल शहर को समर्पित किया जाना है, जो गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत देगा। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एक स्कूल संचालित किया जा रहा है।

### कर्मचारी भी परिवार का हिस्सा

कल्याण ग्रुप की संस्कृति का सबसे मजबूत आधार अपने कर्मचारियों को परिवार जैसा सम्मान देना है। यहां हर व्यक्ति को अपने कार्य क्षेत्र में स्वतंत्रता, सम्मान और सुरक्षित माहौल मिलता है। उनके निजी जीवन की जरूरतों - चाहे घर दिलवाना हो, बेटियों की शादी हो या रिटायरमेंट के बाद भी मदद ,समूह हर कदम पर साथ खड़ा रहता है। टीकमचंद गर्ग का मानना है कि उनकी सफलता में सबसे बड़ा योगदान उनके कर्मचारियों का है, जिन पर उन्हें पूरा भरोसा है।



### एक निर्णय जिसने बदल दी दिशा

टीकमचंद गर्ग ने 1973 में इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद कई सरकारी नौकरियों के ऑफर ठुकरा दिए। मन नौकरी में नहीं, उद्यमिता में था । ऐसा व्यवसाय करने की इच्छा, जो लोगों को काम, अवसर और विकास का मंच दे। इसी विश्वास के साथ उन्होंने बहुत छोटे स्तर से काम शुरु किया और यही शुरुआत आने वाले वर्षों में कल्याण ग्रुप के रूप में विकसित हुई जिसमें परिवार की सहभागिता और माता-पिता के आशीर्वाद ने नींव को निरंतर मजबूत किया।

### गुना से देशभर तक पहुंची पहचान

कल्याण टोल इंफ्रास्ट्रक्चर का पहला प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश के गुना जिले में शुरु हुआ। यह सफर भले ही छोटे कदमों से शुरु हुआ हो, लेकिन मेहनत, ईमानदारी और परिणाम पर केंद्रित कार्यशैली ने कंपनी को प्रदेश की सीमाओं से आगे बढ़ाकर देशभर में मजबूत स्थान दिलाया। आज कल्याण ग्रुप प्रदेश व देश के कई बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स का सफल नेतृत्व कर रहा है।

### सफलता की नींव है एकजुट परिवार

टीकमचंद गर्ग और राजेश गर्ग की सबसे बड़ी ताकत उनका परिवार है। तीन पीढ़ियों का एक साथ रहना और साथ काम करना इस परिवार की अनोखी विशेषता है। जैसे-जैसे नए सदस्य व्यवसाय से जुड़े, नए विचार, आधुनिक दृष्टिकोण और युवाओं की ऊर्जा ने कंपनी को समय के साथ और सशक्त बनाया। उनका मानना है कि परिवार की एकता से न केवल चुनौतियाँ आसान होती हैं, बल्कि सफलता पूरी टीम के साथ साझा होती है।

***टीकमचंद गर्ग कई प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं और ट्रस्टों से जुड़े हैं और जरूरतमंद लोगों के लिए समय-समय पर आर्थिक सहयोग करते रहते हैं। उनका विश्वास है कि देने से कभी कमी नहीं होती, बल्कि लौटकर उससे कहीं अधिक प्राप्त होता है। यही मूल्य उनके परिवार, व्यापार और ट्रस्ट की गतिविधियों की प्रेरक शक्ति हैं।***

## प्रेरणा

आप रोशनी दीजिए तो अंधकार अपने आप दूर हो जाएगा। - डेसिडेरियस इरैजमस

## संपादकीय

# दुनिया के तमाम देशों पर तेल संकट का असर होगा

सरकार ने जनता को आश्वस्त करने के लिए दो बातें कही हैं- पहली, वैश्विक तेल संकट का भारत में खास असर नहीं होगा और दूसरी, इससे महंगाई नहीं बढ़ेगी। यह सच है कि 30 दिनों तक उस रूसी तेल पर- जो 5 मार्च से पहले जहाजों से अलग-अलग गंतव्यों की ओर चल चुका हो- लेकिन जो होर्मुज मार्ग के बंद होने के कारण फंसा हो- भारत द्वारा खरीद की छूट ट्रम्प सरकार ने दी है। इसके तहत तत्काल तीन टैंकर्स 2.2 मिलियन बैरल तेल के साथ भारत पहुंच गए। लेकिन इसी समय लगभग 130 मिलियन बैरल ऐसा ही रूसी तेल टैंकर्स में लदा हिन्द महासागर या अरब सागर में फंसा है। इसमें से 27 मिलियन बैरल तेल- जो भारतीय समुद्री सीमा के नजदीक है- भारत खरीदने की स्थिति में है। रूस से रेगुलर खरीद भी लगभग दूनी कर दी गई है। ट्रम्प भी इसे नजरअंदाज करेंगे, क्योंकि भारत तेल का बड़ा अंतरराष्ट्रीय खरीदार है और यूएस नहीं चाहेगा कि भारत द्वारा गैर-रूसी तेल की खरीद से वैश्विक बाजार में दाम बेतहाशा बढ़ें। लिहाजा भारत तेल को लेकर मजबूत स्थिति में है। लेकिन अरब देशों द्वारा उत्पादन रोकने के कारण तेल इस समय डेढ़ गुने से ज्यादा महंगा है और इसके 120 डॉलर प्रति बैरल तक जाने की आशंका है। इस वृद्धि से भारत को भी जरूरी सामान- जैसे रासायन्कि खाद (यूरिया, डीएपी और एमओपी) बेहद महंगा पड़ेगा। भारत के उत्पादों की खपत भी विदेशों में कम होगी क्योंकि महंगाई बढ़ेगी और डॉलर की कमी होगी। ग्लोबल संकट का असर हर देश पर होगा। भारत भी उससे अलग नहीं है।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# अपने जीवन में विचार और वीरता, दोनों ही बनाए रखें

मनुष्य का जीवन निराला है। यह मां की गोद और चिता की वेदी के बीच का है। जब आप पहली बार आंख खोलते हैं तो अपने को मां की गोद में पाते हैं। कई लोग प्रसन्न हो रहे होते हैं। आगमन का आनंद मनाया जाता है। उस आगमन से आप अनजान हैं, लेकिन आपका जन्म हो चुका है। और जब संसार से जाते हैं तो चिता की वेदी में कई लोग विदा करने आते हैं और हम उस समय भी अनजान रहते हैं। न सिर्फ अनजान, बल्कि मजबूर भी। पहली बार भी स्वयं नहीं नहा पाए और आखिरी बार भी दूसरे ही नहला के भेजते हैं। इसके बाद भी इंसान गर्व करता है कि मैं सब कुछ कर लूंगा। इसलिए, इस बीच जो भी किया जाए, उसमें विचार और वीरता दोनों बनाए रखो। देखा जाता है कि जो विचारक होते हैं, वो वीर नहीं होते और जो वीर होते हैं, वो विचारों से दूर रहते हैं। वाल्मीकि ऐसे ऋषि थे, जिनको मुनियों में सिंह कहा गया। उन्हें एक ही समय कोयल और सिंह की उपमा दी गई। तो वाल्मीकि इस बात का प्रतीक हैं कि जितना जीवन जीएं, उसमें शौर्य, पराक्रम, चिंतन, विनम्रता, संस्कार और मनुष्य होने का बोध बना रहे।

•Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## पाठकों के पत्र

### ताकतवर नहीं, संवेदनशील बनें राष्ट्र

मध्य-पूर्व में शांति दो बातों पर निर्भर है। पहली, कूटनीति और संवाद को शांति का जरिया बनाया जाए। दूसरा, इजराइल की दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अन्यथा, इजराइल अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए लगातार युद्ध करता रहेगा। तुलसीदास जी ने कहा है कि 'समरथ को नहीं दोष गोसाईं'। लेकिन शक्तिशाली बनने के बजाय राष्ट्रों को संवेदनशील बन एक-दूसरे की सम्प्रभुता की रक्षा करने की आवश्यकता है। -डॉ. एसडी वैष्णव, उदयपुर, राजस्थान

### पर उपदेश कुशल बहुतेरे

पहले उन्होंने बताया कि गाड़ियों से कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन और किराने वाले से प्लास्टिक की पन्नी लेना हमारे ग्रह के लिए कितना नुकसानदेह है। लेकिन आज वही बारूद बरसा रहे हैं और तेल रिफाइनरीज को आग लगा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई पर अरबों डॉलर खर्च करने वाले देश स्कूलों पर भी मिसाइल बरसा रहे हैं। वो कहावत है ना- पर उपदेश कुशल बहुतेरे।
-सुनील खासगीवाला, सूरत, गुजरात

### प्रतिभा और पूंजी पलायन रोकें

हमारे देश से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में प्रतिभावान छात्र और उद्योगपति विदेशों में पलायन कर रहे हैं। हमें सोचना चाहिए कि कैसे इसे रोका जा सकता है। प्रतिभा पलायन रोकने के लिए युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर देने होंगे। पूंजी प्रवाह रोकने के लिए ईज ऑफ डुइंग बिजनेस पर ध्यान देना होगा। सरकारों द्वारा उचित नीति बनाए जाने की दरकार है, अन्यथा इसका खामियाजा समाज को भोगना होगा। -केएन शर्मा, बड़वाह, मध्यप्रदेश

### ट्रम्प अपनी जिद छोड़ें

अमेरिका, इजराइल, ईरान युद्ध से एक बार फिर दुनिया के देशों पर संकट गहरा गया है। किसी को व्यापार ठप्प होने, तो किसी को तेल-ईंधन संकट गहराने का डर सता रहा है। निर्दोष लोग भी मारे जा रहे हैं। ट्रम्प साहब, आपसे अनुरोध है कि अपनी जिद छोड़ें और युद्ध को समाप्त करें। ऐसे फैसले लेने से बचें, जो दुनिया के दूसरे देशों के लिए जरा भी उचित न हों।
-राजेश कुमार चौहान, जालंधर, पंजाब

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## क्या आप जानते हैं

# एक सदी पहले एक नाटक से जन्मा था 'रोबोट' शब्द

आज भले ही 'रोबोट' शब्द दुनिया का बच्चा-बच्चा जानता है, लेकिन यह शब्द सबसे पहले सौ साल पुराने एक चेक नाटक में प्रयुक्त हुआ था। चेक लेखक कारेल चापेक द्वारा 1920 में लिखे नाटक आरयूआर (रोसम्स यूनिवर्सल रोबोट्स) से यह शब्द प्रसिद्ध हुआ। रोसम्स नाटक में वर्णित एक कम्पनी थी, जो यांत्रिक मनुष्य बनाती थी। 1921 में प्राग के नेशनल थिएटर में इस नाटक का पहला मंचन हुआ था। चेक भाषा में रोबोटा शब्द जबरन कराए जाने वाले श्रम के लिए इस्तेमाल होता था।

**1950 में अमेरिकी इंजीनियर जॉर्ज डेवोल द्वारा बनाया गया 'यूनिमेट' दुनिया में औद्योगिक उपयोग के लिए बना पहला रोबोट माना जाता है। इसे एक कार कम्पनी द्वारा इस्तेमाल किया गया था।**

## बामुलाहिजा • असुरक्षा के इस माहौल में हम नए मित्र तलाश रहे हैं और शत्रुता बढ़ाने से बच रहे हैं

# ट्रम्प के उकसावे में न आना हमारी समझदारी

## कूटनीति



शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
X @ShekharGupta

ट्रम्प अपने सहयोगियों और मित्रों को अपमानित करते हैं। इसे समझने का एक सरल तरीका भी है, जिसे अगर हम भारत में ट्रकों के पीछे लिखी सूक्तियों से समझें तो इस सूक्ति का इस्तेमाल कर सकते हैं- 'ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको ठगा नहीं'। इसमें 'सगा' की जगह सहयोगी/पार्टनर/दोस्त को रख दें और 'ठगा' की जगह अपमानित शब्द को रख दें तो तस्वीर साफ हो जाती है। ट्रम्प का तरीका अपने मित्रों पर खुलकर अशिष्टता के साथ धौंस जमाने वाला रहा है। ट्रम्प को मालूम है कि उनमें से कोई भी अमेरिका पर अपनी पुरानी निर्भरता के कारण उनका प्रतिकार नहीं कर सकता।

वे इन देशों के नेताओं को अकसर नीचा दिखाते रहे हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ वैसा ही सुलूक किया, जैसा वे स्पेन, डेनमार्क, नॉर्वे, कनाडा, यूक्रेन, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, स्विट्जरलैंड और न जाने कितने देशों के नेताओं के साथ कर चुके हैं। स्पेन ने जब ईरान के खिलाफ युद्ध में उन्हें अपने यहां के सैन्य अड्डों का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी तो ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका किसी से इजाजत नहीं मांगता। डेनमार्क और नॉर्वे के मामले में क्रमशः ग्रीनलैंड और नोबेल पुरस्कार वाला मसला उनके लिए आड़े आता है। दक्षिण अफ्रीका के लिए उन्होंने मस्क के 'श्वेत' जनसंहार वाले बयान का इस्तेमाल किया, तो जेलेंस्की के प्रति उनके 'प्रेम' को हम सब देख ही चुके हैं। और यह भी कि इसने उन्हें ईरान के ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की मदद लेने से नहीं रोका।

इस तरह दो बातें साफ दिखती हैं। एक यह कि ट्रम्प व्यवहारकुशल हैं। वे अपने मित्रों का जो अपमान करते हैं, उसे अपने दिल में नहीं रखते। वे उनसे यही अपेक्षा रखते हैं कि वे उनके लिए मुश्किल न पैदा करें। यूरोप उनके ऊपर इतना निर्भर है कि कोई शिकायत नहीं कर सकता। अगर आप अपनी रक्षा खुद नहीं कर सकते, तो आपने अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी जिसे सौंपी है वह आपको नीचा दिखाए तो चुपचाप बर्दाश्त करें।

लेकिन जिन लोकतांत्रिक देशों के पास लोकप्रिय नेता हैं, उनके साथ यह तरीका नहीं चलेगा। ऐसे देशों में भारत सबसे उल्लेखनीय है। ट्रम्प अनेक बार दावा कर चुके हैं- और हमने तो इसकी गिनती करनी भी छोड़ दी है- कि उन्होंने व्यापार बंद कर देने की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान युद्ध रुकवा दिया, या कि ऑपरेशन सिंदूर में कितने विमान मार गिराए गए। बेशक उन्होंने यह नहीं बताया कि गिराए गए विमान किसके थे।

ट्रम्प बारीकियों में बात करने वाले व्यक्ति नहीं हैं। उन पर सुर्खियां बटोरने का जुनून हावी रहता है। किसी दिन उन्हें यह लगा कि उन्हें सुर्खी नहीं मिली है, तो इसके लिए वे अपने किसी मंत्री की ही छुट्टी कर दे सकते हैं। उन्होंने अपनी होमलैंड सिक्योरिटी मंत्री क्रिस्टी नोएम को किस तरह बर्खास्त किया, उस पर गौर कीजिए। और इसके बाद उन्होंने एक सामंती शासक की तरह बेअदबी से जो अविश्वसनीय किस्म का संदेश पोस्ट किया उस पर भी गौर कीजिए, जिसमें उन्होंने कहा कि अब देखना है कि उन्होंने क्रिस्टी के लिए जो विशाल फार्म तैयार किया है, उसका भविष्य क्या होगा।

इसका अगला कदम यह कि जो उनके ऊपर निर्भर हैं- अमेरिका के सम्प्रभु मित्र या उनकी अपनी टीम के सदस्य- उन पर हमला करने पर उन्हें कितना सुकून मिलता है। जबकि वे शी जिनपिंग के साथ शराफत से पेश आते हैं, व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन के साथ दोस्ताना रुख रखते हैं। अपने इस कार्यकाल में अब तक एनएसए माइकल वाल्ज के बाद क्रिस्टी नोएम दूसरी प्रमुख हस्ती हैं, जिनकी उन्होंने छुट्टी की है। लेकिन उनके पिछले रिकॉर्ड को देखें तो यही कहा जाएगा कि अभी तो आपने कुछ नहीं देखा। अपने पहले कार्यकाल में उन्होंने कैबिनेट दर्जे के सात अधिकारियों को बर्खास्त किया था और करीब इतने को ही पद छोड़ने पर मजबूर किया था। आज भी कई ऐसे हैं, जिनसे वे खार खाए बैठे हैं।



**जब ट्रम्प आपको अपना दोस्त बताएं तो सावधान हो जाएं...**

**ट्रम्प की खास मोहब्बत दोस्तों के प्रति ही उमड़ती है। इसलिए जब वे आपको अपना बहुत अच्छा दोस्त कहने लगें तो समझ लें कि सावधान हो जाने का वक्त आ गया है। ऐसे में ट्रम्प के उकसावे में न आकर हमने समझदारी ही दिखाई है।**

कई मौकों पर ट्रम्प अपने लोगों के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं, जो हमारी तहजीब में बेइज्जती मानी जाएगी। यानी यह साबित हो चुका है कि ट्रम्प की खास 'मोहब्बत' अपने दोस्तों और कॉमरेड्स के प्रति ही उमड़ती है। इसलिए, जब वे आपको 'अपना बहुत अच्छा दोस्त' कहने लगें तो समझ लीजिए कि आपके सावधान हो जाने का वक्त आ गया है। यानी वे अपने चाकू को धार दे रहे हैं। वे स्कूल के उस दादा के समान हैं, जो अपने गैंग के साथियों को याद दिलाता रहता है कि असली बॉस वही है, प्रतिद्वंद्वी दादाओं से दूर रहो।

अब सवाल यह है कि हम उनसे कैसे निपटें? उकसावे में न आकर मोदी ने ट्रम्प के साथ रिश्ते निभाने में अब तक समझदारी ही दिखाई है। टैरिफ थोपे जाने पर भी भारत शांत रहा। मैं नहीं मानता कि भाजपा अगर विपक्ष में होती तब उसने कांग्रेस की सरकार को इसके लिए बख्श दिया होता। लेकिन कांग्रेस विपक्ष में होते हुए सिर्फ ट्वीट करके संतुष्ट है। इसके विरोध में प्रदर्शन के लिए वे 10 हजार लोगों को भी इकट्ठा नहीं कर पाए हैं।

दूसरी समझदारी हमने यह दिखाई कि हम दूसरे मित्रों की भी तलाश कर रहे हैं। इसका बढ़िया उदाहरण कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का गर्मजोशी भरा स्वागत है। आखिर कनाडा अमेरिका का करीबी साथी रहा है, तभी तो उसकी बेइज्जती '51वां राज्य' बताकर की गई। यह सवाल उठाया जा सकता है कि मोदी ने इजराइल का दौरा क्यों किया? वह भी यह जानते हुए कि ईरान के साथ लड़ाई कभी भी शुरू हो सकती थी। मैं अनुमान लगा सकता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के भंडार में आई कमी को पूरा करना जरूरी हो गया होगा। पीएसएलवी के लगातार दो प्रक्षेपण नाकाम हो गए; सैन्य उपयोग वाले मूल्यवान उपग्रह नष्ट हो गए; खुफिया, निगरानी और टोही संसाधन कमजोर हो रहे थे; इसके अलावा स्टैंड-ऑफ हथियारों, ड्रोनों, सेंसरों की जरूरत बढ़ गई थी। हवाई सुरक्षा को मजबूत करना भी जरूरी हो गया था। यह भी स्पष्ट है कि मध्य-पूर्व के मामले में भारत ने अपना एक पक्ष चुन लिया है। यह है इजराइल-यूएई गठबंधन। यह यूएई के शासक शेख मोहम्मद बिन जाएद के भारत दौरे को संदर्भ प्रदान करता है। तीसरी समझदारी यह की गई कि चीन को व्यापार के मामले में मौके प्रदान किए गए हैं। वैसे भी, असुरक्षा के इस माहौल में भारत भला कितने पंगे ले सकता है?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

## विश्लेषण • नए दल सियासी गणित बिगाड़ सकते हैं

# चुनाव मैदान में कैसा प्रदर्शन रहता है नई पार्टियों का?

## राजनीति



संजय कुमार
प्रोफेसर और चुनाव विश्लेषक
sanjay@csds.in

अगले कुछ महीनों में दक्षिण भारत के तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी तथा पूर्व में असम और बंगाल में चुनाव होंगे। ये सभी चुनाव अहम हैं, लेकिन बंगाल और तमिलनाडु पर सबसे ज्यादा निगाहें टिकी हैं। इसका एक बड़ा कारण है कि दोनों ही राज्यों में नए सियासी दलों ने एंट्री ली है। कुछ लोगों का मानना है कि ये नए दल स्थापित पार्टियों को चुनौती दे सकते हैं। गठबंधन की संभावनाओं को प्रभावित कर सियासी गणित बिगाड़ सकते हैं। दूसरों का मत है कि ये चर्चा का विषय तो बनेंगे, लेकिन राजनीतिक रूप से ज्यादा अहमियत नहीं रखते। इसी बहाने हालिया चुनावों में नए दलों के प्रदर्शन पर नजर डालते हैं।

बंगाल में टीएमसी से निलंबित और मुर्शिदाबाद की भरतपुर सीट से विधायक हुमायूं कबीर ने नए दल जन उन्नयन पार्टी की घोषणा की है। यह इंडियन सेकुलर फ्रंट और एआईएमआईएम के साथ गठबंधन की संभावना तलाश रही है, जो टीएमसी के मुस्लिम वोट बैंक पर असर डाल सकती है। तमिलनाडु में फिल्म अभिनेता विजय अपने सियासी दल 'तमिझगा वेत्री कषगम' की घोषणा कर चुके हैं। विजय ने पार्टी को भ्रष्टाचार व साम्प्रदायिकता-विरोधी तथा सामाजिक न्याय और तमिल स्वाभिमान की परम्पराओं पर आधारित बताया है। उन्होंने ऐलान किया है कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य 2026 का विधानसभा चुनाव लड़ना और जीतना है। उन्होंने अपने दल को डीएमके और भाजपा के नेतृत्व वाले खेमे, दोनों के सामने द्रविड़ संस्कृति वाली नई राजनीतिक ताकत के तौर पर पेश किया है। केरल में मैथ्यू टी. थॉमस ने जनवरी में जेडीएस से अलग होकर 'इंडियन सोशलिस्ट जनता दल' बनाया है। इसी राज्य में कांग्रेस के पूर्व नेता जॉर्ज जे. मैथ्यू ने किसानों के मुद्दों और अन्य मांगों पर ध्यान देने के लिए 'नेशनल फार्मर्स पार्टी' बनाई है।

भारत के चुनावों में नए राजनीतिक दलों के भविष्य को लेकर विश्वास के साथ कुछ भी कह पाना कठिन है। अतीत में हमने ऐसे नए दलों की सफलता और विफलता, दोनों की कहानियां देखी हैं। अलग-अलग राज्यों के चुनावों में ऐसे उदाहरण मिलते हैं, जहां कहीं तो नए दलों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, कुछ में ठीक-ठाक रहा और कहीं तो जरा भी बेहतर नहीं कर पाए।

2015 और 2020 में 'आप' ने दिल्ली में बड़ी जीत दर्ज की, लेकिन 2025 में सत्ता से बाहर हो गई। इस बीच उसने 2022 में पंजाब में भी बड़ी जीत हासिल की। लेकिन सभी नए दलों का भाग्य ऐसा नहीं होता। 2025 के बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर की नवगठित जन सुराज पार्टी काफी चर्चित रही थी। लेकिन बुरी तरह विफल हुई। पार्टी को महज 3% वोट मिले और खाता तक नहीं खोल पाई। 2006 में राज ठाकरे की मनसे 2009 के महाराष्ट्र चुनाव में पहली बार 143 सीटों पर लड़ी। 13 सीटें जीत भी लीं, लेकिन बाद के चुनावों में उसका प्रदर्शन गिर गया।

**किसी पार्टी को बनाने और उसे गति देने के लिए नेतृत्व अहम फैक्टर होता है। हालांकि इससे भी महत्वपूर्ण होता है पार्टी संगठन और संरचना। यानी पार्टी नई हो या पुरानी, उसकी चुनावी सफलता के दो ही स्तंभ होते हैं- नेतृत्व और संगठन।**

असम में 2015 में प्रमोद बोडो द्वारा स्थापित यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) ने अपना अभियान बोडोलैंड में इन्क्लूसिव वेलफेयर पर केंद्रित किया। 2021 में असम चुनाव के पहले मुकाबले में पार्टी 8 सीटों पर लड़ी, जिनमें से 6 पर जीत दर्ज करके भाजपानीत सत्तारूढ़ गठबंधन में अहम सहयोगी बन गई। 2014 में बनी पवन कल्याण की जनसेना पार्टी ने 2024 के चुनाव में टीडीपी-भाजपा से गठबंधन कर 21 सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी पर जीत दर्ज की। इससे एनडीए का समग्र वोट शेयर भी बढ़ा। रामविलास पासवान की लोजपा 2005 में बिहार में कांग्रेस और राजद से गठबंधन कर 203 सीटों पर लड़ी और 29 सीटें जीती। वैसे, भारतीय राजनीति में नए दलों के प्रदर्शन की इस विविधता से शायद ही पता चलता है कि चुनावों में नई पार्टियां कैसा प्रदर्शन करेंगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## नजरिया • लोकतंत्र और पूंजीवाद पर उठते सवाल

# चुप्पी में भी धीरे-धीरे कोई प्रतिरोध शामिल होना चाहिए

## देशकाल



प्रियदर्शन
लेखक और पत्रकार
priyadarshan.parag@gmail.com

नेटफ्लिक्स पर इन दिनों चल रही वेब सीरीज 'द नाइट एजेंट' के तीसरे सीजन में सीधे अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी संदेह और आरोपों से घिरे हैं। पता चलता है कि उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के लिए ऐसे संदिग्ध लोगों से पैसे लिए हैं, जिनका वास्ता आतंकी धमाकों से भी है। अमेरिका के मनोरंजन उद्योग में इन दिनों ऐसी और भी फिल्में या वेब सीरीज हैं, जिनमें सर्वोच्च स्तर के नेता, अफसर या खुफिया अधिकारी अपने ही देश से गद्दारी करते नजर आते हैं।

उस अमेरिका में ये फिल्में या सीरीज बन रही हैं, जिसे दुनिया का सबसे कामयाब लोकतंत्र माना जाता है। जाहिर है, आम अमेरिकियों में लोकतांत्रिक प्रणाली से निकले नेतृत्व को लेकर मोहभंग है, जिसकी अभिव्यक्ति इन फिल्मों या सीरीज में दिखती है। ट्रम्प के दौर में इस व्यवस्था में श्वेत नस्लवाद, सैन्य वर्चस्ववाद, कुंठित मर्दवाद का जो नया त्रिकोण विकसित होता दिख रहा है, उस पर फिल्में बननी शायद अभी बाकी हैं।

ईरान पर अमेरिकी हमले के बीच एप्स्टीन फाइलों से खुल रहा सिहरा देने वाला सच बताता है कि हम सभ्यता के कितने भयावह पाखंड के बीच रह रहे हैं। एप्स्टीन फाइलों में शामिल नामों पर एक सरसरी निगाह भी बताती है कि किस तरह दुनिया के ताकतवर लोग- राजनीतिक, आर्थिक व बौद्धिक मानक बनाने वाले भी- इस काली-घिनौनी सूची में शामिल हैं और तब भी कोई व्यवस्था उनका बाल बांका तक नहीं कर पा रही। उल्टे वे अपने कुकृत्य छुपाने या उनकी चर्चा मंद करने के लिए ईरान पर हमले कर रहे हैं, संसदों की कार्यवाहियां ठप्प होने दे रहे हैं और मामले अदालतों में लम्बित होने की दुहाई दे रहे हैं। मगर ये ताकतवर लोग एक-दूसरे के मित्र बने हुए हैं, एक-दूसरे की कार्रवाइयों को समर्थन दे रहे हैं और चुपचाप इस व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, जो उनके किले को और अभेद्य बना सके।

क्या यह आधुनिक लोकतंत्र की विफलता है? क्या यह उस विराट पूंजीवाद की विकृति है, जो किसी समांतर व्यवस्था के अभाव में अपनी अपरिहार्यता का गुमान करता सारे पाप कर रहा है? क्या यह उस नई उपभोक्तावादी प्रवृत्ति का प्रतिफलन है, जिसमें सबकुछ उपभोग, मनोरंजन, निजी तुष्टि और तृप्ति के लिए है? इन प्रश्नों में सरलीकरण लग सकता है, लेकिन यह सच है कि ये सारी व्यवस्थाएं अंततः दुनिया को तथाकथित विकास की चमकीली पन्नियों में लपेट कर युद्ध और विध्वंस के मुहाने पर ही ले जा रही हैं। इस विध्वंस से पहले जो कुछ है, वह भयावह विषमता है- अगर दुनिया में नहीं तो अपने देश में जरूर- जितने अरबपति बढ़ रहे हैं, उतने ही गरीब भी बढ़ते जा रहे हैं।

सवाल और भी हैं। क्या हम इस स्थिति से निजात पा सकते हैं? या क्या हम इससे निजात पाना भी चाहते हैं? अपने देश के संदर्भ में देखें तो एक तरफ विकास की लुभाती हुई कहानी है, जिसके कुछ आयाम चमचमाते बाजारों, फ्लाई ओवरों और तरह-तरह की कारों में दिखते हैं और दूसरी तरफ कट्टरता,

**सभ्यता के रंध्रों में इतनी रोशनी फिर भी बची होती है कि वह कोई रास्ता दिखा सके। क्या यह गांधी का रास्ता है? क्या यह संयम और पश्चाताप से बन सकता है? डॉ. लोहिया यों ही नहीं कहते थे कि निराशा के भी कर्तव्य होते हैं!**

कठमुल्लेपन, घृणा-पोषित साम्प्रदायिकता की ओर बढ़ते समाज की हकीकत है, जिसमें मंदिर-मस्जिद, मजार, बाबा, साधु-संत-महंत और मठ सबसे ज्यादा चर्चा व स्वीकृति हासिल कर रहे हैं। इनके बीच एक खाता-पीता उपभोक्ता वर्ग है, जिसे हर तरह की मलाई अपने लिए चाहिए।

यह टिप्पणी निराशाजनक लग रही हो तो इसमें आशा की किरण कहां खोजें? बेशक वह कहीं होगी जरूर, क्योंकि इतनी पुरानी सभ्यता और संस्कृति के रंध्रों में इतनी रोशनी फिर भी बची होती है कि वह कोई रास्ता दिखा सके। क्या यह गांधी का रास्ता है? क्या यह संयम और पश्चाताप से बन सकता है? मगर क्या हम उस संयम और पश्चाताप के कहीं आसपास भी हैं? इस चुप्पी में भी धीरे-धीरे कोई प्रतिरोध शामिल होना चाहिए। डॉ. लोहिया यों ही नहीं कहते थे कि निराशा के भी कर्तव्य होते हैं! (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## डिफ्रेंट एंगल • 28 फरवरी को हुए हमलों ने सबको हतप्रभ कर दिया, यह एक अप्रत्याशित घटना थी...

# वैभव और सुविधाओं के प्रतीक दुबई की छवि पर हमलों की आंच

## आपबीती



निरंजन आर्य
राजस्थान के
पूर्व मुख्य सचिव

मैं 27 फरवरी को दुबई पहुंचा। वही चमक, उसी आकर्षण के साथ 27 व 28 फरवरी को निर्भीकता एवं स्वेच्छाचारिता के साथ दुबई व्हील, मिरेकल गार्डन एवं दुबई सफारी घूमने का लुत्फ लिया। 28 की शाम छह बजे तक किसी की सोच में भी वह नहीं आया होगा, जो उसके तुरंत बाद घटित हुआ। शाम साढ़े छह बजे हम नाव में बैठने की तैयारी कर ही रहे थे कि एक तरफ धमाके की आवाज आई और धुएं का बवंडर उठता दिखा। नाव चालक ने इसे सामान्य घटना बताकर यात्रा प्रारंभ कर दी। पांच मिनट बाद ही हम देखते हैं कि आकाश से टूटते तारों की भांति तीन-चार मिसाइल्स आ रही हैं। हमें लगा कि वो हमारे ऊपर ही आ रही हैं, लेकिन तीव्रतम गति से हमारे ऊपर से वो गुजरीं और सेकंड्स में ही दूर दो-तीन धमाके हुए। अब तो नाव चालक भी भयभीत हो गया। अफरा-तफरी में नाव घुमाई गई और हम अपनी होटल में लौटे।

दुबई तो बहुत सुरक्षित, शांत, आधुनिक शहर है, जिसे पूर्व का लंदन भी कहते हैं, वहां यह अकल्पनीय घटना कैसे हो गई? दुबई के नाम को तोड़-जोड़ कर समझें तो इसे अंग्रेजी में एक प्रकार से Do-Buy अर्थात् खरीदारी करो के रूप में माना जा सकता है। प्रकृति-प्रदत्त तेल संसाधनों के राजस्व को सही प्रकल्पों में लगाकर यहां व्यापार-वाणिज्य और सेवा का वैश्विक केंद्र तो बना ही है, सोच और समझ से पर्यटन की विविधता को एक मनोहर चमक भी दी गई है। विशेषकर एशियाई देशों के लोगों के एक सपने के रूप में उभरता दुबई कामगारों की अंतर्राष्ट्रीय समरसता, समेकित समझ और रोजगार का एक आदर्श सपना है। आप देख सकते हैं कि एक उपक्रम में किस प्रकार भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी, श्रीलंकाई और नेपाली स्नेह और समरूपता से कार्य करते हैं। उनके चलन में कहीं भी वैमनस्य नहीं है।

लेकिन अचानक 28 फरवरी को यह क्या हुआ? शहर पर आकाशीय हमला। सब हतप्रभ थे, अप्रत्याशित और असंभव लगने वाली घटना क्या सच थी? क्या दुबई को किसी की नजर लग गई? कुछ समझ नहीं आ रहा था। दुबई की चमक पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की धमक होने लगी। इसने दुबई वासियों को हिलाकर रख दिया।

अगले दिन ही दुबई में एयरस्पेस बंद कर दिया गया और मेरी फ्लाइट जो एक तारीख को जयपुर के लिए निर्धारित थी, को भी रद्द कर दिया गया। आकाश में दुबई के रक्षक युद्ध विमानों की गूंज बढ़ गई। मोबाइल पर एलर्ट व एडवाइजरी के संदेश आने लगे। पाम जुमेराह- जो कि एक अति संवेदनशील क्षेत्र माना गया था- में हमारी होटल को भी खाली करने की सलाह दी गई। हम एक राजस्थानी भाई के घर में शिफ्ट हो गए। लेकिन यहां भी देखा कि अल-गुसैस इलाके की तरफ धुआं उठ रहा था।

दो व तीन तारीख को भी अलग-अलग जगहों में तीन-चार धमाके सुने गए थे। चार तारीख को भी पुरानी दुबई की तरफ से धमाकों की आवाज आ रही थी। यद्यपि हमको बताया गया था कि मिसाइल व ड्रोन के आक्रमण पूर्व निर्धारित लक्ष्यों को ही भेदते हैं, अतः ज्यादा डर की आवश्यकता नहीं है; लेकिन जब हवाई अड्डा भी आक्रमण का शिकार बना, तब लगा कि हमारी वापसी पता नहीं कब होगी। हम डर गए थे कि यदि युद्ध नहीं रुका तो हम भारत कैसे जाएंगे। आखिरकार 6 मार्च का टिकट लिया गया। 5-10% यात्राओं के लिए एयरपोर्ट खोला गया। बहुत आशाओं के साथ हम लोग सुबह 6 बजे फुजैराह एयरपोर्ट के लिए निकले, जो कि दुबई से 110 किमी था। एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विमान दिल्ली से उड़ गया है और वो ही आपको दिल्ली ले जाएगा। आखिरकार, नियत समय पर विमान आया और हम भारत लौटकर आ पाए। लेकिन दुबई की प्रतिष्ठा पर हल्की आंच आ गई है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**विधानसभा** • इसी निकाय चुनाव में लागू होगा कानून, 30 साल पुराना कानून बदला

# निकाय चुनाव में भी छूट...दो से अधिक बच्चों वाले भी बन सकेंगे पार्षद-चेयरमैन

भास्कर न्यूज | जयपुर

भजनलाल सरकार ने निकाय चुनावों में 30 साल पुराने उस नियम को हटा दिया है, जो दो से ज्यादा बच्चों वाले नेताओं के चुनाव लड़ने पर रोड़ा बना हुआ था। विधानसभा में राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) बिल 2026 पारित कर दिया गया है। इसके साथ ही कुष्ठ रोग पीड़ितों के चुनाव लड़ने पर लगी दशकों पुरानी पाबंदी भी हटा दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मई 2025 में कुष्ठ रोगियों से भेदभाव खत्म करने के आदेश दिए थे। नगरपालिका एक्ट की धारा 18 (2) में संशोधन के बाद अब तीसरी संतान अयोग्यता का कारण नहीं बनेगी। इस मामले में सरकार का तर्क है कि जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर केवल जनप्रतिनिधियों पर यह पाबंदी थोपना तर्कसंगत नहीं था। माना जा रहा है कि प्रदेश के उन हजारों जमीनी नेताओं की घर वापसी होगी जो 1995 के बाद तीसरी संतान होने के कारण चुनावी दौड़ से बाहर होते आ रहे थे। आगामी 196 निकायों के चुनाव में अब उम्मीदवारों की संख्या में पिछले चुनाव की तुलना में 30 प्रतिशत तक वृद्धि होने के आसार है।

**150 स्थाई और 700 अस्थाई प्रशिक्षक नियुक्त होंगे**

## आमेर में बनेगा महाराणा प्रताप खेलकूद विवि

**जयपुर** | आमेर में महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय बनेगा। 101 करोड़ की लागत से 2 लाख वर्ग मीटर भूमि में इसे बनाया जाएगा। सातों संभागों से एक-एक खेल कॉलेज संबद्ध किए जाएंगे, प्राइवेट कॉलेजों को भी संबद्धता दी जा सकेगी। युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि इससे शारीरिक शिक्षा और खेलकूद के क्षेत्र में शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान को प्रोत्साहन मिलेगा। इस विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स साइंसेज, स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स कोचिंग, स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन, स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन, स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ एंडवेंचर स्पोर्ट्स जैसे क्षेत्रों में अध्ययन कर सकेंगे।

### दो खिलाड़ी बोर्ड में सदस्य होंगे

कुलगुरु की अध्यक्षता में प्रबंध बोर्ड बनेगा। इसमें वित्त, उच्च शिक्षा, विद्यालय शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव, क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष, आयू के शारीरिक शिक्षा निदेशक, प्रतिकुलगुरु और कुल सचिव (सदस्य सचिव) पदेन सदस्य होंगे। कुलाधिपति द्वारा नामित शिक्षाविद्, दो विश्वविद्यालयों के आचार्य, पुरस्कृत दो खिलाड़ी सदस्य होंगे। सलाहकार परिषद में कुलाधिपति से नियुक्त राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त व्यक्ति समिति के अध्यक्ष होगा। इनके साथ कुलगुरु, युवा मामले एवं खेल विभाग के प्रमुख सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के अध्यक्ष या नामित व्यक्ति संकायाध्यक्ष सदस्य होंगे।

## अमरूदों का बाग व जनपथ क्षेत्र में रैली नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**जयपुर**| सुप्रीम कोर्ट ने शहर के अमरूदों का बाग, अंबेडकर सर्किल व जनपथ क्षेत्र में रैली, मेले व बड़े समारोहों के आयोजनों पर रोक बरकरार रखते हुए इस संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश में दखल से मना कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इन इलाकों में सार्वजनिक कार्यक्रमों और ट्रैफिक के नियमन से संबंधित हाईकोर्ट के आदेश फिलहाल प्रभावी रहेंगे। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को छूट दी है कि वह संबंधित क्षेत्र में ट्रैफिक नियंत्रित करने या जरूरी प्रतिबंध के लिए कानूनी प्रावधानों के तहत आठ सप्ताह में नया वैधानिक आदेश जारी कर सकती है।

# अहमदाबाद से राजकोट स्पर्म व्हेल की उल्टी ले जा रहे 2 लोग गिरफ्तार

46 लाख के 'तैरते सोने' का 10 हजार कमीशन में सौदा

भास्कर न्यूज | राजकोट

एसओजी पुलिस ने ₹46.20 लाख के स्पर्म व्हेल की उल्टी (एम्बरग्रीस) के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। अहमदाबाद के आरिफ से एम्बरग्रीस लेकर दोनों आरोपी एसटी बस में राजकोट बेचने के लिए पहुंचे और ग्राहक ढूंढ रहे थे, लेकिन इससे पहले ही देर रात पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने ₹10 हजार कमीशन के लालच में एम्बरग्रीस खरीदना स्वीकार किया। पुलिस आरिफ की तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपी 37 वर्षीय सुमित श्रीकांत धुमल और 19 वर्षीय मयूर महेंद्रभाई भावसार को एसओजी ने पक्की सूचना मिलने पर 0.462 किलोग्राम एम्बरग्रीस के साथ पकड़ा। पुलिस ने व्हेल मछली की उल्टी (एम्बरग्रीस) को रेन्ज फॉरेस्ट ऑफिसर और एफएसएल अधिकारियों के पास जांच के लिए भेजा है। यह मामला वन विभाग के अधिकार क्षेत्र से जुड़ा है, इसलिए आगे की जांच के लिए आरोपियों को राजकोट के वन विभाग के अधिकारियों को सौंपा है।

## गंभीर मामलों में 10 साल से वांटेड आरोपी गिरफ्तार

**जूनागढ़** | जूनागढ़ जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया है। जिले में गंभीर अपराधों में शामिल और फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप विशेष कार्रवाई कर रही है। अहमदाबाद डीसीबी पुलिस थाने में 2015 में जुआ अधिनियम की धारा 4 और 5 के तहत दर्ज गंभीर मामले में एक आरोपी 10 वर्षों से फरार था। उसे पकड़ने के लिए एसओजी टीम के एएसआई करशनभाई मोढ़ा और विक्रमभाई चावड़ा को पक्की सूचना मिली थी।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लाट संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4 ग्रेटर नोएडा सिटी, जिला-गौतमबुद्ध नगर (उ०प्र०)

**सार्वजनिक सूचना**

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत M/s Sunrise Structures & Developers Pvt. Ltd., भूखण्ड संख्या-REP-02A, Sector-27, Greater Noida को दिनांक 07.03.2017 को मानचित्र स्वीकृति प्रदान की गयी थी। तदोपरान्त विकासकर्ता द्वारा (Recreational Green Project) का आंशिक अधिभोग प्रमाण-पत्र हेतु ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन संख्या-CC-8888 दिनांक 21.08.2024 है। तत्क्रम में UP-Apartment Act-2010, Amendment 2016 in Section-4 Sub Section-B के अन्तर्गत परियोजना के आवंटियों से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्रावधान है। इस सम्बन्ध में विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत स्वीकृति मानचित्र एवं Declarations as per UP Apartment Act-2010 परीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9.30 से सायं 6.00 बजे के मध्य नियोजन विभाग में तथा प्राधिकरण की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

अतः उपरोक्त परियोजना के आवंटियों द्वारा Sanction Map एवं Declarations as per UP Apartment Act-2010 के सम्बन्ध में सूचना प्रकाशित करने के 30 दिनों के अन्दर आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त के निहितार्थ अपनी आपत्ति Email Id-gmplanning@gnida.in पर अथवा लिखित रूप में अपने आवंटन पत्र, नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या-1, नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा में स्थित महाप्रबन्धक (नियोजन/वास्तु०) को सम्बोधित करते हुए सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों के अन्दर जमा करायी जा सकती है।

प्रभारी महाप्रबन्धक (नियोजन/वास्तु०)
ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/निर्माण / कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित वस्तुओं कि आपूर्ति के लिए ई खरीद प्रणाली के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 40265126 | आईएसआई मार्क वाला एचटी एक्सएलपीई (क्रॉस लिंक्ड पॉलीइथिलीन इंसुलेटेड थर्मोप्लास्टिक्स शीथेड) केबल, पीवीसी बाहरी आवरण के साथ गैल्वनाइज्ड फॉर्मेड वायर आर्मर्ड और एल्युमिनियम कंडक्टर केबल, 11 किलोवाट रेटेड, आईएसः 7098 पार्ट–2–2011 या नवीनतम के अनुरूप। | | 08.04.2026 |
| | | साइजः 3 कोर x 185 वर्ग मिलीमीटर | 2000 मीटर | |
| | | साइजः 3 कोर x 70 वर्ग मिलीमीटर | 100 मीटर | |
| | | साइजः 3 कोर x 150 वर्ग मिलीमीटर | 4600 मीटर | |
| | | साइजः 3 कोर x 120 वर्ग मिलीमीटर | 900 मीटर | |

नोट :– 1. विस्तृत जानकारी IREPS की वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। सं. डिप्टी. सी.एम.एम./सी./एन.आर/40265126 दिनांकः 10.03.2026 798/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**सबक** • कोलगांव की ग्राम पंचायत का फैसला

# महाराष्ट्र: गाली देने पर 500 और गंदगी फैलाने पर 100 रु. जुर्माना

भास्कर न्यूज | श्रीगोंदा

महाराष्ट्र के श्रीगोंदा इलाके के कोलगांव में अब मां या बहन के नाम पर गाली देना महंगा पड़ेगा। ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पास कर तय किया है कि ऐसी गाली देने वाले पर 500 रु. का जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माना तभी लगेगा जब डिजिटल सबूत जैसे ऑडियो या वीडियो दिया जाएगा। ग्रामसभा में सफाई को लेकर भी प्रस्ताव पास किया है। घर या दुकान के आसपास गंदगी मिलने पर अगर फोटो सबूत पंचायत को दिया गया तो 100 रु. जुर्माना लगेगा।



### जमा रकम गांव के विकास के लिए खर्च होगी: सरपंच

सरपंच के मुताबिक, जुर्माने से जमा रकम गांव के विकास कार्यों में लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि गांव में पिछले एक साल से एक और नियम चल रहा है। इसके तहत बच्चे शाम 7 से 9 बजे तक घर में टीवी या मोबाइल इस्तेमाल किए बिना पढ़ाई करते हैं। यह नियम माता-पिता भी मानते हैं।


**पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन**
SCO 74-75, बैंक स्क्वायर, सेक्टर-17 B चंडीगढ़
PBX: 0172-5197846, 5197850,
ईमेल : DGMCOMM.PSWC@PUNJAB.GOV.IN

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन, छेहर्टा-I और बटाला-2 सेंटर पर पड़े 1463.902 MT (कुल वजन 1474.736 MT) खराब गेहूं (जो इंसानों के खाने लायक नहीं है) के डिस्पोजल के लिए ऑनलाइन बोलियां मंगा रहा है।

आखिरी तारीख और समयः 31.03.2026, 05.00 PM
जानकारी के लिए लॉग ऑन करें: https://eproc.punjab.gov.in

**नोट:** निविदा सूचना में कोई भी परिशिष्ट/ संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

1004/12/2025-26/9240 प्रबंध निदेशक



**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA),**
भारत सरकार,
तृतीय तल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली – 110003,
फोन: 011-24695044

**सार्वजनिक सूचना**

**हितधारकों की परामर्श बैठक**

**नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, जेवर के लिए वैमानिक सेवाओं के टैरिफ के निर्धारण पर प्रथम नियंत्रण अवधि (01.04.2026 से 31.03.2031) के लिए।**

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA)** ने **दिनांक 06.03.2026 को परामर्श पत्र संख्या 07/2025-26** जारी किया है (जो AERA की वेबसाइट www.aera.gov.in पर उपलब्ध है), जो **नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, जेवर** के लिए वैमानिक सेवाओं के टैरिफ निर्धारण से संबंधित है, प्रथम नियंत्रण अवधि की **पाँच वर्षीय टैरिफ चक्र (01.04.2026 से 31.03.2031)** के लिए।

AERA अधिनियम, 2008 की धारा 13(4) के प्रावधानों के अनुसार, परामर्श पत्र में शामिल प्राधिकरण के विभिन्न टैरिफ प्रस्तावों को हितधारकों के परामर्श के लिए प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में हाइब्रिड मोड (भौतिक/ऑनलाइन) में एक हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक **23 मार्च, 2026 (सोमवार) को दोपहर 3:00 बजे** निम्न स्थान पर आयोजित होगी:

**स्टेकहोल्डर्स कक्ष, तृतीय तल, उडान भवन,**
**सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली – 110003.**

सभी हितधारकों जैसे **यात्रियों/यात्रियों के संघ, आम जनता, हवाई अड्डा संचालक, एयरलाइंस, उद्योग संघ/संस्थाएं, कार्गो, ग्राउंड हैंडलिंग, फ्यूल फार्म आदि के स्वतंत्र सेवा प्रदाता** से अनुरोध है कि वे उक्त बैठक में शामिल हों तथा **नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, जेवर** के टैरिफ प्रस्ताव से संबंधित उपर्युक्त परामर्श पत्र पर अपने मूल्यवान सुझाव/टिप्पणियां/विचार प्रस्तुत करें।

जो प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से बैठक में शामिल होना चाहते हैं, वे **20 मार्च, 2026** तक अपना नाम, ई-मेल पता, मोबाइल नंबर, वाहन नंबर सहित अपनी पुष्टि ई-मेल के माध्यम (ई-मेल आईडी: **director-ps@aera.gov.in** तथा **rajan.gupta1@aera.gov.in**) से AERA को भेज सकते हैं। ऑनलाइन बैठक का लिंक AERA की वेबसाइट **https://aera.gov.in** पर बैठक से पूर्व **"News and Announcements"** टैब के अंतर्गत साझा किया जाएगा।

हस्ता./–
CBC 03112/12/0014/2526 सचिव, AERA



**महानिदेशक कार्यालय उच्चतर शिक्षा विभाग**
**हरियाणा सरकार**
**शिक्षा सदन, सेक्टर-5, पंचकूला**

**विज्ञापन**

**अनुसूचित जाति (SC) / पिछड़ा वर्ग (BC) के उच्चतर शिक्षा के छात्रों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 से संबंधित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (PMS) के लंबित मामलों का समाधान।**

विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त ज्ञापनों (representations) पर विचार करते हुए, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों को एक अंतिम अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह अवसर उन छात्रों के लिए है जिनके द्वारा ऑनलाइन पोर्टल 'हर छात्रवृत्ति' (Harchhatravrati) पोर्टल के माध्यम से शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए अनुसूचित जाति हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (PMS-SC) के तहत आवेदन किया था। अतः वे सभी इच्छुक छात्र जिनके मामले अधूरे दस्तावेजों या गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण लंबित हैं, उन्हें निर्देश दिया जाता है कि वे तुरंत पोर्टल पर अपने अकाउंट में लॉगिन करें और कमियों को दूर करें। उन्हें यह भी सलाह दी जाती है कि यदि अभी तक नहीं किया है, तो वे तुरंत अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक (Seed) करवाएँ। विभाग द्वारा स्तरों पर कमियों को सुधारने और सत्यापन के लिए निर्धारित समय सीमा नीचे दी गई है:

| स्तर | समय सीमा (Deadline) |
|---|---|
| छात्रों को भेजे गए आवेदनों के सुधार हेतु | 02 दिन 12.03.2026 और 13.03.2026 |
| स्तर-1 (संस्थान स्तर) | 14.03.2026 |
| स्तर-2 (नोडल निकाय स्तर) | 16.03.2026 |
| स्तर-3 (मुख्यालय स्तर) | 18.03.2026 |

छात्रों और सभी स्तरों (संस्थान, नोडल निकाय और मुख्यालय) के नोडल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरी कर ली जाए। यह सख्ती से सूचित किया जाता है कि इन समय सीमाओं की समाप्ति के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और उपरोक्त वर्षों के लिए किसी भी अन्य अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। संस्थानों को सलाह दी जाती है कि वे लंबित मामलों के समाधान हेतु सभी संभावित माध्यमों से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

इस संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया 0172-2565530 पर संपर्क करें या ईमेल higherscholarship201819@gmail.com करें:

**महानिदेशक**
उच्चतर शिक्षा विभाग,
हरियाणा, पंचकूला

1031/11/345/2026/43708/10/6


# पायलट की सीट पर एयर होस्टेस, एअर इंडिया ने कहा- जांच शुरू

भास्कर न्यूज | मुंबई

पायलट की सीट पर कॉकपिट के अंदर बैठी एक एयर होस्टेस का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इस पर एयर इंडिया ने कहा है कि वह इस वीडियो से वाकिफ है। वीडियो में एयर इंडिया की एक पूर्व केबिन क्रू मेंबर दिख रही है। एयरलाइन ने मामले की इंटरनल जांच शुरू कर दी है। एयर इंडिया ने बयान में कहा कि कॉकपिट में कौन, कब और किन हालात में जा सकता है, इसके लिए सख्त प्रोटोकॉल हैं। एयरलाइन ने यह भी कहा कि



कॉकपिट एक्सेस के तय नियमों से किसी भी तरह का हटना गंभीरता से लिया जाता है। एयर इंडिया के मुताबिक वीडियो की प्रामाणिकता और विश्वसनीयता की जांच की जा रही है। साथ ही शुरू कर दी गई है, ताकि यह पता चल सके कि वीडियो किन परिस्थितियों में बना और क्या सेफ्टी प्रोटोकॉल फॉलो हुए थे।

# विधानसभा में पूरे सत्र नंगे पांव रहे भाजपा विधायक भडाणा



**जयपुर** | मांडल से भाजपा विधायक उदयलाल भडाणा बजट सत्र के दौरान विधानसभा में नंगे पांव नजर आए। विधायक भडाणा पिछले नौ महीनों से अनोखा संकल्प निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संकल्प किया है कि 48 सालों से बंद देवनारायण मंदिर जब तक मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शनाथ नहीं खोला जाएगा, तब तक वे जूते-चप्पल नहीं पहनेंगे। अन्न ग्रहण नहीं करेंगे और अपने सिर-दाढ़ी के बाल भी नहीं कटवाएंगे। फिलहाल वे केवल फलाहार से जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र कि जनता ने मुझे एक भरोसे के साथ विधानसभा में भेजा है। कुछ राजनीतिक स्वार्थ के चलते विपक्षी दल के नेता अड़चन डाल रहे हैं। उन्हें राजनीति स्वार्थ से ऊपर उठ कर मंदिर का ताला खुलवाने में सहयोग करना चाहिए। विवाद के चलते प्रशासन ने 1977 में मंदिर के दरवाजे पर ताला लगाकर चाबी थाने में जमा कर दी थी।

# पर्यटन स्थलों के लिए रोपवे पर काम जारी : दिया कुमारी

भास्कर न्यूज | जयपुर

उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को भेजे गए 16 रोपवे प्रस्तावों में से अभी प्राथमिकता के आधार पर 4 को स्वीकृति मिली है। अन्य प्रस्तावों पर भी आगे विचार किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने अशोक चांदना के पूरक प्रश्नों का जवाब दे रही थीं।

उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र, विशेषकर नोटिफाइड कोर एरिया में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करना संभव नहीं होता। पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कई धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर रोपवे निर्माण को लेकर वन विभाग के साथ समानांतर रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रणथंभौर क्षेत्र में भी रोपवे के संबंध में प्रयास किए जा रहे हैं।

इससे पूर्व मूल प्रश्न के लिखित उत्तर में पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य बजट 2022-23 की घोषणा संख्या 107 (23 फरवरी 2022) के तहत बूंदी जिले के हिण्डौली क्षेत्र स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर, आकोदा में रोपवे की डीपीआर तैयार कराने की घोषणा की गई थी।


**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED (hafed)**
**DISTRICT OFFICE, HAFED, Mukesh Colony, Ballabgarh, Faridabad (Haryana), E-Mail: dmhfdfbd@hry.nic.in**

**E-Tender Notice for Sale of rice (Permal Rice) Lying at Hafed Complex Kuslipur, Palwal (District Office Hafed, Faridabad)**

"HAFED", invites e-Tenders for sale of rice (Permal Rice) stored at Hafed Complex Kuslipur, Palwal held in District Office Hafed, Faridabad as per schedule given below:-

| Sr. No. | Name of Centre | Amount for Earnest Money for Labour, handling and local cartage | Tender Documents fee and E-service fees | Start Date & Time of Bid Preparation & Submission | Expiry Date & Time of Bid Preparation & Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Hafed Complex Kuslipur, Palwal | Rs. 50000/- | Rs.1000/- + Rs.1000/- - Rs.2000/- | 11.03.2026 at 10.00 AM. | 18.03.2026 at 10.00 AM |

| Sr. No. | Particulars | Tender |
|---|---|---|
| 1. | Downloading of Tender Documents / Online Bid preparation & Online transfer of funds) | 11.03.2026 at (10.00 AM) to 18.03.2026 (10.00 AM.) |
| 2. | Submission of online Bid | 11.03.2026 at (10.00 AM) to 18.03.2026 (10.00 AM.) |
| 3. | Opening of Technical Bid | 18.03.2026 at 12.00 PM. |
| 4. | Opening financial bid | 18.03.2026 at 02.00 PM. |

**The tender document containing details terms &.conditions are available at Haryana Single e-procurement portal at https://etenders.hry.nic.in or Hafed website www.hafed.gov.in All bidders are required to get register on e-tendering portal (https://etenders.hry.nic.in) for submission of online tender. Technical & Financial bid will be opened at Hafed Complex Kuslipur, Palwal and negotiations will be held on the same day. Hafed reserves the right to reject any/all the tenders without assigning any reason whatsoever.**

**District Manager**
**Hafed, Faridabad**



**हरियाणा सरकार** **शुद्धिपत्र**

| क्र. स. | बोर्ड निगम/ प्राधिकरण का नाम | पुरानी संदर्भ /निआसू सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड निगम /प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNIT NO. 151407 DATED 10.02.2026 (EPC-D NO. 142/PD&C) TENDER REFERENCE NO. IS 20269F5C1882 8B3A4761 81B3 A11A0EBDBDFA824HVP | शुद्धिपत्र-1 के खोलने की तिथि 09.03.2026 सहित ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की नियत तिथि में 23.03.2026 को 17.00 बजे तक विस्तार (पंचकूला) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2. | एचवीपीएनएल | NIT NO. 113/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2025-26 DATED 20.02.2026 (ONLINE TENDER ID NO. 2026_HBC_504220_1) | बोली खोलने की तिथि 10.03.2026 को (11.00 बजे)। ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 19.03.2026 को (13.00 बजे) तक बढ़ाई गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3. | एचवीपीएनएल | NIT NO. 112/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2025-26 DATED 20.02.2026 (ONLINE TENDER ID NO. 2026_HBC_504102_1) | बोली खोलने की तिथि 10.03.2026 को (11.00 बजे)। ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 19.03.2026 को (13.00 बजे) तक बढ़ाई गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4. | एचवीपीएनएल | NIT NO. 111/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2025-26 DATED 20.02.2026 (ONLINE TENDER ID NO. 2026_HBC_504100_1) | बोली खोलने की तिथि 10.03.2026 को (11.00 बजे)। ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 19.03.2026 को (13.00 बजे) तक बढ़ाई गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 5. | एचवीपीएनएल | NIT NO. 114/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2025-26 DATED 23.02.2026 (ONLINE TENDER ID NO. 2026_HBC_504240_1) | बोली खोलने की तिथि 10.03.2026 को (11.00 बजे)। ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 19.03.2026 को (13.00 बजे) तक बढ़ाई गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

PRDH-13/2026/100/43696/I/10/6 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in



**मिशन वात्सल्य, जिला बाल संरक्षण इकाई, गुरुग्राम**
**महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा**
**कमरा नं.-107, प्रथम तल, विकास सदन, गुरुग्राम**

दिनांक 06/04/2025 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन के क्रम में, विभाग ने सहायक कर्मचारियों के पैनल में शामिल होने के लिए 20 व्यक्तियों (16 महिलाओं और 4 पुरुषों के लिए आरक्षित) की नियुक्ति हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक व्यक्ति अपनी पात्रता का विवरण देते हुए आवेदन जमा कर सकते हैं।

**सहायक कर्मी के लिए योग्यता:**

समाज कार्य, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त कोई भी व्यक्ति, या बाल शिक्षा एवं विकास या संरक्षण संबंधी मुद्दों में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाला स्नातक व्यक्ति। इसके अतिरिक्त, किसी बाल गृह या आश्रय गृह से जुड़ा कोई अधिकारी जो बच्चे की देखरेख के लिए जिम्मेदार है, वह भी सहायक व्यक्ति के रूप में आवेदन करने के लिए पात्र हो सकता है। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र जिला बाल संरक्षण इकाई, कमरा संख्या-107, पहली मंजिल, विकास सदन, गुरुग्राम के कार्यालय में पंजीकृत डाक के माध्यम से 23 मार्च 2026 को शाम 5:00 बजे से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रति के साथ जमा कर सकते हैं।

**सहायक कर्मियों की सेवाओं का पारिश्रमिक:**

क) मासिक भत्ताः पोक्सो अधिनियम के तहत किसी बच्चे की सहायता के लिए नियुक्त किसी भी सहायक व्यक्ति को कार्य दिवसों की संख्या या अस्पतालों, बाल कल्याण समिति, पुलिस स्टेशन, बाल देखभाल संस्थानों, पीड़ित परिवार, शैक्षणिक संस्थान, न्यायालय, सरकारी विभाग, बैंकों आदि स्थानों पर की गई व्यक्तिगत मुलाकातों के आधार पर आनुपातिक रूप से भुगतान किया जाएगा। उच्च कुशल कार्यकर्ता के लिए निर्धारित राशि के अनुसार मासिक पारिश्रमिक 600/- रुपये प्रति दिन न्यूनतम भत्ता अधिनियम, 1948 (11 ऑफ 1948) के तहत होगा। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को सहायता कर्मी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है और उसे कोई मामला नहीं सौंपा गया है या वह किसी बच्चे को सहायता प्रदान नहीं कर रहा है, तो वह पारिश्रमिक का दावा करने का हकदार नहीं होगा।

ख) यात्रा भताः सहायताकर्ता को सामान्य बस ट्रेन के वास्तविक किराए के अनुसार या अपने वाहन निजी टैक्सी वाहन से यात्रा करने पर 9/- रुपये प्रति किलोमीटर की दर से प्रतिपूर्ति की जाएगी, लेकिन एक दिन में अधिकतम 25 किलोमीटर तक ही यात्रा की जा सकेगी। यह प्रतिपूर्ति बाल कल्याण समिति द्वारा विधिवत सत्यापित विल प्रस्तुत करने पर ही दी जाएगी।

ग) वह प्रतिदिन कई बार दौरा कर सकता है, लेकिन मजदूरी प्रतिदिन के हिसाब से दी जाएगी और अधिकतम 20 दिनों की मजदूरी दी जा सकती है।

**टिप्पणी:**

1. सहायक व्यक्ति की नियुक्ति किसी पद के विरुद्ध नियमित आधार पर नहीं होती, बल्कि यह प्रारंभिक रूप से तीन वर्ष की अवधि के लिए होती है, जिसकी समीक्षा जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा की जाएगी और चयन समिति की अनुशंसा पर इसे वार्षिक आधार पर तीन वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है। यदि सहायक व्यक्ति समय पर उपस्थित नहीं होता है या गलत सूचना देता है, तो उसे कार्यकाल के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी हटाया जा सकता है। उम्मीदवारी को सहायक व्यक्ति के पद पर बने रहने या नियमित रोजगार के लिए दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा, क्योंकि यह नियुक्ति केवल मानदेय के आधार पर होती है। किसी उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
2. उपरोक्त सभी पदों के लिए आयु सीमा 25-42 वर्ष है।
3. आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि के संबंध में उम्मीदवार की पात्रता की जाँच की जाएगी। सभी पदों के उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन के लिए निर्धारित तिथि पर ही निर्णय लिया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के लिए निर्धारित तिथि के बाद जारी किए गए प्रमाण पत्र समिति द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
4. सभी आवेदकों को दस्तावेज सत्यापन की निर्धारित तिथि पर विज्ञापन में उल्लिखित पद की आवश्यक योग्यताओं और अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके पास विभिन्न पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यताएं हैं। पात्रता संबंधी सलाह हेतु किसी भी प्रकार की पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. प्रत्येक उम्मीदवार को निम्नलिखित बिंदुओं से संबंधित शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा:

- उसका उसकी कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।
- वह किसी भी अनैतिक कृत्य में बाल श्रम या बाल शोषण में या किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार में शामिल नहीं रहा
- आवेदकों का किसी भी एजेंसी अदालत में उनके खिलाफ कोई जांच लंबित नहीं है।
- आवेदकी का बाल अधिकारों या मानवाधिकारों के उल्लंघन का कोई पूर्व रिकॉर्ड नहीं है।
- उसका हरियाणा का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।
- वह आवेदन किये गए संबंधित जिले का निवासी होना चाहिए।

__________ में सहायक व्यक्ति के पैनल के लिए आवेदन पत्र

i. पद का नामः-
ii अभ्यर्थी का नामः-
iii आवेदन हेतु जिलाः-
iv. पिता/पति का नामः-
V. स्थायी पताः-
vi. पत्राचार पताः-
vii. मोबाइल नंबरः-
viii. ईमेल आईडीः-
ix. जन्म तिथि (हाई स्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार):-
x. विज्ञापन की तिथि के अनुसार वर्तमान आयु (वर्ष-माह-दिन):-

पासपोर्ट आकार का फोटो

xi. शैक्षिक योग्यताः--

| क्रम सं. | विषय सहित योग्यता (मैट्रिकुलेशन के बाद) | स्कूल/विश्वविद्यालय का नाम | अंक प्राप्त की | कुल मार्क | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| 6 | | | | | |

xii. अनुभव

| क्रम सं. | संगठन का नाम | पद का नाम | अवधि (से-तक) | कुल अवधि (वर्ष, महीने और दिन) | | | नौकरी की जिम्मेदारी | अंतिम वेतन आहरित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ष | महीने | दिन | | |
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |

घोषणा;- "मैं एतद्वारा घोषणा करता हूँ कि ऊपर दिए गए सभी कथन मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण हैं और यदि किसी भी स्तर पर यह गलत पाया जाता है, तो मैं इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाऊँगा और नियुक्ति प्राधिकारी को मेरी सेवा समाप्त करने और कोई भी उचित कार्रवाई शुरू करने का अधिकार है। मैंने विज्ञापन की सामग्री पढ़ ली है और जिस पद के लिए आवेदन किया गया है, उस पर नियुक्ति के लिए नियमों, विनियमों और प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए सहमत हूँ।

स्थानः
दिनांका आवेदक के हस्ताक्षर

1. आवेदकों को साक्षात्कार के समय सभी मूल दस्तावेजों के साथ-साथ उन सभी दस्तावेजों की दो सैट स्व-सत्यापित फोटोकॉपी भी साथ लानी होगी जिन्हें वह प्रस्तुत करना चाहते हैं।

1128/11/622/2026/43695/10/6

**भास्कर एनालिसिस** • टी20 वर्ल्ड कप 2026 ने रफ्तार के रिकॉर्ड तोड़े; 780 छक्के लगे, पिछली बार 517 थे, इस बार 139 की स्ट्राइक रेट से बने रन

# रन 12 से बढ़कर 16 हजार; चौके पहली बार 1000 पार

## इस बार कुल रन में से 62% चौके-छक्के से

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

टी20 वर्ल्ड कप का 10वां संस्करण फॉर्मेट इतिहास में सबसे तेज साबित हुआ। टूर्नामेंट में टीमों ने औसतन 139 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और पहली बार यह आंकड़ा 130 के पार गया। इससे पहले 2007 में 124.03 के स्ट्राइक रेट से रन बने थे, जो टूर्नामेंट का पहला ही संस्करण था। वहीं, साल 2024 में सबसे कम 109.96 के स्ट्राइक रेट से रन बने थे। इस बार उससे 26.41% तेज रन बने।

साल 2026 के 54 मैचों में बल्ले से कुल 16,826 रन निकले, जो टूर्नामेंट इतिहास का नया रिकॉर्ड है। इसी प्रारूप वाले 2024 के 52 पूर्ण मैचों में 12,140 रन बने थे, जो हालिया संस्करण से करीब चार हजार रन कम हैं। इस बार 14 मौकों पर टीमें 200 के पार पहुंचीं, जबकि इससे पहले नौ संस्करणों में सिर्फ 18 बार ऐसा हुआ था।

मौजूदा संस्करण चौके-छक्कों की बरसात में भी सबसे आगे निकल गया है। पहली बार चौकों का आंकड़ा हजार के पार चला गया और इस बार कुल 1434 चौके लगे। वहीं, 780 छक्कों ने भी नया इतिहास रचा। यह पिछले संस्करण में लगे 517 छक्कों से 50.87% ज्यादा है। इस बार औसतन हर 15.52वीं गेंद पर छक्का लगा, जो किसी संस्करण की सबसे बेहतर सिक्स हिटिंग है। इस बार 600 छक्के भारत में और 180 श्रीलंका में लगे। इस बार कुल रन के 10,416 यानी 61.9% रन बाउंड्री से बने। जबकि पिछली बार 57% रन चौके-छक्के से बने थे।

हालांकि, यह आंकड़ा भी दिलचस्प है कि इस बार 95 बैटर्स शून्य पर आउट हुए, जो प्रतियोगिता के इतिहास में दूसरा सर्वाधिक है। इससे पहले, 2024 में 112 खिलाड़ी शून्य पर पवेलियन लौटे थे।

## सर्वाधिक शतक, अर्धशतक समेत बैटिंग के रिकॉर्ड्स टूटे

**सबसे बड़े स्कोर: 7 में से 6 इस बार बने, तीन मौकों पर भारत ने बनाए**

टी20 वर्ल्ड कप इतिहास के 7 सबसे बड़े स्कोर में से 6 इस बार बने। हालांकि, श्रीलंका का केन्या के खिलाफ 2007 में बनाया 260/6 का रिकॉर्ड सुरक्षित रह गया। टीमें इस रिकॉर्ड को तोड़ने के 10 रन के भीतर 4 बार आईं, जिसमें 3 बार भारत ने ऐसा किया।

**व्यक्तिगत रिकॉर्ड: एक बल्लेबाज के सबसे ज्यादा रन, पहली बार दो शतक**

पाक ओपनर साहिबजादा फरहान ने टूर्नामेंट में 383 रन बनाए। यह एक संस्करण में सर्वाधिक रनों का रिकॉर्ड है। फरहान एक वर्ल्ड कप में दो शतक वाले पहले खिलाड़ी बने। फरहान ने पाक के 37.3% रन बनाए। पाक की ओर से टूर्नामेंट में हुई सभी पांच 50+ साझेदारियों में फरहान की हिस्सेदारी रही।

**सबसे ज्यादा सिक्स: पूरन का 17 छक्कों का रिकॉर्ड चार बार टूटा**

टूर्नामेंट के एक संस्करण में सर्वाधिक 17 छक्कों का रिकॉर्ड निकलस पूरन के नाम था, जो इस बार 4 खिलाड़ियों ने तोड़ा। संजू सैमसन ने 24 छक्के लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया, जबकि एलेन ने 20, हेटमायर ने 19 और फरहान ने 18 छक्के लगाए।

**तेज अर्धशतक: 20 बार 25 से कम गेंदों पर फिफ्टी पूरी की**

टूर्नामेंट में 20 मौकों पर बल्लेबाज ने अपना अर्धशतक 25 से कम गेंदों पर पूरा किया। इससे पहले 9 संस्करणों में कुल मिलाकर सिर्फ 27 बार ऐसा हुआ था, जबकि किसी एक संस्करण में 5 से ज्यादा बार ऐसा नहीं हुआ था। इस बार 6 अर्धशतक 20 से कम गेंदों में भी बने।

## संजू, एलेन और फरहान ने मिलकर 62 छक्के जड़े



**संजू सैमसन** : 199 के स्ट्राइक रेट से 161 गेंद में 321 रन बनाए।

▪ 4 मैच मिस करके आईसीसी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने वाले पहले खिलाड़ी हैं सैमसन।

**फिन एलेन** 200 के स्ट्राइक रेट से 149 गेंद में 298 रन बनाए।

**साहिबजादा फरहान:** 160 के स्ट्राइक रेट से 239 गेंद में 383 रन बनाए।

**वर्ल्ड कप: सबसे तेज स्ट्रा. रेट**

| सीजन | स्ट्राइक रेट | मेजबान |
|---|---|---|
| 2026 | 139 | भारत |
| 2007 | 124.03 | अफ्रीका |
| 2016 | 121.76 | भारत |

**वर्ल्ड कप: सबसे ज्यादा 4+6**

| सीजन | छक्के | चौके |
|---|---|---|
| 2026 | 780 | 1434 |
| 2024 | 517 | 961 |
| 2021 | 405 | 944 |
| 2022 | 331 | 909 |

**6** बल्लेबाज भारत के 200+ रन बना गए टूर्नामेंट में। इनमें इशान, संजू, सूर्या, तिलक, हार्दिक, दुबे शामिल। इससे पहले किसी टीम के 3 से ज्यादा खिलाड़ी 200 पार नहीं पहुंचे।

**6.21** की इकोनॉमी रही बुमराह की इतने तेज वर्ल्ड कप में भी। 100+ गेंद फेंककर सबसे कम। 2021 और 2024 में भी वे इस मामले में सर्वश्रेष्ठ थे।

**54.86** रन औसत जीत अंतर पहले बैटिंग करने वाली टीमों का। ऐसे 29 में से 16 मैच 50+ रन के अंतर से जीते गए।

## सपाट पिच, ओस, निडर अप्रोच से बना सबसे तेज टूर्नामेंट

**1 सपाट पिचें:** प्रमुख मैदानों पर मिश्रित मिट्टी वाली पिचों का इस्तेमाल किया गया। इन पिचों पर गेंद बिना रुके सीधे बल्ले पर आ रही थी, जिससे स्ट्रोक-प्ले और आक्रामक पावर-हिटिंग बेहद आसान हो गई। सबसे तेज 149 का औसत स्ट्राइक रेट चेन्नई और 148 का अहमदाबाद में रहा।

**2 ओस का भारी प्रभाव:** डे-नाइट मुकाबलों में दूसरी पारी के दौरान भारी ओस एक बहुत बड़ा फैक्टर रही। गेंद के गीले होने की वजह से गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों के लिए सीम को ग्रिप करना और गेंद को टर्न कराना लगभग असंभव हो गया, जिसका सीधा फायदा बल्लेबाजों को मिला।

**3 आधुनिक पावरप्ले रणनीति:** टीमों ने शुरुआत में संभलकर खेलने की पुरानी रणनीति को पूरी तरह त्याग दिया। सलामी बल्लेबाजों ने पहले ही ओवर से प्रहार करना शुरू किया। उदाहरण के लिए, फाइनल मैच में भारत ने पहले 6 ओवरों में ही 92 रन ठोक दिए थे।

**4 छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड:** मुंबई के वानखेड़े जैसे मैदानों की स्क्वायर बाउंड्री अपेक्षाकृत छोटी थी। इसके साथ ही, मैदानों की आउटफील्ड इतनी तेज थी कि गैप में खेले गए शॉट्स को बाउंड्री पार जाने से रोकना फील्डर्स के लिए बहुत मुश्किल था। वानखेड़े टूर्नामेंट का तीसरा सबसे तेज मैदान रहा।

**5 निडर दृष्टिकोण:** संजू सैमसन, जैकब बेथेल और फिन एलेन जैसे खिलाड़ियों ने आधुनिक टी20 शैली का शानदार प्रदर्शन किया। मिडिल ओवर्स में जब रन-रेट अक्सर गिर जाता है, तब भी इन बल्लेबाजों ने स्पिन और पेस दोनों के खिलाफ लगातार जोखिम उठाया और रन-गति को धीमा नहीं पड़ने दिया।

## 19 साल और 10 संस्करण में बदला वर्ल्ड कप का स्वरूप: डेटा आधारित अटैकिंग हो चुका फॉर्मेट

**2007-2012 : प्रयोग और इनोवेशन पर फोकस**

इस दौर में टी20 क्रिकेट नया था और इसे 'छोटा वनडे' माना जाता था। टीमों के पास कोई सेट फॉर्मूला नहीं था, इसलिए प्रयोगों पर जोर रहा। बल्लेबाजों ने स्कूप और रिवर्स स्वीप जैसे गैरपरंपरागत शॉट्स ईजाद किए। जोगिंदर शर्मा जैसे पार्ट-टाइम गेंदबाजों और अजंता मेंडिस जैसे मिस्ट्री स्पिनर्स का खूब दबदबा रहा। उस समय फैसले डेटा के बजाय कप्तानों की 'गट फीलिंग' और खेल की समझ पर ज्यादा निर्भर करते थे, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण धोनी रहे।

**2014-2016 : पावर-हिटिंग, स्पेशलिस्ट का दौर**

लीग के प्रभाव से खेल पूरी तरह बदल गया। यह दौर वेस्ट इंडीज के 'पावर-गेम' का था, जहां गेल और रसेल जैसे 'टी20 स्पेशलिस्ट' सुपरस्टार बने। रणनीति में एक 'एंकर' (जैसे कोहली) और बाकी पावर-हिटर्स का कॉम्बिनेशन हिट रहा। बैटर्स की आक्रामकता रोकने गेंदबाजों ने वाइड यॉर्कर और 'नकल बॉल' जैसे हथियार अपनाए। रन बचाने वाले फिंगर स्पिनर्स की जगह विकेट निकालने वाले रिस्ट स्पिनर्स (जैसे राशिद, चहल) टीमों की पहली पसंद बन गए।

**2021-2026: विकेट बचाने की सोच खत्म हुई**

यह 'हाई-रिस्क, हाई रिवार्ड' का दौर है। विकेट बचाने की सोच खत्म हो चुकी है। 2026 वर्ल्ड कप में 95 बैटर्स का शून्य पर आउट होना इसका सबूत है। पूरा फोकस इम्पैक्ट पर है, जिससे 2026 में औसत स्ट्राइक रेट पहली बार 130 के पार 139 पहुंच गया। एंकर की भूमिका का लगभग अंत हो गया है। पहली गेंद से ऑल-आउट अटैक के ट्रेंड ने ही इस बार रिकॉर्ड 780 छक्के और 1434 चौके जैसे आंकड़े बनाए।

## जीत के बाद अब कंपनियों की नजर नए सितारों पर

**Business Standard**
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**अनुष्का भारद्वाज|** भारत की टी20 वर्ल्ड कप जीत ने भारतीय टीम के कई नए खिलाड़ियों को विज्ञापनदाताओं की नजर में ला दिया है। टूर्नामेंट में संजू सैमसन और वरुण चक्रवर्ती की वापसी की कहानी, साथ ही अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ियों का उभार चर्चा में रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस जीत ने क्रिकेट और ब्रांड एंडोर्समेंट दोनों के लिए 'नई पिच' तैयार की है।

मुंबई की स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एजेंसी राइज वर्ल्ड वाइड के प्रमुख निखिल बारदिया के अनुसार, तिलक वर्मा की ब्रांड वैल्यू में करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि तिलक का ऑल-फॉर्मेट प्रदर्शन और तेलुगु भाषी क्षेत्रों में उनकी लोकप्रियता उन्हें नेशनल लेवल के डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर ब्रांड्स के लिए एक मजबूत चेहरा बनाती है।

वहीं, शिवम दुबे का प्रबंधन करने वाली एजेंसी फेयरप्ले स्पोर्ट्स की सह-संस्थापक बंडाना छेत्री ने बताया कि वर्ल्ड कप के बाद दुबे को लेकर ब्रांड्स की दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है। कई नई कंपनियों के साथ बातचीत चल रही है। दुबे पहले से ही 8 से 10 ब्रांड्स का प्रचार कर रहे हैं। पूरे वर्ल्ड कप के दौरान कंपनियां खिलाड़ियों के प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर फैंस की प्रतिक्रिया पर लगातार नजर बनाए हुए थीं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ सैमसन की 97* रन की पारी के बाद जोमैटो, स्विगी, नॉइज और बुकमायशो जैसे ब्रांड्स ने उन्हें तुरंत बधाई दी, जिससे उनकी लोकप्रियता और बढ़ी।

हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत में खिलाड़ी आधारित ब्रांड एंडोर्समेंट अभी भी विराट कोहली, रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गजों के इर्द-गिर्द केंद्रित है। एल्केमिस्ट ब्रांड कंसल्टिंग के संस्थापक समित सिन्हा के मुताबिक, नए खिलाड़ियों के साथ कंपनियों के जुड़ाव फिलहाल अल्पकालिक और रणनीतिक हो सकते हैं। सिन्हा के मुताबिक क्रिकेट में तीन तरह के सितारे होते हैं। पहले- कोहली और तेंदुलकर जैसे दिग्गज, जिनकी ऐतिहासिक उपलब्धियां उन्हें ब्रांड्स के लिए अमूल्य बनाती हैं। दूसरे- बुमराह जैसे खिलाड़ी, जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। तीसरे- अभिषेक, वरुण चक्रवर्ती, इशान जैसे उभरते सितारे जिनमें मैच जिताने की क्षमता और करिश्मा तो है, लेकिन उन्हें अभी लंबी अवधि तक अपनी सफलता साबित करनी है।

## माइंड गेम # 382

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| 1 | | 2 | 7 | 8 | 3 | | | |
| 9 | | | | | | 3 | | 5 |
| | 7 | 9 | | | | 1 | | 4 |
| 5 | 1 | | | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | 2 | |
| | 8 | | 4 | 3 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | 2 | | |
| | | 4 | | | 9 | | | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

▪ बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।

▪ सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है। हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 381 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 7 | 2 | 3 | 1 |
| 1 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 |
| 8 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 6 | 7 | 5 |
| 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## क्रॉसवर्ड # 1172



**बायें से दायें**

1. सुगंधित फूलों का औषधीय वृक्ष (4)। 5. भारत की गुलाबी नगरी (4)। 8. अंग्रेजी शासन काल के गवर्नन एक फिल्म (2,3)। 10. निब्मा, निंब, मनी का उल्टा (2)। 12. अमावस के बाद प्रतिपदा का चांद (5)। 15. भरण-पोषण, परवरिश (3,3)। 19. महारानी, पट्टराज्ञी (4)। 21. "------" मालवीय स्वतंत्रता सेनानी (6)। 24. ब्रह्मांड, संसार, जग (2)। 25. श्रेष्ठ, सर्वोच्च, उत्तम (3)। 26. इकरार में ही समझौता, अनुबंध है (3)। 27. पौराणिक कथाओं में पतिव्रता स्त्री (3)। 29. प्राचीन तांबे का सिक्का पैसे का 8 वां भाग (3)। 31. दान किया हुआ, एक वैश्य जाति (2)। 32. शांति (3)। 33. विवाह (2)।

**ऊपर से नीचे**

1. मणिबंध, पौंहची (3)। 2. प्राथमिक विद्यालय, बच्चो की पाठशाला (4)। 3. नासिका (2)। 4. अत्यंत कृपालु/दयालु (4)। 6. पवित्र, निर्मल (3)। 7. अंग्रेजी शराब (2)। 9. बहुजन समाज पार्टी संक्षिप्त में (3)। 13. व्यर्थ की बातें करना, बकवाद (4)। 14. साठ सेकंड (3)। 16. विवाह पत्रिका, लग्निका (3,2)। 17. नास्तिक (6)। 18. "------" "------" बिस्मिल, क्रांतिकारी सेनानी (2,3)। 20. राजस्थान राजस्व मंडल की पत्रिका (3)। 22. मयूर (3)। 23. दोस्त, साथी (4)। 26. जंजीर की लड़ी का छल्ला (2)। 28. संपत्ति, धन संबंधी (2)। 30. चित, दिल (2)।

**क्रॉसवर्ड 1171 का उत्तर**



**इंडियन वेल्स** • 6-7, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की

## कार्लोस की साल की 14वीं जीत, अंतिम-16 में पहुंचे

### कार्लोस अल्कारेज का अब रूड से सामना

भास्कर न्यूज़ | इंडियन वेल्स



दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने इंडियन वेल्स मास्टर्स 1000 में शानदार वापसी करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। स्पेन के अल्कारेज ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच को 6-7, 6-3, 6-2 से हराया। यह अल्कारेज की इस साल लगातार 14वीं जीत रही। उन्होंने 2026 में कोई मुकाबला नहीं गंवाया। यह रिंडरकनेच के खिलाफ अल्कारेज की लगातार छठी जीत रही। दो बार के पूर्व चैम्पियन अल्कारेज अब नॉर्वे के 13वीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड से भिड़ेंगे, जिन्होंने वैलेंटिन वाशेरोट को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। वहीं, सर्बिया के नोवाक जोकोविच भी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। तीसरी सीड जोकोविच ने अमेरिका के एलेक्जेंडर कोवासेविच को 6-4, 1-6, 6-4 से शिकस्त दी।

**तीन सेट में हारकर डिफेंडिंग चैम्पियन आंद्रीवा बाहर**



▪ गैरवरीय कैटेरीना सिनियाकोवा ने डिफेंडिंग चैम्पियन मिरा आंद्रीवा को 3 सेट में हराकर बाहर कर दिया। सिनियाकोवा ने आठवीं सीड आंद्रीवा को 4-6, 7-6, 6-3 से हराया।

▪ वर्ल्ड नंबर-2 पोलैंड की इगा स्वातेक ने ग्रीस की मारिया सक्कारी को 6-3, 6-2 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्वातेक ने सक्कारी को 2022 और 2024 के इंडियन वेल्स फाइनल में हराकर खिताब जीता था।

## ट्रॉफी प्रेम: सूर्या ने पत्नी देविशा के साथ 2024 की मशहूर फोटो को फिर से किया रीक्रिएट





**मुंबई |** टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने एक खास पल को दोबारा जीवंत किया। खिताब जीतने के बाद सूर्यकुमार ने पत्नी देविशा शेट्टी के साथ 2024 की मशहूर ट्रॉफी फोटो को रीक्रिएट किया। दरअसल, 2024 में भारत के जीतने के बाद देविशा ने एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें दोनों ट्रॉफी के साथ आराम करते नजर आए थे। अब 2026 में सूर्या और देविशा ने उसी अंदाज में नई तस्वीर खिंचवाई।

## ताहलिया विल्सन पहली बार ऑस्ट्रेलिया टीम में

भास्कर न्यूज़ | मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने वेस्ट इंडीज दौरे से ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को आराम दिया है, जबकि विकेटकीपर ताहलिया विल्सन को पहली बार शामिल किया गया है। तीन टी20 की सीरीज 19, 21, 23 मार्च को सेंट विंसेंट में खेली जाएगी। वनडे 27, 29 मार्च और 2 अप्रैल को सेंट किट्स में होंगे। **टीम:** डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, गार्डनर, किम गार्थ, लूसी हैमिल्टन, अलाना किंग, लिचफील्ड, मैक्ग्रा, मोलिन्यू, मूनी, पेरी, मेगन स्कट, जॉर्जिया वोल, वेयरहम, विल्सन।

## पहली बार आईपीएल की किसी टीम को कोचिंग देंगे मैथ्यू हेडन

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद



आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटंस ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज ओपनर मैथ्यू हेडन को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। यह हेडन का आईपीएल में पहला कोचिंग कार्यकाल होगा। 54 वर्षीय हेडन गुजरात टाइटंस के सपोर्ट स्टाफ में शामिल होंगे, जिसमें पहले से ही मुख्य कोच आशीष नेहरा, क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी और सहायक कोच पार्थिव पटेल मौजूद हैं। इससे पहले हेडन पाकिस्तान पुरुष टीम के साथ बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होगी। हालांकि, टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी नहीं किया गया है।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

**वनडे: बांग्लादेश के खिलाफ आज डेब्यू करेंगे पाकिस्तान के 4 खिलाड़ी**

**मीरपुर|** पाकिस्तान-बांग्लादेश के बीच 3 वनडे की सीरीज बुधवार से शुरू होगी। दोनों टीमों के लिए यह सीरीज 2027 वर्ल्ड कप की तैयारियों की शुरुआत है। पाक टीम दौरे पर 6 अनकैप्ड प्लेयर्स के साथ गई हैं। इनमें से साहिबजादा फरहान, माज सदाकत, शामिल हुसैन, अब्दुल समद डेब्यू करेंगे। पाक टीम बांग्लादेश में 11 साल बाद वनडे खेलने गई है।

**महिला क्रिकेट: बेट्स की अक्टूबर के बाद न्यूजीलैंड की टीम में वापसी**

**वेलिंगटन|** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने द. अफ्रीका के खिलाफ होने वाली 5 मैचों की घरेलू टी20 सीरीज के लिए टीम घोषित की। टीम में सूजी बेट्स, सोफी डिवाइन, लिया ताहुहु जैसी अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। बेट्स की अक्टूबर के बाद वापसी हुई है। सीरीज 15 मार्च से शुरू होगी।

**आईसीसी ने विंडीज और द. अफ्रीका के लिए बुक की अलग-अलग फ्लाइट्स**

**कोलकाता|** टी20 वर्ल्ड कप के बाद कोलकाता में फंसे वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के लिए आईसीसी ने अलग-अलग कमर्शियल फ्लाइट्स की व्यवस्था की है। दोनों टीमों को ले जाने वाली चार्टर फ्लाइट लॉजिस्टिक समस्याओं के कारण रद्द हो गई थी।

**महिला फुटबॉल: ताइवान से हारकर भारतीय टीम एशियन कप से बाहर**

**सिडनी|** भारतीय महिला फुटबॉल टीम एएफसी एशियन कप से बाहर हो गई। अपने अंतिम ग्रुप मैच में भारत को ताइवान के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत को अगले दौर में पहुंचने के लिए ये मैच कम से कम दो गोल से जीतना जरूरी था, लेकिन टीम मौके भुनाने में नाकाम रही।

**भास्कर खास** तमिलनाडु के तमिज अमुधन 2000 ईलो रेटिंग पार करने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी

# शतरंज का नन्हा जादूगर: आठ साल की उम्र में जीती कार, अब 9 में बना दुनिया का नंबर-1 खिलाड़ी; बस ड्राइवर ने पहचाने 'शह और मात' के हुनर



भास्कर न्यूज़ | चेन्नई

तमिलनाडु के तमिज अमुधन इस समय विश्व शतरंज जगत में चर्चा का केंद्र है। मात्र 9 साल की उम्र में तमिज न केवल अंडर-9 कैटेगरी में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी बन गए हैं, बल्कि वे इस उम्र में 2000 ईलो रेटिंग पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। तमिज ने महज चार साल की उम्र में चचेरे भाइयों को देखकर शतरंज सीखना शुरू किया था। उनके भीतर खेल की सहज समझ इतनी गहरी थी कि एक जिला स्तरीय टूर्नामेंट के दौरान कल्लाकुरिची के एक बस ड्राइवर रविचंद्रन की नजर उन पर पड़ी। रविचंद्रन पार्ट-टाइम शतरंज कोचिंग भी देते थे। उन्होंने देखा कि बिना किसी औपचारिक ट्रेनिंग के भी इस छोटे से बच्चे ने अनुभवी खिलाड़ियों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। रविचंद्रन ने तमिज की प्रतिभा को पहचान लिया और उन्हें मुफ्त में कोचिंग देने का फैसला किया। इसके बाद तमिज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 6 साल की उम्र में उन्होंने स्टेट अंडर-9 टूर्नामेंट में 9 में से 9 अंक हासिल कर सबको हैरान कर दिया। यह उनके करियर का पहला बड़ा 'ब्रेक' था। तमिज के करियर का सबसे यादगार पल पिछले साल आया। 'एथेंस ऑफ द ईस्ट' शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता। पुरस्कार के रूप में इस 8 साल के बच्चे को कार दी गई। किसी भी एथलीट के लिए इतनी कम उम्र में ऐसा पुरस्कार जीतना एक दुर्लभ उपलब्धि है। तमिज की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता का असाधारण बलिदान है। पिता सरकारी नौकरी में हैं और साधारण कृषि पृष्ठभूमि से आते हैं। तमिज की बेहतर ट्रेनिंग के लिए परिवार ने एक कठिन फैसला लिया। तमिज की मां उनके साथ 350 किलोमीटर दूर दूसरे शहर में रहती हैं ताकि ट्रेनिंग बाधित न हो। वहीं, पिता घर पर 10 साल की बेटी उथिशा के साथ रहते हैं। तमिज के पिता स्वीकार करते हैं कि शतरंज महंगा खेल है। यात्रा, रहने, एंट्री फीस और कोचिंग का खर्च उठाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। तमिज के पिता का कहना है कि अगर उन्हें पहले पता होता कि इस क्षेत्र में इतना खर्च आता है, तो शायद वे इस खेल को नहीं चुनते। लेकिन अब जब वह नंबर-1 खिलाड़ी है, तो हम उसे बीच रास्ते में नहीं छोड़ सकते। तमिज की इस यात्रा को जारी रखने के लिए अब उन्हें किसी बड़े प्रायोजक की जरूरत है। आर्थिक तंगी के कारण वे कई बार नेशनल और इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स में हिस्सा नहीं ले पाए थे।

## ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की 5 खिलाड़ियों को दी शरण

भास्कर न्यूज़ | गोल्ड कोस्ट

ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच खिलाड़ियों को शरण दी है। ये खिलाड़ी महिला एशियन कप खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया आई थीं, लेकिन इसी दौरान ईरान में युद्ध शुरू हो गया था।

मंगलवार सुबह पुलिस इन खिलाड़ियों को गोल्ड कोस्ट स्थित होटल से सुरक्षित स्थान पर ले गई, जहां उनसे मुलाकात के बाद वीसा की प्रक्रिया पूरी की गई। खिलाड़ियों ने स्पष्ट किया कि वे राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं हैं। शरण मिलने के बाद वे ऑस्ट्रेलिया में स्थाई रूप से बसने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। टीम टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा है कि टीम की अन्य सदस्यों के लिए भी शरण का विकल्प खुला रहेगा।



## 16 मार्च से खुलेगा एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन, 18 लाख फूलों से महकेगी कश्मीर घाटी




आबिद भट
फोटो जर्नलिस्ट

**भास्कर न्यूज. श्रीनगर** | तस्वीर श्रीनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े 'इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन' की है, जिसे 16 मार्च से आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इसके खुलते ही कश्मीर में पर्यटन सीजन की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है और बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक यहां पहुंचते हैं। फ्लोरीकल्चर विभाग के मुताबिक, करीब 30 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले इस गार्डन में इस साल 70 से 75 किस्मों के करीब 18 लाख ट्यूलिप लगाए गए हैं। यह गार्डन जबरवान पहाड़ियों की तलहटी में स्थित है, जहां से डल झील का खूबसूरत नजारा भी दिखाई देता है, जो पर्यटकों के लिए खास आकर्षण होता है। इस गार्डन को पहले 'सिराज बाग' कहा जाता था और इसे 2007 में आम लोगों के लिए खोला गया था। ट्यूलिप के फूल आमतौर पर 3 से 4 हफ्ते तक ही खिले रहते हैं। हर साल यहां लाखों पर्यटक आते हैं और ट्यूलिप फेस्टिवल कश्मीर के पर्यटन को नई रफ्तार देता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति का बड़ा बयान- ईरान बातचीत करना चाहता है, हमारी होगी शर्तों पर वार्ता

# पुतिन से बातचीत के बाद ट्रम्प का ऐलान-ईरान युद्ध लगभग खत्म, ईरान ने कहा- ये हम तय करेंगे

अमेरिका Vs ईरान जंग 11वां दिन

भास्कर न्यूज | वॉशिंगटन/दुबई

ईरान-अमेरिका युद्ध के 11वें दिन मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत के करीब 4 घंटे बाद संकेत दिया कि युद्ध जल्द खत्म हो सकता है। दोनों नेताओं के बीच सोमवार को करीब एक घंटे लंबी बातचीत हुई। इसमें पश्चिम एशिया में तनाव कम करने पर चर्चा हुई। पुतिन ने कहा कि रूस इस संकट को कम करने और कूटनीतिक समाधान में मदद को तैयार है।

इसके बाद ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी हमलों से ईरान की सैन्य क्षमता को भारी नुकसान हुआ है और 'कई मायनों में हमने युद्ध जीत लिया है।' हालांकि उन्होंने यह भी कहा 'युद्ध लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन हमें अभी अंतिम जीत हासिल करनी है।' ट्रम्प के मुताबिक हालात ऐसे हैं कि संघर्ष 'बहुत जल्द खत्म हो सकता है', लेकिन जरूरत पड़ी तो सैन्य अभियान जारी रहेगा।

### ईरान की सेना रिवोल्यूशनरी गार्ड की धमकी- हमले बंद नहीं हुए तो ऐसा जवाब देंगे कि दुश्मन वर्षों तक याद रखेंगे



- ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी ने ईरानी सरकारी मीडिया से कहा, 'युद्ध कब समाप्त होगा, यह ईरान ही तय करेगा।' उन्होंने कहा कि अगर हमलों को नहीं रोका गया तो ईरान ऐसा जवाब देगा जिसे विरोधी कई वर्षों तक याद रखेंगे।



- ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने कहा- 'हम युद्धविराम नहीं चाहते। हम मानते हैं कि हमलावर को मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए ताकि वह दोबारा हमारे प्यारे ईरान पर हमला करने के बारे में कभी न सोचे।'



- ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि अमेरिका के साथ बातचीत का विकल्प फिर से खुला होगा। युद्ध से पहले चल रही अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता लड़ाई शुरू होने के बाद रुक गई। अमेरिकियों के साथ बातचीत का हमारा अनुभव बहुत कड़वा रहा है।

### खाड़ी देशों पर फिर हमले, ईरान ने कहा- जारी रखेंगे

ईरान ने मंगलवार को खाड़ी क्षेत्र और इजराइल की ओर मिसाइल व ड्रोन हमलों का नया दौर शुरू किया। दुबई में मिसाइल अलर्ट बजा, बहरीन की राजधानी में रिहायशी इमारत पर हमले में एक महिला की मौत और 8 लोग घायल हुए। सऊदी अरब ने तेल समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन मार गिराए, जबकि कुवैत ने छह ड्रोन गिराने का दावा किया। इजराइल के तेल अवीव और यरुशलम में भी मिसाइल चेतावनी सायरन बजे। विशेषज्ञों के अनुसार ईरान ऊर्जा ढांचे और होरमुज जलडमरूमध्य पर दबाव बनाकर वैश्विक तेल बाजार को प्रभावित करना चाहता है, ताकि आर्थिक दबाव के जरिए अमेरिका और इजराइल को सैन्य कार्रवाई रोकने पर मजबूर किया जा सके।

### ईरानी हमलों के बीच यूरोप ने अपने बेस की रक्षा के लिए तैनाती बढ़ाई

ईरान के हमले बढ़ने के बीच कई यूरोपीय देशों ने सुरक्षा के लिए केवल अमेरिका पर निर्भर रहने के बजाय अपनी अलग सैन्य तैनाती बढ़ा दी है। उन्हें आशंका है कि बड़े युद्ध की स्थिति में नाटो की सामूहिक प्रतिक्रिया धीमी पड़ सकती है, इसलिए कई देश सीधे सैन्य कदम उठा रहे हैं।

- **फ्रांस**: राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने परमाणु शक्ति से चलने वाला विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल, उसके साथ युद्धपोत, रफाल लड़ाकू विमान और एयर-डिफेंस सिस्टम पूर्वी भूमध्यसागर में भेजे हैं, ताकि क्षेत्र में फ्रांसीसी ठिकानों और सहयोगी देशों की सुरक्षा हो सके।
- **ब्रिटेन**: ब्रिटेन ने साइप्रस क्षेत्र की सुरक्षा के लिए रॉयल नेवी का डेस्ट्रॉयर एचएमएस ड्रेगन, निगरानी हेलीकॉप्टर और ड्रोन-रोधी सिस्टम तैनात किए हैं।
- **ग्रीस**: ग्रीस ने पूर्वी भूमध्यसागर में F-16 लड़ाकू विमान और नौसैनिक जहाज भेजे हैं, ताकि यूरोपीय ठिकानों और साइप्रस की रक्षा की जा सके।
- **इटली**: इटली ने भी युद्धपोत और नौसैनिक बल क्षेत्र में भेजे हैं, जो साइप्रस और भूमध्यसागर में सुरक्षा मिशन में शामिल हैं।

सेव अमेरिका बिल • वोट देने के लिए पासपोर्ट, जन्मप्रमाण पत्र दिखाना होगा

# अब अमेरिका में ट्रम्प का 'एसआईआर' 2 करोड़ वोटरों के नाम कटने का डर

### ट्रम्प की धमकी- ये बिल पास होने तक अन्य बिलों पर भी साइन नहीं

भास्कर न्यूज | मियामी/वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वोटिंग नियम कड़े करने वाले 'सेव अमेरिका एक्ट' को लेकर कांग्रेस को कड़ी चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा है कि जब तक यह बिल पारित नहीं होगा, वे किसी भी अन्य बिल पर साइन नहीं करेंगे। यह बिल 2023 में कांग्रेस में पेश हुआ था और 2026 में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से पारित हो चुका है, लेकिन सीनेट में 60 वोट की शर्त के कारण अटका है। नए कानून के तहत मतदाता पंजीकरण और वोट डालने के समय नागरिकता साबित करने के लिए पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र या अन्य आधिकारिक दस्तावेज दिखाना अनिवार्य होगा।

विपक्षी दल और ब्रेनन सेंटर फॉर जस्टिस का कहना है कि अमेरिका के 2.13 करोड़ पात्र नागरिक (11%) ऐसे हैं जिनके पास नागरिकता साबित करने वाले जरूरी दस्तावेज तुरंत उपलब्ध नहीं हैं। इसी वजह से मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम कटने का खतरा है।

यह मुद्दा इसलिए अहम है क्योंकि अगले 8 महीनों में अमेरिकी मध्यावधि चुनाव होने हैं, जिनमें हाउस की सभी 435 सीटों और सीनेट की 33 सीटों पर मतदान होना है। अमेरिका में 50 लाख भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जिनमें 25 लाख पात्र मतदाता हैं। इनमें बड़ी संख्या नेचुरलाइज्ड नागरिकों की है, जिनके पास पुराने दस्तावेज हमेशा उपलब्ध नहीं है

भास्कर नॉलेज

### अमेरिका में 52% लोगों के पास पासपोर्ट नहीं तो 20% महिलाओं के नाम मिस मैच

सेव अमेरिका बिल के इन प्रस्तावों को लेकर विपक्ष को आपत्तियां

**1. वोट देने के लिए पासपोर्ट, बर्थ सर्टिफिकेट अनिवार्य**
**आपत्ति**: ब्रेनन सेंटर के अनुसार अमेरिका के 2.13 करोड़ पात्र नागरिक (11%) के पास नागरिकता साबित करने वाले दस्तावेज तुरंत उपलब्ध नहीं हैं। वहीं करीब 52% अमेरिकियों के पास पासपोर्ट नहीं है, इसलिए कई योग्य मतदाता पंजीकरण से बाहर हो सकते हैं।

**2. वोट डालने के लिए सरकारी फोटो आईडी अनिवार्य**
**आपत्ति**: शोध बताते हैं कि अश्वेत मतदाताओं में वैध फोटो आईडी न होने की संभावना श्वेतों की तुलना में लगभग 3 गुना अधिक है। इससे मतदान में नस्ली असमानता बढ़ने का खतरा बताया जा रहा है।

**3. मेल-इन बैलेट (डाक मतदान) पर कड़ा प्रतिबंध**
**आपत्ति**: 2020 के अमेरिकी चुनाव में करीब 46% वोट मेल-इन बैलेट से पड़े थे। इसे सीमित करने से बुजुर्गों, दूर रहने वाले और कामकाजी मतदाताओं के लिए वोट देना कठिन हो सकता है।

**4. मतदाता सूची का गृह मंत्रालय के डेटाबेस से मिलान**
**आपत्ति**: विशेषज्ञों का दावा- सरकारी डेटाबेस पूरी तरह सटीक नहीं। पिछले अभियानों में 5% वैध मतदाताओं के नाम गलती से हटे थे।

**5. दस्तावेज गलत होने पर चुनाव अधिकारियों पर मुकदमा**
**आपत्ति**: अमेरिका में वोटर फ्रॉड के मामले 0.0001% से भी कम पाए गए हैं। अधिकार समूहों का कहना है कि मुकदमे के डर से अधिकारी नए पंजीकरण करने से बच सकते हैं।

**6. शादी के बाद नाम बदलने वालों के दस्तावेज अलग**
**आपत्ति**: सेंटर फॉर अमेरिकन प्रोग्रेस के अनुसार अमेरिका में 6.9 करोड़ महिलाएं (20% महिला मतदाता) शादी के बाद उपनाम बदली हैं। दस्तावेज पुराने नाम से होने से सत्यापन में दिक्कत।

## न्यूज विंडो

### वांगचुक के भाषण देखेगा सुप्रीम कोर्ट, हिरासत के मुद्दे पर फैसला 17 मार्च को

**नई दिल्ली** | सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की एनएसए के तहत हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वह इस सप्ताह उनके भाषणों के वीडियो देखेगा। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने कहा कि वीडियो देखने के बाद 17 मार्च को आदेश सुरक्षित रखा जाएगा। वांगचुक की पत्नी ने हिरासत को अवैध बताया है।

### कनाडाः ओपनएआई पर परिवार ने केस किया, हमलावर की मदद का आरोप

**वैंकूवर** | कनाडा में स्कूल शूटिंग के बाद घायल छात्रा के परिवार ने चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई पर मुकदमा किया है। आरोप है कि कंपनी को हमलावर की हिंसक योजना की जानकारी थी, फिर भी उसने समय पर पुलिस को चेतावनी नहीं दी और प्लेटफॉर्म के दुरुपयोग को नहीं रोका। 10 फरवरी को एक हमलावर ने स्कूल में गोलीबारी कर 8 लोगों की हत्या कर दी थी।

### नेपाल-भारत रिश्तों को मजबूत करेगी हमारी पार्टीः आरएसपी चीफ लामिछाने

**काठमांडू** | नेपाल की राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रबी लामिछाने ने कहा कि उनकी पार्टी भारत के साथ रिश्तों को 'डेवलपमेंट डिप्लोमेसी' के जरिए मजबूत करेगी। उन्होंने चुनावी जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में आरएसपी ने प्रत्यक्ष मतदान में 125 सीटें जीती हैं। आनुपातिक मतदान में उसे करीब 48 और सीटें मिल सकती हैं। कुल संख्या 164 तक पहुंच सकती है।

### ब्लैक बॉक्स का डेटा का खुलासा नहीं तो पायलटों की गलती कैसेः रोहित पवार

**पुणे** | महाराष्ट्र विधायक रोहित पवार ने पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के विमान हादसे को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक विमान के ब्लैक बॉक्स का डेटा सार्वजनिक नहीं हुआ है, तब तक यह कैसे कहा जा सकता है कि दुर्घटना पायलट की गलती से हुई। रोहित ने बताया कि रिपोर्टों में वीएसआर वेंचर्स के मालिक वीके सिंह के हवाले से पायलट को जिम्मेदार बताया गया है। उन्होंने पूछा कि बिना ब्लैक बॉक्स डेटा सामने आए कंपनी मालिक को यह जानकारी कैसे मिल गई।

संसद सवाल-जवाब • देश में एमबीबीएस की कुल सीटें अब 1.23 लाख हुईं

# देश में इस सत्र में 43 नए मेडिकल कॉलेज खुले, एमबीबीएस की 11,682 सीटें बढ़ीः केंद्र सरकार

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 43 नए मेडिकल कॉलेज खोले हैं। स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को राज्यसभा में लिखित जवाब में बताया कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएनसी) की जानकारी के अनुसार इसी सत्र के लिए देशभर में 11,682 एमबीबीएस सीटों और 8,967 पोस्टग्रेजुएट (पीजी) सीटों को मंजूरी दी गई है। अब देश में 1.23 लाख एमबीबीएस सीटें और 67 हजार पीजी मेडिकल सीटें है।

- **अंगों के लिए प्रतीक्षा सूची**: देश में अंग प्रत्यारोपण करने वाले 804 अस्पतालों में से 217 ने 2025 में नेशनल रजिस्ट्री पोर्टल पर डेटा अपलोड नहीं किया। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि 3 मार्च 2026 तक प्रमुख अंगों के लिए प्रतीक्षा सूची 89,839 मरीजों की है।
- **ड्रग तस्करों पर कार्रवाई**: गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि दिल्ली में 2023 से ड्रग तस्करों की 29 संपत्तियों पर बुलडोजर चलाए।
- **मोबाइल झपटमारी**: दिल्ली में 1 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2026 के बीच 9,460 मोबाइल झपटमारी की घटनाएं दर्ज हुईं। औसतन हर दो घंटे में एक घटना हुई।
- **एससी पर अत्याचार**: देश में अनुसूचित जातियों के खिलाफ 57,789 अत्याचार और अपराध के केस दर्ज हुए। सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने बताया कि 2022 में 57,582 और 2021 में 50,900 मामले थे।

### तमिलनाडुः आज 5 नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से 5 नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे। इनमें 2 अमृत भारत एक्सप्रेस, 2 एक्सप्रेस और 1 पैसेंजर ट्रेन शामिल हैं, जबकि केरल के एर्नाकुलम से एक और पैसेंजर सेवा शुरू होगी। पोडनूर-धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस कोयंबटूर के औद्योगिक क्षेत्र को झारखंड के कोयला-इस्पात क्षेत्र से जोड़ेगी। नागरकोइल-चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस कन्याकुमारी और केरल-तमिलनाडु तट को तेलंगाना से जोड़ेगी। रामेश्वरम-मंगलुरु और तिरुनेलवेली-मंगलुरु एक्सप्रेस भी शुरू होंगी। मयिलादुथुरई-तिरुवरूर-करैकुडी और पलक्कड़-पोल्लाची पैसेंजर सेवाएं भी शुरू होंगी। केरल के शोरनूर, कुट्टिप्पुरम और चंगनास्सेरी स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है।

शरीयत कानून को लेकर सुनवाई को दौरान टिप्पणी

### यूसीसी का समय आ गया, फैसला संसद को करना हैः सुप्रीम कोर्ट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है, लेकिन इस पर फैसला विधायिका को करना चाहिए। कोर्ट 1937 के मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट के उन प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिन्हें मुस्लिम महिलाओं के लिए भेदभावपूर्ण बताया गया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा- अगर शरियत का विरासत कानून रद्द कर दिया गया तो कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है, क्योंकि मुस्लिम विरासत को नियंत्रित करने वाला अलग वैधानिक कानून नहीं है।

जस्टिस बागची ने कहा कि भेदभाव का मुद्दा मजबूत है, लेकिन यूसीसी बनाना संसद का अधिकार है और न्यायपालिका को विधायी शक्ति पर भरोसा करना चाहिए। अगली सुनवाई 4 हफ्ते बाद तय की।

भास्कर खास | वाइट हाउस में अधिकारी रहते बटरफील्ड ने जासूसी कांड के 'सीक्रेट टेप' का राज खोला था

'वाटरगेट' के नायक बटरफील्ड का निधन...

# इनके विस्फोटक सच ने अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन की कुर्सी हिला दी थी; पहली बार किसी राष्ट्रपति को देना पड़ा था इस्तीफा

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**न्यूयॉर्क** | पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की सत्ता गिराने में अहम रोल निभाने वाले वाइट हाउस के पूर्व अधिकारी (डिप्टी असिस्टेंट टू द प्रेसिडेंट) अलेक्जेंडर बटरफील्ड का 99 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 1973 में अमेरिकी सीनेट के सामने गवाही देते हुए 'वाटरगेट जासूसी कांड' का खुलासा किया और बताया कि वाइट हाउस में बातचीत रिकॉर्ड करने वाला गुप्त टेप सिस्टम मौजूद है। दरअसल, 1972 में वाटरगेट कॉम्प्लेक्स में डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी में जासूसी करते 5 लोग पकड़े गए। इनके संबंध निक्सन की पार्टी से जुड़े थे। दबाव बढ़ने पर 1974 में निक्सन को इस्तीफा देना पड़ा। ऐसा करने वाले वह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने। पढ़िए अलेक्जेंडर की गवाही की वो कहानी...

### 2 साल से चल रही रिकॉर्डिंग में जासूसी छिपाने की बातें भी दर्ज

जांच में जब राष्ट्रपति के खिलाफ ठोस सबूत नहीं मिल रहे थे, तभी बटरफील्ड की गवाही ने मामला पलट दिया।



सीनेट के वकील ने पूछा कि क्या ओवल ऑफिस में रिकॉर्डिंग डिवाइस है। बटरफील्ड ने जवाब दिया, 'हां, वहां टेप मौजूद है।' उन्होंने बताया कि निक्सन के आदेश पर लगातार टेप दो साल से ओवल ऑफिस समेत अन्य जगहों पर सभी बातचीत व फोन कॉल रिकॉर्ड करता था। यह आवाज से सक्रिय होकर राष्ट्रपति, सहयोगियों, कांग्रेस नेताओं की बात सहेजकर रखता था। इसमें जासूसी छिपाने से जुड़ी बातें भी दर्ज थीं।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश से खुले टेप, महाभियोग के डर से दिया इस्तीफा

घटना के बाद अमेरिकी राजनीति में तूफान सा आ गया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जब ये टेप सार्वजनिक हुए, तो निक्सन बेनकाब हो गए। स्थिति महाभियोग तक पहुंचती उससे पहले ही डर से निक्सन ने इस्तीफा दे दिया। बटरफील्ड निक्सन के चीफ ऑफ स्टाफ के पुराने दोस्त थे। उन्होंने ही वाइट हाउस में सीक्रेट सर्विस के साथ मिलकर यह रिकॉर्डिंग सिस्टम लगवाया था। बटरफील्ड ने बाद में माना कि उन्होंने भारी मन से गवाही दी, लेकिन वे राष्ट्रपति के झूठ के साथ नहीं रह सकते थे। निक्सन के विदाई भाषण पर उन्होंने कहा था 'इंसाफ की जीत हुई है, मैं भीतर से इस बात को लेकर बेहद खुश था।'

### बतौर पायलट युद्ध में दुश्मन की मिसाइल से बचे थे बटरफील्ड

बटरफील्ड का जन्म 6 अप्रैल 1926 को फ्लोरिडा में हुआ था। वाइट हाउस जाने से पहले वह अमेरिकी एयरफोर्स में पायलट थे। वे 21 साल तक सेवाएं दे चुके थे। 1955 में वियतनाम युद्ध के दौरान उन्होंने कई खतरनाक मिशनों को अंजाम दिया। उस दौरान 98 कॉम्बैट मिशन उड़ाए। उन्हें वायु सेना का सर्वोच्च सम्मान 'डिस्टिंग्विश्ड फ्लाइंग क्रॉस' मिला था। एक बार उनका विमान लगभग दुश्मन की मिसाइल की जद में आ गया था, लेकिन उनकी सूझबूझ ने उन्हें बचा लिया था। यही नहीं राष्ट्रपति रहते निक्सन के पास तीन कुत्ते थे। जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी बटरफील्ड को दी गई थी।

जिला परिषद चुनाव • कर्फ्यू लागू, इंटरनेट बंद

### मेघालय में आदिवासी-गैरआदिवासी झड़प, पुलिस फायरिंग में 2 की मौत

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स जिले में जिला परिषद चुनाव के नामांकन को लेकर आदिवासी और गैरआदिवासी समूहों के बीच हुई हिंसक झड़प में पुलिस फायरिंग से दो लोगों की मौत हो गई। घटना मंगलवार को चिबिनांग इलाके में उस समय हुई जब गारो हिल्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही थी। पुलिस के अनुसार भीड़ को तितर-बितर करने के दौरान फायरिंग करनी पड़ी, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने पूरे जिले में कर्फ्यू लगा दिया और शांति बहाल करने के लिए सेना को बुलाया गया। मोबाइल इंटरनेट 48 घंटे के लिए बंद कर दी गई हैं।

तनाव तब बढ़ा जब सोमवार को फुलबारी के पूर्व विधायक एस्टामुर मोमिन नामांकन दाखिल करने के लिए तुरा स्थित डीसी कार्यालय पहुंचे, जहां प्रदर्शनकारियों ने उन पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारी गैरआदिवासियों के चुनाव लड़ने का विरोध कर रहे हैं। चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 16 मार्च तक चलेगी, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 17 मार्च को होगी।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 मार्च 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर. पल्सर के सिंगल सीट वेरिएंट पर ई-कॉमर्स ऑफर (N160 USD) संबंधित ई-कॉमर्स पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं। ई-कॉमर्स ऑफर पार्टनर के अनुसार भिन्न हो सकते हैं।

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: DELHI: CENTRAL DELHI: Karol Bagh** BAGGALINK BAJAJ 011-23550011/9910399106 • **NORTH DELHI: Pitampura** BAGGALINK BAJAJ 9910399107 • **Budh Vihar, Rohini** BAGGALINK BAJAJ 9910399108 • **Rithala** BAGGALINK BAJAJ 9910399115 • **Mahipalpur** BAGGALINK BAJAJ 9910399119/239 • **Najafgarh** BAGGALINK BAJAJ 9910399235 • **Raja Garden** SWADESHI BAJAJ 9210600907 • **G.T. Karnal Road** SWADESHI BAJAJ 9212110787 • **Wazirpur** SWADESHI BAJAJ 9250211944 • **Zakhira SWADESHI BAJAJ** 9250211933 • **Narela GLOBAL BAJAJ** 9311300688 • **Peeragarhi GLOBAL BAJAJ 9311300695** • **Bawana GLOBAL BAJAJ 9311300699** • **Burari GLOBAL BAJAJ** 9711998154 • **EAST DELHI** • **South Ganesh Nagar** GLOBAL BAJAJ 9319420888/9319431888. •**Jagatpuri, Krishna Nagar Metro Station** GLOBAL BAJAJ–9319421555 •**KONDLI, Main Market-Global Bajaj** -9319423555 • **Shahdara-Durgapuri Chowk** RRAG BAJAJ -7678440243 • **Bhajan Pura RRAG BAJAJ 7678440309** • **Jhilmil RRAG BAJAJ 9289303905** • **WEST DELHI: Dwarka JSB BAJAJ 8882210730** • **Uttam Nagar, Metro Pillar No. 753 JSB BAJAJ 8882212366** • **Tilak Nagar, Metro Pillar No. 533 JSB BAJAJ 7827786351; RAJAPURI - 8882212339;** • **Raja Garden** SWADESHI BAJAJ 40044444 /9210600907 • **SOUTH DELHI: Khanpur** GURU NANAK BAJAJ 9899140708, 9654561373 • **Pul Prahladpur** GURU NANAK BAJAJ 8851652946 • **Okhla -Phase-II MADHUR BAJAJ** 9289906219/8447431069 • **Adchini-Aurbindo Marg MADHUR BAJAJ** 9560208232 • **Lajpat Nagar , Near Jal vihar Circle -MADHUR BAJAJ 9319198612** • Ayanagar -MADHUR BAJAJ 9319198611 * **HARYANA: Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Faridabad:** NIT,Railway Road :- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100. • **Palwal:** VIDYA BAJAJ 9416636037, 01275-259233. • **UTTAR PRADESH UTTAR PRADESH** • **Ghaziabad:** SHIVA BAJAJ 8595167770 • **Hapur:** SHIVA BAJAJ 9760020028 • **NOIDA SEC 6: SKYLINE BAJAJ 7065000365** • **Noida SEC 63** KAY DEE BAJAJ 8750044099 • **Greater Noida SKYLINE BAJAJ** 7065000365 • **Sahibabad:** SHIVA BAJAJ 9311590335 • **Meerut:** • **Pallavpuram** BIKE ZONE BAJAJ 8527586748 **Delhi Road: VIJETA BAJAJ** 7302255106

प्रकाशक भारत भूषण एवं मुद्रक पृथ्वीश दास द्वारा मालिक मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड के लिए, 105, INS बिल्डिंग,रफी मार्ग,नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित| संपादकः अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001

# JOIN OUR PAID SERVICE - 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता, पायनियर, दैनिक ट्रिब्यून, द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा, नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधु, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### All in One English. Telegram

| | |
|---|---|
| (Starter) | 1 Month = ~~129~~ ₹69 |
| (Popular) | 6 Month = ~~449~~ ₹269 |
| (Best Value) | 1 Year = ~~699~~ ₹449 |

Special Offer

### All in One Hindi. Telegram

| | |
|---|---|
| (Starter) | 1 Month = ~~99~~ ₹59 |
| (Popular) | 6 Month = ~~399~~ ₹259 |
| (Best Value) | 1 Year = ~~599~~ ₹399 |

Special Offer

All Major Hindi & English Newspapers - 2026

## UPSC Essensial ePaper

The Hindu, BL, IE,NIE. Telegram

| | |
|---|---|
| (Starter) | 1 Month = ~~99~~ ₹49 |
| (Popular) | 6 Month = ~~399~~ ₹249 |
| (Best Value) | 1 Year = ~~599~~ ₹389 |


Special Offer

You will Get

- The Hindu
- Business Line
- Indian Express
- New Indian Express
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW